
सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 26 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 112, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## पीपीबीएल पर कार्रवाई का पेटीएम पर कोई असर नहीं

भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। } 10

## सत्ता में आये तो बंगाल में लागू करेंगे सीएए : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल की सत्ता में भाजपा के आने के बाद संशोधित नागरिकता अधिनियम को, विशेष रूप से मतुआ समुदाय के लिए, शीघ्रता से लागू किया जाएगा। } 12

# सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

## भारत की नीतिगत संरचना में महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री केवी राजू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। मैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी

अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही राजीव गौबा, के वी राजू, गोबर्धन दास, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# देश के 17 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी

## उत्तर भारत में रहेगा गर्मी का प्रकोप, 43 डिग्री तक तापमान पहुंचने की संभावना

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। देश में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने कल 26 अप्रैस से पंजाब, यूपी समेत 17 राज्यों में बारिश-आंधी की चेतावनी जारी किया है। इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी भी कहर बरपा सकती है। किसानों को विशेष रूप से सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

देश में कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच अब बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है। मौसम विभाग ने कल यानी 26 अप्रैल को यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों के लिए बारिश-आंधी का अलर्ट जारी कर दिया है। इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी। पूर्वी भारत में बिजली गिरने और वज्रपात का कहर देखने को मिल सकता है। किसानों को सावधान रहने की जरूरत है।

यूपी के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर,



बिजनौर, मोरादाबाद, बरेली, बदायूं, झांसी, संभल, रामपुर, मैनपुरी, ललितपुर, सीतापुर, हरदोई, बहराइच, कन्नौज, कुशीनगर शामिल हैं। इसके अलावा 29 अप्रैल को कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, प्रतापगढ़, आजमगढ़ और देवरिया शामिल हैं। वहीं, लखनऊ में कल 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं, पहाड़ी राज्यों में यात्रा करने वाले लोग भी मौसम अपडेट पढ़ लें नहीं को मुश्किलों में फंस सकते हैं। भारी बारिश से कई जगहों पर फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, उत्तरी हरियाणा और उसके आसपास के इलाके में ऊपरी हवा का एक चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हो रहा है। तो चलिए आपको बताते हैं देश के अन्य राज्यों में कल मौसम का हाल कैसा रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक कल यानी 26 अप्रैल से 17 राज्यों बारिश-तूफान का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। जिन राज्यों में कल यानी 26 अप्रैल को बारिश की प्रबल संभावना है उनमें हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## आईपीएल में एनगिडी को गंभीर चोट

नयी दिल्ली। दक्षिण अफीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान उनकी गर्दन को स्थिर रखने के लिए नेक ब्रेस लगाया गया।

## पीएम 29 को करेंगे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अंतिम चरण में पहुंच गई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई से देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में शामिल है। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने चार प्रमुख पैकेज में विभाजित कर तेजी से पूरा कराया है। इस परियोजना को मल्टी-पैकेज मॉडल के तहत क्रियान्वित किया गया, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सका।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भव्य बनाना जिम्मेदारी (पृष्ठ-02)
- खेलों का हब बनेगा मेजर ध्यानचंद खेल विवि (पृष्ठ-02)
- एच-1बी वीजा पर रोक संबंधी विधेयक पेश (पृष्ठ-10)
- पेटीएम पर आरबीआई की कोई असर नहीं (पृष्ठ-10)


# 4 मई के बाद टीएमसी के गुंडों को नहीं मिलेगी छिपने की जगह : योगी

## ○ ममता ने किया था सीएए का विरोध, ○ दीदी को चिंता है हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी अफ्तारी

विशेष संवाददाता

नदिया/पूर्व बर्धमान/उत्तर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की जमीन से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी? टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। पहले चरण के मतदान में सबने इसकी गुंडागर्दी देखी। लेकिन, 4 मई को जब परिणाम आएगा तो टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी।

बंगाल में डबल इंजन सरकार बनने की आहट से ये गुंडे काम-धंधे की तलाश में जुट गए हैं। कोई सोच रहा कि कहां पंचर की दुकान खोलूं तो कोई सड़कों पर झाड़ू लगाने वाला बनकर जान बचाने की चिंता कर रहा है। लेकिन, हमलावर जहां जाएंगे, हम उन्हें वहां से खोज निकालेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी, कटवा से बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण घोष तथा बागदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सोमा ठाकुर के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी में भी सीएम योगी के प्रति बंगालवासियों के लगाव में कोई कमी नहीं दिखाई दी। जनसभाओं में मौजूद हजारों की भीड़ लगातार योगी-योगी का नारा लगाती रही। सीएम ने इस स्नेह के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बंगाल अब अराजकता स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस, कम्युनिस्टों व टीएमसी ने बंगाल के माथे पर लूटपाट का जो कलंक लगाया है, अब उससे मुक्त होने का समय है। बंगाल के लोगों ने डबल इंजन सरकार लाने का फैसला किया है, जो डबल स्पीड से काम करेगी। टीएमसी के गुंडों से हिसाब-किताब बराबर करने के लिए बंगाल में डबल इंजन सरकार आवश्यक है। सीएम योगी ने पहले चरण में 152 सीटों पर रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता के मन में भाव था कि बंगाल को टेरर, माफियाराज व करप्शन से मुक्ति दिलाकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राजनीति का मजबूत स्तंभ थे हेमवती नंदन बहुगुणा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की पावन जयंती पर उन्हें नमन किया और योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौढ़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान ...शेष पृष्ठ 10 पर



# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री

## अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें व अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां सौंपी

एजेंसी

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने वाले थे। लेकिन अराघची उनसे मिले बिना ही रवाना हो गए। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी



आपत्तियां भी सौंप दी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची 24 अप्रैल को पाकिस्तान के इस्लामाबाद पहुंचे थे। यहां उनका स्वागत पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने किया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची 24 अप्रैल को पाकिस्तान के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाने के बाद दो फर्जी निदेशकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

म्यूल बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें दूसरों के नाम से खुलवाया जाता है और जिनका इस्तेमाल अवैध तरीके से अर्जित धन के लेनदेन के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि आरोपी सोनू कुमार और अमिंदर सिंह एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फर्जी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे। ऐसा पाया गया कि यह कंपनी धनशोधन के केंद्र में थी। यह मामला राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# समस्याओं का शीघ्र समाधान सुशासन की पहचान : धामी

## मुख्य सेवक सदन में जनसुनवाई, प्रदेशभर से पहुंचे लोगों से सीधा संवाद

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों, मांगों और सुझावों की जानकारी ली तथा कई प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया। जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता तथा अन्य सार्वजनिक हित से जुड़े विषयों को लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए



अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव था, उन्हें तुरंत निपटाया गया, जबकि अन्य प्रकरणों के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिसमें जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** तेजी से विकसित हो रहे हैं हमलों के नये तरीके, बचाव के साधनों को करना होगा हाईटेक

# साइबर सुरक्षा पर अत्यंत सतर्कता बरतने की जरूरत : सीतारमण

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया।

अग्रणी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के नए मंच माइथोस का नाम लिए बिना सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण साइबर हमलों को अधिक तेज बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उपकरण प्रणाली की कमजोरियों की स्वचालित ढंग से खोज कर सकते हैं और दुर्भावनापूर्ण सोर्स-कोड हस्तक्षेप जैसे तरीके अपनाकर पहचान से भी बच सकते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह में सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित



कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा। वित्त मंत्री ने सेबी से आग्रह किया कि वह वैश्विक नियामक संस्थाओं के साथ नियमित परामर्श की एक व्यवस्था को संस्थागत रूप दे, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नियमन को अन्य देशों की नकल नहीं करनी चाहिए। विदेशी पूंजी प्रवाह को लेकर बनी असहजता के बीच उन्होंने कहा कि नियामकों के बीच इस तरह का संवाद वैश्विक निवेशकों में भरोसा बढ़ा सकता है। सीतारमण ने वित्तीय प्रणाली से सभी कार्यों के लिए साझा अपने ग्राहक को जानिए व्यवस्था की ओर बढ़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी नागरिक को कई वित्तीय उत्पादों और मंचों पर एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मऊ में एसयूवी-ट्रेलर की टक्कर पांच लोगों की मौत

जिला संवाददाता

○ बेटी की शादी कराकर लौट रहा था परिवार

बड़हलगंज। यूपी के मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा-बसारथपुर के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर रात्रि लगभग 2.30 बजे मऊ की तरफ से आ रही एसयूवी डिवाइडर से टकरा कर दूसरी लेंन पर ट्रेलर से टकरा गई। जिसमें रांची से पुत्री की शादी कर गोरखपुर लौट रहे पति-पत्नी-पुत्र और दो चालक समेत पांच की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया। वहीं ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई, जबकि एसयूवी को ट्रैक्टर से खिंचावाकर सड़क किनारे कर आवागमन बहाल कराया।

गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र के रानीडीहा निवासी 53 वर्षीय विनय श्रीवास्तव पुत्र स्व. ठाकुर रमाशंकर लाल श्रीवास्तव अपनी बेटी विमन्सा की शादी के लिए झारखंड के रांची गए थे। 20 अप्रैल को विवाह संपन्न होने के बाद अन्य रिश्तेदार वहां से वापस लौट आए थे। जबकि विनय श्रीवास्तव, 58 वर्षीय पत्नी अर्चना श्रीवास्त, इकलौते बेटे 27 वर्षीय कृतार्थ श्रीवास्तव के साथ रुक गए थे। जो ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर बन रहा खेल विश्वविद्यालय, युवाओं के लिए अब खेल की दुनिया में खुलेगा कामयाबी का नया आसमान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास और युवाओं को नई दिशा देने के लिए योगी सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट तेजी से साकार हो रहा है। मेरठ के सरधना क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। यह उत्तर प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देशभर के राज्यों के खिलाड़ियों के लिए भी गेम-चेंजर साबित हो सकता है। यह विश्वविद्यालय खेल शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। फिलहाल विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य लगभग 85 प्रतिशत से ज्यादा पूरा हो चुका है।

मेरठ जिले में मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण करीब 36.9813 हेक्टेयर (लगभग 91.38 एकड़) भूमि पर किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालय लगभग 369.11 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड पर बनाया जा रहा है और इसकी नोडल एजेंसी लोक निर्माण विभाग है। पीडब्ल्यूडी द्वारा अब तक करीब 247.01 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने 31 मई तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। इसी के चलते निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और वर्तमान में भवन निर्माण के बाद अब फिनिशिंग का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। निर्धारित समयसीमा के भीतर इस परियोजना को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

मेरठ जिला राष्ट्रीय राजधानी के समीप होने के कारण प्रदेश के साथ-साथ हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड के निकट होने से अन्य प्रदेशों के खिलाड़ियों को लाभ होगा। मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय युवाओं में खेल संस्कृति विकसित करने और उन्हें खेलो के प्रति प्रेरित करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। इससे ग्रामीण भारत के युवाओं को आधुनिक खेल प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के पहले कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत के नेतृत्व में संस्थान तेजी से अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीएड) विषय संचालित हो रहा है, लेकिन आगामी सत्र से बीपीएड, एमपीएड, बीएससी योगा और डिप्लोमा जैसे नए विषय शुरू करने के लिए प्रस्तावित है। इन विषयों के संचालन के लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन से अनुमति मिलना बाकी है। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मई में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक प्रस्तावित है।

नए कोर्सों को अंतिम मंजूरी मिलने के बाद विश्वविद्यालय में लगभग 300 नए छात्रों के प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे यह साफ है कि विश्वविद्यालय आने वाले समय में बड़े पैमाने पर खेल शिक्षा का केंद्र बनने जा रहा है। यह विश्वविद्यालय एक शिक्षण एंड एफिलिएटिंग विश्वविद्यालय होगा। इस विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स सम्बंधित विषय में सैद्धान्तिक (थ्योरी) व प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) पेपर्स का विषय ज्ञान के आधार पर डिग्री दी जाएगी। पाठ्यक्रमों की बात करें तो इसमें फिजिकल एजुकेशन, हेल्थ एंड एलाइड स्पोर्ट्स साइंसेज, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी स्पोर्ट्स कोचिंग, स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मॉस मीडिया टेक्नोलॉजी, एडवेन्चर स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स जैसे विषय शामिल होंगे। इन विषयों के तहत स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और पीएचडी तक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य प्रदेश में खेल संस्कृति और उत्कृष्टता लाना है।

### खेलों का हब बनेगा मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय को आधुनिक और अत्याधुनिक खेल सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जिसमें सिंथेटिक ट्रैक, हॉकी मैदान, फुटबॉल ग्राउंड, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल और कबड्डी मैदान शामिल होंगे। साथ ही लॉन टेनिस कोर्ट, जिम्नेजियम हॉल, सिंथेटिक रनिंग स्टेडियम, स्विमिंग पूल, बहुउद्देशीय हॉल, स्पोर्ट्स साइंस लैब भी विकसित किए जाएंगे। यहां 22 ओलंपिक खेलों का संचालन होगा। इस साल से एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बैटमिंटन, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, रेसलिंग, योग, ताइक्वांडो, जूडो, स्विमिंग और कबड्डी शुरू हो जाएगा। जबकि अगले साल से शूटिंग, आर्चरी, बॉलीबाल, बास्केटबॉल, वुशु, घुड़सवारी और पानी के खेल शामिल हो जाएंगे। कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत ने कहा कि मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय खेलों के समग्र विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विश्वस्तरीय कोचिंग, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और खेल विज्ञान अनुसंधान के माध्यम से खेल शिक्षा में नए मानक स्थापित करना है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का मिशन है कि उत्तर प्रदेश को भारतीय खेलों का सबसे शक्तिशाली केंद्र बनाना है, जहां से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, वैश्विक चैंपियन और ओलंपियन तैयार किए जा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बनने से क्षेत्र का विकास होने के साथ ही रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यह सब कुलाधिपति और मुख्यमंत्री की प्रेरणा और उनकी सोच के अनुरूप यह देश का सबसे बड़ा खेल विश्वविद्यालय बनने जा रहा है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को अभूतपूर्व बनाना हमारी जिम्मेदारी

## गंगा एक्सप्रेसवे के उदघाटन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को मल्लावा, हरदोई में प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान आयोजित बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कार्यक्रम को ऐतिहासिक, भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए संगठनात्मक दृष्टि से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कार्यक्रम स्थल, आवागमन, जनसम्पर्क, जनभागीदारी और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास का प्रतीक बनने जा रहा है। पंकज चौधरी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी परियोजना है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे केवल दूरी कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह औद्योगिक निवेश, व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार सृजन का सशक्त आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह और प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और अब गंगा एक्सप्रेसवे जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स तेजी से साकार हो रहे हैं। इन परियोजनाओं ने उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार इन परियोजनाओं को जमीन पर उतारने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कानून-व्यवस्था में सुधार, बेहतर नीतियां और पारदर्शी प्रशासन ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसे अभूतपूर्व बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भूमिका को समझते हुए पूरी ऊर्जा, उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित कर इस कार्यक्रम को जन-उत्सव का रूप दें। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति का प्रतीक है और उसी के प्रयासों से ऐसे आयोजन सफल होते हैं। संगठनात्मक क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है : प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन अपने अनुशासन, समर्पण और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के लिए जाना जाता है। गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कार्यक्रम संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें हमें अपनी संगठनात्मक क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े कार्यक्रम की सफलता सूक्ष्म योजना और प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समयबद्धता के साथ करना चाहिए।

# भाजपा प्रशिक्षण से ही कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए करती है तैयार

## भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश योजना बैठक सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

- **धर्मपाल सिंह ने आगामी जिला प्रशिक्षण वर्गों की योजना अत्यंत सूक्ष्मता और गंभीरता के साथ बनाने के दिये निर्देश**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश योजना बैठक शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं प्रशिक्षण महाभियान के जोनल सहसंयोजक राजू भंडारी ने उपस्थित पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी, क्षेत्रीय प्रशिक्षण टोली, जिला संयोजक, सह संयोजक प्रशिक्षण महाभियान, जिला प्रदर्शनी प्रमुख एवं जिला आईटी एवं सोशल मीडिया का कार्य देखने वाले कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण महाभियान के प्रदेश संयोजक एमएलसी अनूप गुप्ता ने किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश में अब तक सम्पन्न हो चुके मंडल प्रशिक्षण वर्गों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्गों के संदर्भ में व्यापक योजना पर विचार-विमर्श किया गया। संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं कार्यकुशल विकास तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ही वह धुरी है, जो कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करती है।

एक सशक्त, जागरूक और वैचारिक रूप से समृद्ध कार्यकर्ता ही संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तनकारी कार्य हो रहे हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए प्रशिक्षण को केवल औपचारिकता न मानते हुए इसे एक सतत प्रक्रिया के रूप में अपनाना होगा।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा की पहचान एक कैडर आधारित, अनुशासित और वैचारिक संगठन के रूप में है। इस पहचान को मजबूत बनाए रखने में प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जिम्मेदारियों के प्रति सजग और सक्षम बनाना है।

धर्मपाल सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी जिला प्रशिक्षण वर्गों की योजना अत्यंत सूक्ष्मता और गंभीरता के साथ बनायी जाए। प्रत्येक सत्र का उद्देश्य स्पष्ट हो और उसमें सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी एकजुटता और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं में निहित होती है, इसलिए सभी दायित्वधारी समन्वय और अनुशासन के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को आत्मसात करते हुए संगठन के विस्तार और समाज सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आरपीआई

विशेष संवाददाता (vol)

- **रामदास आठवले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे मुलाकात**
- **संविधान दिवस पर लखनऊ में विशाल रैली का करेंगे आयोजन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) विधानसभा चुनाव में 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। इस पर पार्टी के अध्यक्ष व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज शाम मुलाकात कर 25 सीटों पर दावेदारी पेश करेंगे। उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ेगी अगर उनकी दावेदारी पर भाजपा ने विचार नहीं किया तो पार्टी अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

वीवीआइपी अतिथि गृह में शनिवार को रामदास आठवले ने पत्रकारवर्ता के दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में हुई बंपर वोटिंग से सिद्ध हो गया है कि इस बार एनडीए की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि, बहुजन समाज पार्टी का अब उत्तर प्रदेश में जनाधार नहीं रहा इसलिए दलित बाहुल्य मतदाताओं वाली सीटों पर हमारी पार्टी की मजबूत दावेदारी बनती है।

उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं को आरक्षण देने को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रही। साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी हमला बोलते हुए कहा कि महिलाओं का विरोध करना समाजवादियों का काम नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि दलित बाहुल्य गांवों में समाज भवन का निर्माण कराया जाए और उसके संचालन की जिम्मेदारी दलितों को ही दी जाए। उन्होंने कहा कि, उनकी पार्टी 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में विशाल रैली का आयोजन करेगी। इस रैली में पार्टी ने एक लाख कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। आरपीआई 64 जिलों में अपना संगठन खड़ा कर चुकी है। उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता भी मौजूद रहे।

# गन्ने की फसल पर अंकुर-चोटी बेधक कीट का खतरा

विशेष संवाददाता (vol)

- **फसल बचाने के लिए शोध वैज्ञानिकों ने बताया उपाय**
- **अप्रैल से जून तक किसानों को करनी होगी फसलों की खास देख-रेख**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ के निर्देश है कि किसानों का हित सर्वोपरि रखा जाय। इसी के तहत उत्तर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने गन्ना किसानों की फसल बचाने के लिए एक अहम अलर्ट जारी किया है। इस समय गन्नों की फसल पर अंकुर बेधक (अर्ली शूटर बोरर) और चोटी बेधक कीट (टाप बोरर) का खतरा मंडरा रहा है। कीटों से फसल बचाने के लिए गन्ना विभाग के शोध वैज्ञानिकों ने अलर्ट के साथ बचाव की भी जानकारी साझा की है।

उत्तर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी मीना के मुताबिक गन्ना किसानों को अप्रैल से जून तक इन कीटों से फसल को बचाना होगा। इससे फसलों को बचाकर अच्छी पैदावार संभव हो पाएगी। इसके लिए शोध वैज्ञानिकों ने जरूरी दवाओं के छिड़िकाव समेत अन्य अहम जानकारी दी है।

विभाग के मुताबिक प्रदेश की कुछ चीनी मिलों के क्षेत्र में गन्ने की फसल में अंकुर बेधक और चोटी बेधक कीट के प्रथम पीढ़ी



का प्रकोप देखा जा रहा है। यह सूंड़ी पौधों के गोंफ को खाती हुई नीचे की ओर जाती है, जिसके कारण बीच की गोंफ सूख जाती है और खींचने पर आसानी से निकल जाती है। इसके नियन्त्रण के लिए प्रभावित पौधों को सूंड़ी और प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट करना चाहिए।

### किसान इस तरीके से फसल बचायें

1. अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट से प्रभावित पत्तियों या कल्लों पर अंडे के समूह व सूंड़ी को तोड़कर नष्ट कर दें।
2. जैविक नियंत्रण के लिए ट्राइकोकार्ड 15 दिन के अंतराल पर उपयोग करें।
3. पत्ती की सतह पर स्थित अंडे के समूहों व सूंड़ी के रासायनिक नियंत्रण के लिए फिप्रोनिल 40 प्रतिशत के साथ इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्ल्यू.जी. मिक्सर 500 ग्राम या क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 8 प्रतिशत के साथ थायोमेथॉक्सम 17.5 प्रतिशत मिक्सर 600 ग्राम को 1000 लीटर पानी में मिलाकर ड्रेंचिंग करें।
4. वयस्क कीट पकड़ने के लिए 25-30 मीटर की दूरी पर फेरोमोन ट्रैप या लाइट ट्रैप लगाएं।
5. गन्ने के भीतर की सूंड़ी नियंत्रण के लिए क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एस.सी. 150 मिली को 400 लीटर पानी में घोलकर जड़ों के पास ड्रेंचिंग करें।

# सर्वोदय विद्यालयों का यूपी बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर माहौल से छात्राओं ने बढ़ाया प्रदेश का मान**
- **गाजियाबाद के निडौरी विद्यालय की छात्राओं ने जिले की मेरिट सूची में बनाई जगह**

**हाईस्कूल में 99.19% और इंटरमीडिएट में 99.03% रहा रिजल्ट**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के घोषित परीक्षा परिणामों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में नया संदेश दिया है। सर्वोदय विद्यालयों का हाईस्कूल परिणाम 99.19 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का कुल परिणाम 99.03 प्रतिशत दर्ज किया गया है। सरकारी विद्यालयों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने साबित किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर संसाधन और अनुशासित माहौल मिलने पर छात्र-छात्राएं किसी भी स्तर पर बेहतर परिणाम दे सकते हैं।

गाजियाबाद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, निडौरी की छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की है। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में छात्रा अंजली पुंडीर ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि अंशिका ने 87.40 प्रतिशत अंक पाकर जिले में छठा स्थान प्राप्त किया।

इन छात्राओं की सफलता से यह स्पष्ट है कि बेटियों को बेहतर अवसर मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोदय विद्यालयों के कुल 2457 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें से 2437 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल में प्रमुख मेधावियों में गाजीपुर के सैदपुर बालिका विद्यालय की उजाला निषाद ने 94.33 प्रतिशत, प्रयागराज के कौड़िहार की अनुष्का त्रिपाठी ने 93.16 प्रतिशत, बांदा के हरदौली के पवन कुमार ने 92.67 प्रतिशत, भदोही के रया के आदर्श कुमार ने 92.66 प्रतिशत तथा चंदौली के नौगढ़ के सुनील कुमार ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में कुल 1058 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 1046 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं कला वर्ग में 801 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 795 छात्र-छात्राएं सफल रहे। इसमें कला वर्ग में बिजनौर के धौलागढ़ की राधिका ने 86.80 प्रतिशत, कुशीनगर के सिरसिया हेतिमपुर की सुमन भारती ने 86.20 प्रतिशत, अमेठी के गौरीगंज की शालू ने 85.20 प्रतिशत, जबकि बिजनौर की कोमल और गायत्री ने 84.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं विज्ञान वर्ग में गाजियाबाद के निड़ौरी से अंजलि पुंडीर 88.20 प्रतिशत, फतेहपुर के खागा, खासमऊ से दीपक सिंह 88.00 प्रतिशत, गाजियाबाद के निड़ौरी से अंशिका 87.40 प्रतिशत, प्रयागराज के कौड़िहार से मानशू 86.20 प्रतिशत और देवरिया के मेहरौना से विकास यादव 85.60 प्रतिशत अंक हासिल किए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योगी सरकार द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती, पुस्तकें, बेहतर प्रयोगशालाएं और सुरक्षित वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन प्रयासों का सीधा असर परीक्षा परिणामों में देखने को मिल रहा है।

योगी सरकार के कार्यकाल में सरकारी विद्यालयों की छवि तेजी से बदली है। आधुनिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और छात्र हितैषी योजनाओं ने सर्वोदय विद्यालयों को नई पहचान दिलाई है। यही कारण है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी प्रदेश स्तर पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

## गो आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

# लू से सुरक्षा के लिए वाटर मिस्टिंग सिस्टम व कूलर अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

- **चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाकर हाइब्रिड नेपियर की बुआई, भूसा दान में 10 जनपद अग्रणी**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए प्रदेश के समस्त गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गर्मी से बचाव के समुचित इंतजाम तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही से पशुओं को नुकसान न पहुंचे।

दरअसल, भीषण गर्मी से बचाने के लिए गो आश्रय स्थलों पर वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है, जिससे किसी प्रकार की कमी तुरंत दूर की जा सके। योगी सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए इसके समाधान के लिए भी व्यापक रणनीति अपनाने को कहा है।

गो आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और भूसा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पशुओं के पोषण में कोई कमी न आए। इस दौरान पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खाली कराई गई भूमि पर हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई करने पर जोर दिया गया है, जिससे लंबे समय तक हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा गो आश्रय स्थलों में छायादार वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा भूसा दान करने वालों को पुण्य की एफडी प्रमाण पत्र वितरण किया गया है।

जिलाधिकारी आजमगढ़, बागपत, सहारनपुर एवं हरदोई द्वारा गो आश्रय स्थलों में वाटर मिस्टिंग सिस्टम, पंखे, कूलर और फॉगर में विशेष व्यवस्था की गई है। भूसा दान अभियान को लेकर भी प्रदेश में सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। अब तक महराजगंज, जौनपुर, बलिया, वाराणसी, एटा, सहारनपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट, गोरखपुर समेत 10 जनपद इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के सहयोग से गो-आश्रय स्थलों को पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ने अन्य जनपदों से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है।

# भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है

विशेष संवाददाता (vol)

- **एजेंसियों से दबाव डालकर लालच देकर पार्टियों को तोड़ने का लगाया आरोप**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा गिद्ध पार्टी है। दरारवादी है। हर घटना को जातीय एंगल देती है। भाजपा की सोच नकारात्मक है झूठ बोलती हैं। आजकल भाजपा को झूठ बोलने से फुर्सत नहीं है। महिला आरक्षण बिल 2023 में लोकसभा से पास हो गया है। नोटिफाई हो गया है, भाजपा उसे नही स्वीकार कर रही है। पूरी भाजपा आधी आबादी से झूठ बोलने के लिए निकल पड़ी है। प्रोपेगंडा कर रही है। भाजपा संविधान विरोधी है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है, भ्रम फैलाने में लगी है। भाजपा महिला विरोधी और किसान विरोधी है। भाजपा सरकार के पास नहरों में पानी और किसानों की समस्याएं देखने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से गरीब और किसान ही लड़ सकता है। भाजपा सत्ता दुरूपयोग कर रही है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का दुरूपयोग कर रही है। एजेंसियों से दबाव डालकर लालच देकर पार्टियों को तोड़ती है। उन्होंने कहा गाजीपुर में जिस गरीब की बेटी की जान गयी उसे भाजपा के नेता लालच का दबाव दे रहे हैं उसके घर पुलिस बैठी है। उन्होंने कहा कि सपा हमेशा लोगों के दुःख-दर्द में शामिल होती है। पीड़ितों की मदद करती है। कहीं कोई घटना हुई है या जान गई है तो पार्टी सबसे पहले आगे आकर मदद करती है। कोरोना के समय बड़े पैमाने पर मजदूरों की जान गयी। भाजपा सरकार ने किसी की मदद नहीं की। मथुरा, हाथरस में हुई घटना के पीड़ित परिवारों की सपा ने मदद की।


अखिलेश यादव ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि महिलाएं, बेटियां भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और नेता सावधान रहें। सर्वे चुनाव नहीं जिताएंगे। अभी चुनाव तक बहुत सर्वे आएंगे। सर्वे कौन करा रहा है किसी को पता नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा काम और हमारे कार्यकर्ता बूथ पर काम करके चुनाव जिताएंगे। यह चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव होने जा रहा है। हमारे पीडीए प्रभारियों ने भाजपा की चोरी पकड़ी। भाजपा को बेनकाब किया। विधानसभा चुनाव 2027 में सपा की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आलू किसान बर्बाद हो गया है।

संक्षेप

## प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में शनिवार को जनगणना प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। तहसीलदार गरिमा वर्मा व ईओ इंद्र प्रताप ने प्रगणकों को जनगणना कार्य के बाबत बिंदुवार जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह, जंगीलाल मौर्य, शिक्षक नेता प्रभाकर दुबे आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से प्रशस्त होता है मोक्ष का मार्ग



**प्रतापगढ़।** पूरे नेवाजी में चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास सत्येन्द्रमणि त्रिपाठी ने कथा प्रसंग में बताया कि कलियुग में सच्चे मन से कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है। कथा के दौरान राधेकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक अमरावती देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर छोटे लाल शुक्ल, रामआसरे शुक्ल, रविकांत पाण्डेय, उषा देवी, सुशील पाण्डेय, मनीष, आशीष, सचिन आदि ने कथा श्रवण किया।

## डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने थाना मल्हीपुर पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। साथ ही सभी थानों पर उपस्थित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों ने भी फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत विभिन्न थानों पर कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें थाना हरदत्त नगर गिरंट में 5, इकौना में 2, मल्हीपुर में 6, सिरसिया में 3, कोतवाली भिनगा में 7, सोनवा में 3, नवीन मॉडर्न श्रावस्ती में 2 तथा गिलौला में 6 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। अधिकांश शिकायतें राजस्व से संबंधित थीं, जबकि कुछ मामले पुलिस से जुड़े भी पाए गए। प्राप्त कुल प्रार्थना पत्रों में से एक प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें गठित कर कार्रवाई की जा रही है। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न थानों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आक्रोश महिला सम्मलेन आयोजित

**इटावा।** नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की उपस्थिति में महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य की अध्यक्षता में जन आक्रोश महिला सम्मलेन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सम्मलेन को मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी महिला सशक्तीकरण के लिए विधेयक लाए थे। हालांकि विपक्ष ने महिला विरोधी मानसिकता के चलते इसे रोकने का काम किया। महिलाएं एकजुट होकर विपक्ष को अपनी ताकत का एहसास कराएं। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा कि विधेयक को गिराने के वक्त संसद में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद डिम्पल यादव भी बैठी थीं। विपक्ष की महिला सांसदों ने टेबल थपथपा कर खुशी जाहिर की थी, जबकि उन्हें दुखी होना चाहिए था। जि

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में डीएम ने दिये निर्देश



**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के कार्यों डीएम ने खराब रैंकिंग वाले विभागों को कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मार्च 2026 में जनपद श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंक 26 रही। कुल 85 कार्यक्रमों में से 70 में ए श्रेणी, 2 में बी, 6 में सी, 3 में डी तथा 4 में एनए श्रेणी प्राप्त हुई। अतिरिक्त ऊर्जा, कृषि, उद्यान, ग्रामीण अभियंत्रण, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण, सिंचाई सहित कई विभागों ने ए ग्रेड हासिल किया।

वहीं ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, पर्यटन, समाज कल्याण, एमएसएमई एवं लोक शिकायत (निर्माण) विभागों को बी, सी एवं डी श्रेणी में स्थान मिला। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में जनपद प्रदेश के अंतिम पाँच जिलों में शामिल रहा, जबकि नई सड़कों के निर्माण एवं अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में शीर्ष पाँच में स्थान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की प्रगति में सुधार लाते हुए शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करें और लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति करें। इसके साथ ही सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए पूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र हैंडओवर करने तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ शाहिद अहमद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव सहित सभी बीडीओ, विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता उपस्थित रहे।

## पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

- कांग्रेस ने जिला प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, प्रशासन की लापरवाही

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में पेट्रोल-डीजल संकट गहराने पर कांग्रेस ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि ईंधन की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जबकि अधिकारी स्थिति को सामान्य बता रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन उपलब्ध नहीं है। जहां पेट्रोल-डीजल मिल रहा है, वहां सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं। लोगों को घंटों इंतजार के बाद केवल 2-3 लीटर पेट्रोल और 10-15 लीटर डीजल ही मिल पा रहा है। इस स्थिति से आम लोगों की दैनिक जरूरतें, व्यापार और परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। काजी सुहेल अहमद ने बताया कि शादी-विवाह के सीजन के कारण ईंधन की मांग अधिक है, लेकिन आपूर्ति बाधित होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, जहां लोगों को ईंधन के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ है।



अधिकारियों के दावे और वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर है। काजी सुहेल अहमद के अनुसार, प्रशासन की लापरवाही और कमजोर निगरानी के कारण ईंधन आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। काजी सुहेल अहमद ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य नहीं की गई और पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## अग्निकांड में गृहस्थी खाक



**प्रतापगढ़।** अचानक अग्निकांड में दो परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सिलौधी गांव में शुक्रवार को अचानक गांव के अनिल कुमार दुबे तथा कृष्ण कुमार दुबे पुत्रगण शंभूनाथ के छप्परनुमा मकान में आग लग गयी। आगजनी के समय दोनों भाई घर पर मौजूद नही थे। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास करने के साथ फायर बिग्रेड को सूचना भेजवायी। सूचना पर फायर बिग्रेड आननफानन में पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ितो के मुताबिक आगजनी में दोनों परिवारों के घर में पंखे, कुर्सी, बर्तन व राशन जलकर राख हो गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल से नुकसान का आकलन मंगवाया गया है।

## कार्यकर्ताओं से आज मुलाकात करेंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी साढ़े तीन बजे मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगे। वहीं वह दिन में साढ़े ग्यारह बजे नसीरपुर, राजापुर, खानीपुर, रेहुआ लालगंज, सांगीपुर में भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## कार पलटने से 3 युवकों की मौत, 4 घायल

**सोनभद्र।** जिले के राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर ग्राम लोढ़ी के पास एक कार के पलटने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत चार लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि कन्हौरा गांव से एक बारात रायपुर थाना क्षेत्र के पौनी गांव गई थी। शनिवार भोर में आठ लोग जायलो कार में सवार होकर बारात से लौट रहे थे। लोढ़ी गांव के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में नितीश यादव (25), जितेंद्र साहनी (22) और दिलीप पासवान (22) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चालक छोटेलाल (28) को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अस्पताल से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार दुष्कर्म के एक आरोपी को प्रतापगढ़ जिले की मानिकपुर पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है और उसके पास से एक अवैध तमंचा तथा कारतूस बरामद किए गए हैं। पश्चिमी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय ने बताया कि कोतवाली कुंडा थाना क्षेत्र के रहवई गांव निवासी जलालुद्दीन ने गत रविवार-सोमवार की रात मानिकपुर क्षेत्र के एक गांव में अपने परिचित के घर दो वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।

# भक्ति रस में सराबोर हुए श्रोता

- कथा का द्वितीय दिवस रहा अलौकिक




**पटखौली (श्रावस्ती)।** ग्राम पटखौली में मुन्ना सिंह के पावन आयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धामय, दिव्य एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां भक्ति, आस्था और अध्यात्म का अद्वितीय समन्वय सजीव रूप में परिलक्षित हुआ। सम्पूर्ण परिसर हरिनाम संकीर्तन एवं भक्ति-संगीत की मधुर ध्वनियों से गुंजायमान रहा।

कथा वाचिका विदुषी दिव्या रामायणी ने अपने ओजस्वी, भावप्रवण एवं हृदयस्पर्शी प्रवचनों के माध्यम से श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस में सृष्टि की उत्पत्ति, भगवान के विराट स्वरूप तथा भक्ति मार्ग की महिमा का अत्यंत प्रभावशाली निरूपण किया। उनके मुखारविंद से प्रस्फुटित प्रत्येक वाणी ने श्रोताओं के अंतर्मन को स्पंदित कर दिया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक आलोक से उद्भासित हो उठा। श्रोतागण भावविभोर होकर कथा रस का पान करते रहे। इस अवसर पर कथा व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सदाचार, परोपकार एवं मोक्ष प्राप्ति का दिव्य साधन है। उन्होंने जीवन में सत्यनिष्ठा, करुणा, दया और धर्मपालन के महत्व को रेखांकित करते हुए मानव जीवन की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उनके प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित जनसमुदाय को आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान भजन-कीर्तन की सुरम्य लहरियों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुजन मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण में लीन रहे तथा ह्यहरि नामह्न के संकीर्तन में तल्लीन होकर भक्ति भाव में डूबते चले गए। आयोजन स्थल पर की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं एवं सेवाभाव भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिससे श्रद्धालुओं को अत्यंत सहजता का अनुभव हुआ। कार्यक्रम का समापन भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दिव्य आयोजन ने समूचे ग्राम में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए धर्म, भक्ति एवं संस्कारों की पुनर्स्थापना का सशक्त संदेश प्रसारित किया। कथा में मुख्य रूप से राजेश पाण्डेय (जिला महामंत्री), लवकुश पाण्डेय सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं भक्तगण ससम्मान उपस्थित रहे।

## हवलदार प्रेमचंद्र पांडेय को दी गयी अंतिम विदाई



**प्रतापगढ़।** पहलगाम में सीआरपीएफ में तैनात हवलदार रहे प्रेमचन्द्र पाण्डेय का शनिवार को गमजदा माहौल में अन्तिम संस्कार हुआ। शुक्रवार की रात करीब दो बजे सेना के वाहन से बलिदानी प्रेमचन्द्र का शव पैतृक गांव चमरूपुर शुक्लान पहुंचा। तिरंगे में बलिदानी का शव देख परिजन बिलख पड़े। बलिदानी को अंतिम विदाई देने के लिए प्रयागराज तथा लखनऊ के केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान भी पहुंचे। नेतृत्वकर्ता कमलेश कुमार सिंह व सर्वजीत सिंह ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। वहीं पुलिस की टुकड़ी ने बलिदानी को सशस्त्र विदाई गॉड ऑफ ऑनर पेश किया। दिवंगत प्रेमचंद्र के अंतिम दर्शन को लेकर गांव तथा आसपास से भी भारी भीड़ जुटी दिखी। पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए घर से श्रृंगवेरपुर घाट के लिए ले जाते समय ग्रामीणों ने भारत माता का जयघोष लगाया। बलिदानी के सम्मान में बाजार में चौराहे पर प्रतिष्ठान भी बंद दिखे। बड़े भाई महेश पाण्डेय ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर घाट पर दिवंगत प्रेमचन्द्र पाण्डेय को मुखाग्नि दी। क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल ने भी जवान के असमय निधन पर संवेदना प्रकट की है।

## होमगार्ड्स परीक्षा में 7008 अभ्यर्थियों में 5121 रहे उपस्थित



**रायबरेली।** एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने जनपद में 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जा रही होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आज की आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2549 अभ्यर्थी उपस्थित व 955 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3504 अभ्यर्थियों में से 2572 अभ्यर्थी उपस्थित व 932 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7008 अभ्यर्थियों में से 5121 अभ्यर्थी उपस्थित व 1887 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को जनपद में आयोजित की जा रही होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु श्री के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवानन्दपुर, चंद्रपाल इंटर कॉलेज सोरा गंगागंज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पहले दिन विभिन्न पदों पर नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकन, चुनावी गहमागहमी तेज




**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के पहले दिन शनिवार को विभिन्न पदों पर नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तहसील परिसर में समर्थकों के साथ प्रत्याशियों को गाजे बाजे के बीच साथी अधिवक्ताओं से सम्पर्क करते हुए लाइब्रेरी हाल पहुंचते देखा गया। अधिवक्ताओं के चुनाव मे नामांकन प्रक्रिया को लेकर स्थानीय पुलिस को भी परिसर में तैनात देखा गया। यहां प्रत्याशियो ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष समर्थकों व प्रस्तावकों के साथ अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि नामांकन करने वालो में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अबरार अहमद खान व जयकरन सिंह तथा महामंत्री पद पर लाल स्नेहांश प्रताप सिंह अंकित, कोषाध्यक्ष पद पर अतुल सिंह, प्रचार मंत्री पद पर अमन द्विवेदी एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए चंद्रप्रकाश, वकील अहमद, राजकुमार मिश्र व प्रशांत कुमार पटेल ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये हैं। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में चुनाव समिति के शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुर्वेदी व संतोष पाण्डेय को मशक्कत करते देखा गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान परिसर से लेकर चुनाव समिति के कार्यालय तक चुनावी गहमागहमी तेज दिखी। एहतियातन कोतवाली के एसएसआई अरूण सिंह भी फोर्स के साथ नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुस्तैद दिखे। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अगले सप्ताह सत्ताइस एवं अट्ठाइस अप्रैल को भी प्रत्याशियों का नामांकन जारी रहेगा।

## जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न तहसीलदार रहे मौजूद

**सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील क्षेत्र के महमाया पॉलिटेक्निक कॉलेज में जनगणना कर्मियों के पहले चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मियों को जनगणना से जुड़ी प्रक्रियाओं, नियमों और तकनीकी पहलुओं की गहन जानकारी प्रदान करना था, ताकि आगामी कार्य को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव ने कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक जानकारी का सटीक होना आवश्यक है। श्रीवास्तव ने घरों की गणना, परिवारों के वर्गीकरण और ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षक शमशेर यादव, नागेंद्र यादव और के.के. गुप्ता ने तकनीकी पहलुओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कर्मियों को मोबाइल के उपयोग में सावधानी बरतने और डिजिटल माध्यम से डाटा संग्रहण के दौरान त्रुटियों से बचने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की सटीक भौगोलिक स्थिति दर्ज करने के लिए नजरी नक्शा (मैप) तैयार करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई।

प्रशिक्षकों ने ₹सेंसस हाउस₹ की अवधारणा को भी स्पष्ट किया, जिसमें हर घर को चिन्हित कर उसकी सही गणना सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने प्रत्येक कर्मी को पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ अपने कार्य को अंजाम देने की जिम्मेदारी याद दिलाई। प्रशिक्षण के अंत में, प्रतिभागियों के सवालों का समाधान किया गया, जिससे उनकी शंकाएं दूर हो सकें। कार्यक्रम में मौजूद सभी कर्मियों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और आगामी जनगणना कार्य के लिए आत्मविश्वास व्यक्त किया।

# सीताद्वार सरोवर तट पर हुआ सांस्कृतिक आयोजन



सीताद्वार (श्रावस्ती)। पावन जानकी नवमी के शुभ अवसर पर सीताद्वार झील तट स्थित मंदिर परिसर में तीन दिवसीय जानकी जयंती समारोह एवं राष्ट्रीय रामायण मेला अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन का संयोजन सनातन धर्म परिषद एवं सीता भू समाहित धाम ट्रस्ट, सीताद्वार द्वारा डॉ. स्वामी भगवताचार्य जी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें विविध धार्मिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुमधुर श्रृंखला प्रस्तुत की गई। समारोह के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बलरामपुर श्याम मनोहर तिवारी से सीताद्वार को रामायण सर्किट एवं राम वन गमन पथ में सम्मिलित किए जाने, झील के शुद्धिकरण, सौंदर्यीकरण तथा परिक्रमा मार्ग निर्माण की प्रबल मांग रखी। कार्यक्रम में जानकी मंगल का सामूहिक पाठ, भक्तिमय स्तुति एवं आरती, कन्याभोज तथा सीतारसोई में प्रसाद वितरण जैसे पुण्य कार्य सम्पन्न हुए। सायंकाल आयोजित कवि सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी ने आयोजन को साहित्यिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जहां विद्वान कवियों एवं वक्ताओं ने माता सीता के तप, त्याग और आदर्श जीवन पर मार्मिक उद्बोधन प्रस्तुत किए।

कवि शिवकुमार सिंह रैकवार, गुलाब चन्द्र जायसवाल, अशोक पाण्डेय ह्यगुलशनह्न, ऋचा मिश्रा ह्यरोलीह्न, ज्ञान प्रकाश ह्यआकुलह्न, मनोज मिश्र ह्यकप्तानह्न, दिनेश त्रिपाठी ह्यशम्सह्न सहित अनेक साहित्यकारों ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम में माता सीता के जीवन प्रसंगों, लव-कुश जन्म, अश्वमेध यज्ञ के प्रसंग एवं अंततः भू-समाधि तक की गाथा का भावपूर्ण चित्रण किया। विशेष रूप से मनोज मिश्र ह्यकप्तानह्न एवं दिनेश त्रिपाठी ह्यशम्सह्न द्वारा श्रावस्ती गाथा को कुलगीत के रूप में सामूहिक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अंत में भक्त रामचंद्र दास जी के संरक्षण में सीतारसोई में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**TENDER FOR ENGAGEMENT OF TEMPORARY CONTRACTUAL CIVIL EMPLOYEES AT SURYA SAINIK INSTITUTE, LUCKNOW**

1. Tenders are invited from reputed agencies for providing of temporary contractual civil employees for the following posts at Surya Sainik Institute, Lucknow Cantt. Desirous agencies can drop their quotations in a sealed envelope in the tender box placed at SSI by 25 Apr 2026 at 1200 hrs. The tender box will be opened by BOO on 30 Apr 2026 at 1300 hrs:-

| Ser No | Name of Post | Nos of Posts | Age limits | Education Qualification | Monthly Emolument |
|---|---|---|---|---|---|
| **Tender No 1** | | | | | |
| 1.1 | Account Clerk | 01 | 18-50 Yrs | Bilingual, Minimum education 10+2, knowledge of accounts and Computer applications (Basics, Courses in office, automation MS word, Excel, Power Point and access) | ₹ 22,000/- |
| 1.2 | Gardner | 01 | 18-30 Yrs | Should possess relevant working skill | ₹ 12,000/- |
| 1.3 | MTS | 07 | 18-30 Yrs | Should possess relevant working skill | ₹ 12,000/- (each) |
| 1.4 | Housekeeping | 02 | 18-30 Yrs | Should possess relevant working skill | ₹ 12,000/- (each) |
| **Tender No 2** | | | | | |
| 1.5 | Guards Security | 04 | 18-30 Yrs | Should possess relevant working skill | ₹ 10,000/- (each) |

2. **All applicants are hereby advised to submit separate tenders for provision of security guards, failing which the entire tender application be rejected.**
3. Preference will be given to ex-servicemen.
4. The management committee reserve the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reason thereof.

संक्षेप

## झाड़ियों में मिला महिला का शव

**उदी, इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र उदी-वाह मार्ग स्थित शाकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल के समीप सड़क किनारे झाड़ियों से मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान रीना पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम उदी एवं हाल निवास उदी मोड़ हनुमान मंदिर के पीछे थानां बढ़पुरा के रूप में हुई है। मॉर्निंग वॉक के दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने का अंदेशा व्यक्त किया गया है। मृतिका के पति शिवराम के अनुसार पत्नी रीना रोजाना की तरह शनिवार की सुबह करीब 4.30 बजे टहलने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन आज काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटीं तो मेरे द्वारा अन्य स्वजनों के साथ उनकी उपरोक्त उदी-वाह मार्ग पर तलाश की गई तो उनका पता नहीं चला। इसी दौरान घटना स्थल से कुछ दूरी पर निवास करने बाले लोगों ने बताया कि तड़के किसी वाहन के टकराने की आवाज तो सुनाई दी थी लेकिन कुछ देखने को नहीं मिला। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए जब वहां जाकर तलाश की गई तो सड़क किनारे झाड़ियों में उनका शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर थानां की उदी पुलिस चैकी इंचार्ज राजकुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

**इटावा।** भरथना विकास खंड में शुक्रवार को राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास गंगापुरा का निरीक्षण किया गया। इसी दौरान ग्राम चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रमायन महमूदपुर में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ भी हुआ। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हालांकि कुछ कमियां भी सामने आईं जिन्हें तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मोढ़ी स्थित छात्रावास में बिस्तर, पंखे, अलमारी, बिजली, पेयजल व शौचालय की स्थिति संतोषजनक मिली। हालांकि फर्नीचर की मरम्मत व साफ सफाई में कुछ कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अजय गौतम ने सभी कमियों को जल्द पूरा करने व उनकी फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। यह भी स्पष्ट किया कि संतोषजनक रिपोर्ट मिलने के बाद ही अधीक्षक का वेतन जारी किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल, आवश्यक सामग्री व स्वच्छ व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर के मोहल्ला लुधपुरा निवासी 28 वर्षीय शुभम की शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से नगर क्षेत्र के साथ पैतृक गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। शुभम पुत्र राकेश कुमार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ट्रेन मेमो पैसेंजर से आगरा के लिए रवाना हुआ था। परिजनों के मुताबिक वह रविवार को होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होने के साथ ही अपनी चचेरी बहन के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए मक्खनपुर जा रहा था। शुभम मूल रूप से ग्राम महुआ थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद का निवासी था और पिछले करीब दो दशकों से अपनी मां प्रेमलता व भाई दीपक के साथ ननिहाल लुधपुरा, जसवंतनगर में रह रहा था। उसके पिता राकेश कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत बताए जाते हैं और लंबे समय से परिवार से अलग रह रहे हैं। मां प्रेमलता ने मायके पक्ष के सहयोग से अपने चार बच्चोंकृनीरज, रागिनी, कामिनी और शुभम कृका पालन-पोषण किया। बताया गया कि शुक्रवार को मक्खनपुर में चाचा विजेंद्र सिंह की बेटी का तिलक समारोह आयोजित था, जिसमें शामिल होने के लिए शुभम ट्रेन से जा रहा था।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम अब्दुल्लाह पुत्र अब्दुल खालिक सिद्दीकी से बदल कर अब्दुल्लाह अब्दुल खालिक सिद्दीकी (ABDULLAH ABDUL KHALIQ SIDDIQUI) पुत्र अब्दुल खालिक सिद्दीकी रख लिया है। अतः अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। अब्दुल्लाह अब्दुल खालिक सिद्दीकी पुत्र अब्दुल खालिक सिद्दीकी निवासी ग्राम रमवापुर, पोस्ट भटपुरवा कलांए थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती।


# गोलघर के व्यापारियों को बड़ी राहत

## पार्किंग, अतिक्रमण व निर्माण कार्यों पर नगर निगम के ठोस आश्वासन




**गोरखपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र गोलघर में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर गोलघर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन के बीच हुई बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। व्यापारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने सुविधाओं में सुधार और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के लिए ठोस आश्वासन दिए हैं। बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा पार्किंग व्यवस्था का रहा। नगर निगम ने दुकानदारों और उनके कर्मचारियों के लिए रियायती दर पर मासिक पार्किंग पास जारी करने की बात कही। इस व्यवस्था में खासतौर पर दोपहिया वाहनों को प्राथमिकता देते हुए विशेष छूट देने का प्रावधान किया जाएगा, जिससे छोटे व्यापारियों और कर्मचारियों को राहत मिल सके।

निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए भी अहम फैसला लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य समाप्त होने के बाद सड़कों पर व्हाइट लाइन दोबारा बनाई जाएगी। साथ ही पार्किंग के लिए केवल एक कार को तिरछा खड़ा करने की सीमित चौड़ाई तय की जाएगी, ताकि सड़क पर अतिक्रमण न हो और यातायात सुचारु बना रहे। इस नियम का सख्ती से पालन कराने के लिए क्रेन के जरिए अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। वेंडिंग जोन में अनधिकृत रूप से लगाए जा रहे ठेले-खोमचे को लेकर व्यापारियों की शिकायतों पर नगर निगम ने नियमित प्रवर्तन कार्रवाई का भरोसा दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि केवल निर्धारित वेंडिंग जोन में ही ठेले लगाने की अनुमति होगी और इसके बाहर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पार्किंग व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर दिशा सूचक संकेत बोर्ड लगाए जाएंगे, जिससे बाहर से आने वाले ग्राहकों को पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में सुविधा होगी और अनावश्यक भीड़भाड़ कम होगी। व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को पार्किंग शुल्क के टोकन निःशुल्क उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिस पर नगर निगम ने सहमति जता दी। इससे ग्राहकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी और बाजार में खरीदारी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, शहर में चल रहे सीएम ग्रिड निर्माण कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन भी दिया गया, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को हो रही दिक्कतों से राहत मिल सके। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अमित कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने समन्वय के साथ समस्याओं के समाधान पर जोर दिया और भविष्य में भी इस तरह की बैठकों के जरिए संवाद बनाए रखने पर सहमति जताई।

## एमआरएफ सेंटर से लाखों की मशीनें चोरी

**हिलौली, उन्नाव।** नगर पंचायत मौरावां स्थित एमआरएफ सेंटर से बीते चार दिनों के भीतर लगभग 4 लाख रुपये मूल्य की मशीनें चोरी हो गई हैं। इस घटना के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ ने मौरावां पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, चोरों ने एमआरएफ सेंटर में लगी मशीनों को निशाना बनाया है। दो दिन पहले भी सेंटर से दो मशीनें चुराई गई थीं। इसके बाद गुरुवार-शुक्रवार की रात को फिर से चार मशीनें चोरी हो गईं, जिससे कुल छह मशीनें गायब हो चुकी हैं। अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ ने मौरावां एसएचओ को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यदि एसएचओ समय रहते सतर्क होते, तो दूसरी बार चोरी नहीं होती। पिछली चोरी पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। कुँवर विवेक सेठ ने यह भी आरोप लगाया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा पुलिस समय पर कार्रवाई करने में विफल रही है, जिसके कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच कराकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच जारी है।

## सीएमएस ने एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया



**इटावा।** जिला अस्पताल सीएमएस डा. पारितोष शुक्ला ने एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया वह शिशुओं व बच्चियों से मिले और उन्हें उपहार दिए उपहार पाकर परिजन व बच्चे खुश हुए। एनआरसी वार्ड निरीक्षण के दौरान मैट्रन राजकुमारी, वार्ड इंचार्ज उमा व न्यूट्रीशन पल्लवी पटेल व मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। सीएमएस डा. पारितोष शुक्ला रोज सुबह जिला अस्पताल आकर वार्डों का निरीक्षण करते है जहां जो उन्हें कमी दिखती है उसको सही करने का आदेश अधीनस्थों को देते है जब से सीएमएस डा. पारितोष शुक्ला आए है ज्यादातर अस्पताल की व्यवस्था कैसे और अच्छी हो उसके प्रयास में लगे रहते है। उनके लगातार अस्पताल में राउंड लेने से अस्पताल स्टाफ चैकन्ना नजर आता है।

## चरगांवा : राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गोष्ठी आयोजित



**चरगांवा, गोरखपुर।** विकास खंड चरगांवा के ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्राम पंचायत को आर्थिक रूप से स्वाबलंबी, स्वस्थ्य ग्राम पंचायत, स्वच्छ ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत में हरियाली, जलाशयों में जल संचय, शुद्ध पेय जल आपूर्ति व प्लास्टिक व पालीथीन के कचड़े का प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों पर विशेष रूप से परिचर्चा किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कहा कि वर्ष 1993 में अप्रैल 24 को 73 संवैधानिक संशोधन लागू होने के याद में इस दिवस को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। जिसमें पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला। जिससे सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ व ग्रामीण स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मानने का मुख्य उद्देश्य सत्ता का विकेंद्रीकरण व ग्रामीण स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। ग्राम प्रधान राजेंद्र निषाद ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए हमने उच्च प्रतिमान स्थापित किए हैं। जिसका प्रतिफल में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार की धनराशि मेरे ग्राम पंचायत को प्राप्त हुआ हैं। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार, रोजगार सेवक राज नारायण शर्मा, पंचायत सहायक हेमलाल चौहान क्षेत्र पंचायत सदस्य गण जय राम, शम्भू निषाद, ग्राम पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा व अखिलेश निषाद उर्फ बब्लू, मोदी, रविंद्र उर्फ भगत, झिनक आदि मौजूद रहें।

## पड़ोसियों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला, बचाने पहुंची मां बहन भी पीटा

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के गौनर (विशुनपुरा) हरिजन बस्ती निवासी गुड्डी देवी पत्नी स्व०शिवशंकर की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने तीन लोगों कै विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। स्थानीय थाना क्षेत्र के गौनर (बिशुनपुरा) हरिजन बस्ती में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया।बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी मां और बहन को भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव निवासी पीड़ित गुड्डी देवी पत्नी स्व. शिवशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर उनके बेटे विशाल को गांव के ही ओंकार व संगम ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया।सूचना पर पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गए।आरोप है कि देर रात करीब 10:30 बजे जब विशाल घर के बाहर निकला तोपहले से घात लगाए बैठे ओंकार, संगम व गीता ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंचीं गुड्डी देवी व उनकी बेटी रविता को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।इस दौरान ओंकार ने फावड़े के पिछले हिस्से से विशाल के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

## बौद्ध कथा का भंडारे के साथ समापन

**इटावा।** क्षेत्र के ग्राम सिमरिया मे नौ दिवसीय भीम कथा व बौद्ध कथा का आयोजन धूमधाम से भंडारे के साथ समापन हुआ।नौ दिवसीय भीम कथा व बौद्ध कथा में बहुजन महारूषों की लीलाओं का प्रदर्शन झांकी निकालकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रदर्शन किया गया जो एक मनमोहक और देखने लायक क्षण थे। भीम कथा व बौद्ध कथा वाचक युवा सम्राट अभिनंदन बौद्ध ने करुणा के सागर भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि 563 ईसा पूर्व में जिस समय ब्राह्मणवाद हावी था उस समय भगवान गौतम बुद्ध ने जाति व्यवस्था, ब्राह्मणवाद और अन्धविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई और समता, करुणा और प्रज्ञा का मार्ग अपनाया। समाजसेवी अनिल यादव ने भी टीम को पटुका व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कथा आयोजक पत्रकार प्रवीन गौतम, दर्शन सिंह, बौद्धचार्या प्रदीप भीमराव बौद्ध आदि कार्यक्रम आयोजकों ने सभी का धन्यवाद किया।

## प्रोफेसर डॉ जयवीर सिंह को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**गगहा, गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के हटवा निवासी प्रोफेसर डॉ. जयवीर सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और शिक्षा व समाज के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक माना जा रहा है। प्रोफेसर डॉ जयवीर सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योगदान दिए। उन्होंने न सिर्फ छात्रों को उच्च शिक्षा की दिशा में प्रेरित किया, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया। उनके मार्गदर्शन में कई छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के शिखर पर पहुंचे हैं, जो उनके शिक्षण कौशल और व्यक्तित्व की महानता को दर्शाता है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता बनी हुई है। वे समय-समय पर युवाओं का मार्गदर्शन करते रहते हैं और समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में उनका नाम सम्मान और आदर के साथ लिया जाता है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गगहा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि ऐसे सम्मान से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।उ प्रो. डॉ. जयवीर सिंह को यह सम्मान मिलने पर संतोष सिंह कमांडो, अमित सिंह, राम दास सिंह, अनुराग सिंह, प्रभास सिंह, लालू सिंह, आलोक सिंह, वेदव्रत सिंह, अनिल सिंह, दीपक शाही एवं डॉ. आलोक सिंह सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की।

# आबादी के बीच खुली शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौनर खास के ग्रामीणों ने अपने गांव के बीचों बीच खोले गए देशी शराब के बिरोध में शनिवार को तहसील परिसर में पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया।तथा तहसीलदार चौरीचौरा सत्यप्रकाश गुप्ता को ज्ञापन देकर उक्त दुकान को आवादी से काफी दूर हटाने की मांग किया।ग्रामीणों का आरोप था कि घनी आबादी के बीचो बीच जहाँ स्कूल, अस्पताल तथा ग्राम सचिवालय स्थित है। वहाँ पर देशी शराब की दुकान चलने से गाँव का वातावरण दूषित हो रहा है।आये दिन झगड़ा बवाल भी होता रहता है।ग्रामीणों ने देशी शराब कि उक्त दुकान को आबादी से दूर हटाने की मांग किया।तथा तहसीलदार चौरी चौरा को ज्ञापन दिया।

बताते चलें कि ग्राम प्रधान कैलाश निषाद के साथ भारी जख्या में आये ग्रामीणों ने तहसीलदार चौरीचौरा से कहा कि प्रदर्शन के बाद भी स्कूल एवं ग्राम सचिवालय से दूर अगर देशी शराब की दुकान को नहीं हटाया गया तो हम सभी ग्रामीण गांव कि महिलाओं को लेकर जिलाधिकारी को पत्रक देंगे। तथा कठोर कार्यवाही की मांग करेंगे। उक्त अवसर प? ग्राम प्रधान कैलाश निषाद, मुन्नी देवी, सन्जू देवी, चम्पा, सरोज देवी, संगीता, राज कुमारी, सावित्री प्रियंका, रमावती देवी, एडवोकेट घनश्याम व उपेन्द्र सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार चौरीचौरा सत्यप्रकाश गुप्ता ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है।

# बीएसए ने कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया

- शिक्षक अनुपस्थित, अभिलेख अपूर्ण, शौचालय बंद मिले



**सफीपुर, उन्नाव।** बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने विकास खंड सफीपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय सकहन राजपूतान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। सुबह 7रू32 बजे हुए निरीक्षण में विद्यालय के कई कक्ष और शौचालय बंद पाए गए। मौके पर केवल कुछ ही शिक्षक उपस्थित मिले, जबकि अधिकांश शिक्षक एवं अनुदेशक अनुपस्थित रहे। बच्चों की प्रार्थना भी देरी से कराई गई। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय के अभिलेख, कई आवश्यक रजिस्टर, आय-व्यय विवरण, स्टॉक रजिस्टर और फाइलें निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं। वार्षिक परीक्षा की प्रतियां भी शिक्षकों के हस्ताक्षर के बिना पाई गईं, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। मध्याह्न भोजन योजना में भी अनियमितता पाई गई। उपलब्ध खाद्यान्न और रजिस्टर में दर्ज आंकड़ों में अंतर मिला, जिससे रिकॉर्ड की पारदर्शिता पर संदेह खडे हो गए। खेल सामग्री तो मौजूद मिली, लेकिन उसका स्टॉक विवरण नहीं दिखाया जा सका। निरीक्षण रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया जा रहा है। यह आचरण नियमावली के विपरीत है। संबंधित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अलग से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर को निर्देश दिए हैं कि विद्यालय की नियमित निगरानी सुनिश्चित कर सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर कराया जाए। साथ ही शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## गर्मी ने बेजुबान जीवों की मुश्किलें बढ़ा दीं

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)।** भीषण गर्मी ने लोगों के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षियों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। आसमान से आग बरसाता सूरज और तपती धरती के कारण जीव-जंतु पानी और छांव के लिए दर-दर भटक रहे हैं। मई-जून जैसी तपिश अभी अप्रैल में ही देखने को मिल रही है। दोपहर के समय सड़कें सूनी पड़ जाती हैं और इंसान तो किसी तरह खुद को बचा लेते हैं, लेकिन पशु-पक्षियों के लिए यह समय बेहद कठिन हो गया है। तालाब और पोखर सूखने लगे हैं, पेड़ों की छांव कम होती जा रही है, जिससे पक्षी और जानवर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं। गांवों और शहरों दोनों जगहों पर हालात चिंताजनक हैं। कुत्ते, गाय, पक्षी और अन्य बेजुबान जीव र्गमी से बेहाल होकर इधर-उधर भटक रहे है। ऐसे समय में यदि हर व्यक्ति अपने घर के बाहर एक बर्तन में पानी रख दे, तो यह बेजुबानों के लिए अमृत के समान होगा।

## कई बार शिकायतों के बावजूद नहीं हटा अतिक्रमण

**पाटन, उन्नाव।** उन्नाव लालगंज नेशनल हाइवे 31 पर तहसील मुख्यालय पाटन के अंडरपास व नगर पंचायत बीघापुर अंडरपास के नीचे व दोनों ओर बनी साइड रोड पर स्ट्रीट फूड के ठेले पूरी तरह से आवागमन को अवरुद्ध कर दिया है। तहसील समाधान दिवस पर भी कई बार किसान नेताओं व समाज सेवियों ने प्रार्थना पत्र देकर व्यवस्था सुधार करने के प्रार्थना पत्र दिए लेकिन नतीजा नहीं निकल सका। नगर पंचायत बीघापुर निवासी पूर्व उप चेयरमैन एडवोकेट राजेंद्र सिंह ने बताया कि कई बार मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए साइड रोड पर लगे ठेले मुसीबत बने हुए हैं। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहसील मुख्यालय में शिकायत करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता शिकायत रद्दी की टोकरी में धूल खाती रहती हैं।

## सीएमओ ने मलेरिया दिवस पर दिलायी शपथ

**इटावा।** विश्व मलेरिया दिवस सीएमओ डॉ. बीके सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। मलेरिया दिवस पर उन्होंने अपने विचार रखें तथा विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प अब हम कर सकते हैं अब हमें करना ही होगा के साथ मलेरिया की समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर सत्येंद्र यादव बीवीडी नोडल, डॉक्टर श्रीनिवास यादव, एसएन सिंह जिला मलेरिया अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक नीतू कश्यप, आशीष राणा एएमओ, श्यामवीर यादव, सुषमा यादव, गोपाल गुप्ता, स्टेनो देवेंद्र कुमार एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो ने भी प्रतिभाग किया।


### पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य परियोजना प्रबन्धक/आरयसपी/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** अमृत भारत योजना के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के एकमा स्टेशन पर अतिरिक्त कार्य। (सिविल कार्य) **ई-निविदा सूचना सं०:** एनईआर-बीएसबी-आरएसपी-2026-07 **अनुमानित लागत (₹) :** 4,34,12,017.60/- **अमानत राशि (₹) :** 8,70,300.00/- **निविदा बंद होने की तिथिः** 18.05.2026 15:00 बजे तक। **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-आरएसपी-2026-07 दिनांक 24.04.2026 को दिनांक 18.05.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजी./गतिशिक्ति वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-48

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# मां तरकुलहा देवी मंदिर ट्रस्ट व व्यापार मंडल की मनी वर्षगांठ



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र स्थित मां तरकुलहा देवी परिसर में नवनिर्मित धर्मशाला में तरकुलहा देवी धाम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल के स्थापना का आठवां वर्षगांठ बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते मंदिर तक पहुंचें। तथा श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर पहुंच कर माता रानी को खप्पर समर्पित कर अपनी आस्था प्रकट किया गया। इसके पश्चात विधि-विधान से पूजन-अर्चन, आरती, कथा एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया था। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राज नारायण सिंह महामंत्री राजेश जायसवाल ने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना के बाद से मंदिर का निरंतर विकास हो रहा है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में लगातार वृद्धि की जा रही है। ट्रस्ट के प्रयासों से मंदिर को शक्तिपीठ सर्किट में शामिल किया गया है। तथा इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु शासन द्वारा आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं मंदिर परिसर के सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त अवसर पर व्यापार मंडल के महामंत्री मुन्नीलाल चौहान, डॉ. दिनेश यदुवंशी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक, दिव्यांग व गर्भवती शिक्षकों को अलग करने की मांग

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, जनपद गोरखपुर ने जनगणना कार्य के लिए लगाई जा रही ड्यूटी पर चिंता जताते हुए दिव्यांग, अस्वस्थ, गर्भवती महिला शिक्षकों तथा विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों को इससे पृथक रखने की मांग की है। संघ के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष बाल विनोद शुक्ल की ओर से जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनगणना एक महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य है, लेकिन वर्तमान में बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में नामांकन, शैक्षणिक गतिविधियां और अन्य प्रशासनिक कार्य भी चल रहे हैं। ऐसे में इन वर्गों के शिक्षकों पर अतिरिक्त दायित्व डालना व्यावहारिक नहीं है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि कई शिक्षक स्वास्थ्य कारणों से फील्ड में कार्य करने में असमर्थ हैं, जबकि गर्भवती शिक्षिकाओं के लिए यह कार्य जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ऐसे शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त किया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो।


### कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद, उन्नाव

पत्रांक : 45/ई-निविदा सू/न.पं. मौ./2026-27 | दिनांक : 25/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ उन्नाव के द्वारा ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत बाबा मोतेश्वर महादेव सरोवर सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता कार्य हेतु निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क. सं. | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि | 02 प्रतिशत धरोहर | टेण्डर फार्म की 0.2 कीमत 18 प्रतिशत धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बाबा मोतेश्वर महादेव सरोवर सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य। | 48,84,521.00 | 97,690.00 | 9769.00+1758.00 =11527.00 | 6 माह |

**मुख्य शर्ते**

1 निविदा प्रपत्र आन लाइन उपलब्ध है जो आन लाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.04.2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 26.04.2026 प्रातः 11.00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 16.05.2026 सायं 05.00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 18.05.2026 प्रातः 11.00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत मौरावां, उन्नाव |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मौरावां, उन्नाव | अध्यक्ष, नगर पंचायत मौरावां, उन्नाव

# कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी

**पत्रांक :- 6/A/मु.का./2026-27** **दिनांक:- 18 .04.2026**

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं.-3890/नौ-5-19-149सा./2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पालिका निधि/राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की निविदायें दिनांक 08/05/2026 को इस पालिका परिषद में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें दिनांक 08/05/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 05/05/2026 से दिनांक 07/05/2026 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक पालिका कार्यालय कोषागार में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा। समस्त निविदाओं के साथ पृथक-पृथक 10% जमानत धनराशि का एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. या अन्य प्रतिभूत प्रमाण-पत्र जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, बाराबंकी के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा। कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त कर दें जिसका कोई भी क्लेम निविदादाता का मान्य न होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रुपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त नवीनतम चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान | धरोहर धनराशि | टेण्डर शुल्क+ 18% GST +शासनादेश के अनुपालन में टेण्डर मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड मकदूमपुर में डीवाइन ग्रीन सिटी गली नं.-5 पवन किशोर वर्मा, उदयराज सिंह वर्मा के घर से घनश्याम के मकान नं.-175 तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण का कार्य । | 857174.00 | 85800.00 | 865+156+ 250+45 =1316 | 1 माह |
| 2 | वार्ड लक्ष्मनपुरी मोहल्ला बाल विहार में शिवगोविन्द के मकान से नितिन निषाद एवं आशीष यादव के घर तक नाली, नाली कवरिंग एवं सी०सी० पैच का कार्य । | 240263.00 | 24500.00 | 255+46+ 250+45 =596 | 1 माह |
| 3 | वार्ड आलापुर मोहल्ला सफीपुर में कौसल्या निवास से प्रेमचन्द्र के मकान तक इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं वार्ड विकास भवन में जी०एस०टी० कार्यालय के सामने नाला कवरिंग का कार्य । | 146336.00 | 14800.00 | 155+28+ 250+45 =478 | 1 माह |
| 4 | वार्ड बडेल में ढीमरिया तालाब के पास महेश यादव के घर से राकेश प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क के उच्चीकरण रिलेयिंग व आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का कार्य । | 288250.00 | 29000.00 | 295+53+ 250+45 =643 | 1 माह |
| 5 | वार्ड तहसील कालोनी में स्थित उप जिलाधिकारी आवास की मरम्मत एवं रंगाई पुताई इत्यादि का कार्य। | 613771.00 | 61500.00 | 625+113+ 250+45 =1033 | 1 माह |
| 6 | वार्ड तहसील कालोनी में स्थित जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में इण्टरलाकिंग टाइल्स नाली एवं शेड का निर्माण कार्य । | 590216.00 | 59500.00 | 605+109+ 250+45 =1009 | 1 माह |
| 7 | वार्ड मकदूमपुर मो० गंगा विहार में डा० रघुराज वर्मा के मकान से शिवम शुक्ला के मकान होते हुए रामफेर के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य। | 677522.00 | 67800.00 | 685+123+ 250+45 =1103 | 1 माह |
| 8 | वार्ड मकदूमपुर के गंगा विहार कालोनी में छोटे लाल यादव के मकान से मान्सी यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 510889.00 | 51500.00 | 525+95+ 250+45 =915 | 1 माह |
| 9 | वार्ड बडेल में मोहम्मद सिराज के मकान से गजराज के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क एवं आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का निर्माण कार्य | 821171.00 | 80200.00 | 835+150+ 250+45 =1280 | 1 माह |
| 10 | वार्ड बड़ेल में दीपक मिश्रा के मकान से सुजीत यादव के मकान तक नाली मरम्मत, आर०सी०सी० स्लैब व इण्टरलाकिंग रिलेयिंग का कार्य । | 713321.00 | 71500.00 | 725+130+ 250+45 =1150 | 1 माह |
| 11 | बनवा स्कूल पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनवा विद्यालय परिसर में व मेन रोड से विद्यालय तक पहुंच मार्ग पर इण्टरलाकिंग का कार्य । | 776921.00 | 77700.00 | 785+141+ 250+45 =1221 | 1 माह |
| 12 | 12 वार्ड बडेल के कुलदीप यादव के घर के पास एवं शिवा के घर के पास नाली निर्माण एवं आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का कार्य। | 185319.00 | 18700.00 | 195+35+ 250+45 =525 | 1 माह |
| 13 | वार्ड गांधीनगर में मुख्य मार्ग अम्बेडकर पार्क के पास नाला मरम्मत एवं आर०सी०सी० पत्थर का कार्य । | 219434.00 | 22000.00 | 225+41+ 250+45 =561 | 1 माह |
| 14 | वार्ड बडेल में नरेश के मकान से सन्दीप के मकान तथा गली राकेश में इण्टरलाकिंग रोड व आर०सी०सी० नाली निर्माण का कार्य | 293005.00 | 29500.00 | 225+41+ 250+45 =561 | 1 माह |
| 15 | वार्ड बडेल में मुशर्रफ के मकान से अरविन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड व आर०सी०सी० नाली निर्माण का कार्य । | 187278.00 | 18800.00 | 195+35+ 250+45 =525 | 1 माह |
| 16 | नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर के मुख्यद्वार पर जलभराव के निराकरण हेतु सी०सी० कास्टिंग का कार्य। | 170388.00 | 17500.00 | 185+33+ 250+45 =513 | 1 माह |
| 17 | वार्ड कोठीडीह मोहल्ला आलापुर में जुनैद के घर के सामने, वार्ड लाजपत नगर में मोहम्मद आरिफ के घर के बगल, वार्ड लखपेडाबाग में एक्सिस बैंक ए०टी०एम० के सामने एवं वार्ड दशहराबाग में धर्मेन्द्र यादव, पटेलनगर मे लायकराम वर्मा, पवन कुमार चौबे, वर्मा पंचशील कालोनी, संदीप एवं देवी हास्पिटल के पास नाली की मरम्मत, नाली कवरिंग एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य। | 605815.00 | 60800.00 | 615+111+ 250+45 =1021 | 1 माह |
| 18 | वार्ड रसूलपुर में धनोखर चौराहा स्थित स्व. राम सेवक यादव मूर्ति स्थल का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 242063.00 | 24500.00 | 255+46+ 250+45 =596 | 1 माह |
| 19 | वार्ड पूर्वी पीरबटावन में नागेश्वर नाथ मंदिर परिसर में रंगाई पुताई इत्यादि का कार्य। | 125507.00 | 12800.00 | 135+24+ 250+45 =454 | 1 माह |
| 20 | पटेल चौराहा पर स्थित पटेल जी की मूर्ति के स्ट्रक्चर की पेटिंग, ग्रेनाइट फ्लोर की मरम्मत कार्य तथा मकदूमपुर में गायत्रीपुरम गोविन्द फैक्ट्री के आगे क्षतिग्रस्त मार्ग पर ब्रिक बैट्स व मंझलेपुर के पास स्थित तालाब के गेट का मरम्मत कार्य । | 135340.00 | 13800.00 | 145+26+ 250+45 =466 | 1 माह |
| 21 | वार्ड पूर्वी पीरबटावन बाल्मीकि नगर में राम मिलन, नफीस, फैजुल हुसैन, मोहल्ला नई बस्ती में नदीम, मदरसा स्कूल के पास, माल्दा रोड जलील होटल के पास शारूख के घर क्रास एवं शकील के घर के पास व अम्बे माता मंदिर एवं नागेश्वर मंदिर के पास नाली मरम्मत सी०सी० मरम्मत एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स मरम्मत का कार्य। | 965643.00 | 96800.00 | 975+176+ 250+45 =1446 | 1 माह |
| 22 | वार्ड पीरबटावन पूर्वी में नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नई बस्ती अरफात, इजहार, पीर मोहम्मद, इसराक के घर के पास नाली मरम्मत एवं आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का कार्य। | 272931.00 | 27300.00 | 285+51+ 250+45 =631 | 1 माह |
| 23 | वार्ड पीर बटावन पश्चिमी में ईदगाह जाने वाले मार्ग पर गेट/द्वार का निर्माण कार्य । | 129034.00 | 13000.00 | 135+24+ 250+45 =454 | 1 माह |
| 24 | वार्ड पीरबटावन पूर्वी अम्बे माता मंदिर के सामने सी० सी० रोड निर्माण कार्य। | 720819.00 | 72100.00 | 735+132+ 250+45 =1162 | 1 माह |
| 25 | वार्ड बाढ़ियन टोला में एम०आर०एफ० सेन्टर में सालिड वेस्ट सेग्रिगेशन चैम्बर व इण्टरलाकिंग रिलेयिंग का कार्य । | 194491.00 | 19500.00 | 205+37+ 250+45 =582 | 1 माह |
| 26 | वार्ड दशहराबाग में पुनवासी वर्मा के मकान से भवानी प्रधान के मकान एवं वार्ड आनन्द विहार में कोटेदार के मकान से अनुज वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं नाली का निर्माण कार्य। | 623875.00 | 24500.00 | 635+114+ 250+45 =1042 | 1 माह |
| 27 | वार्ड बनवा पल्हरी में मनीष पाण्डे के घर से पी0 डब्लू0डी0 बाउण्ड्री तक एवं आशीष के घर के सामने तक नाली व इण्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य। | 523973.00 | 47500.00 | 535+96+ 250+45 =926 | 1 माह |
| 28 | वार्ड गांधीनगर में मो० शारजानगर में जमाल के घर से मुखतार के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क तथा आस-पास नाली रिपेयर का निर्माण कार्य । | 439488.00 | 85800.00 | 445+80+ 250+45 =820 | 1 माह |
| 29 | वार्ड बेगमगंज में नगर पालिका के पीछे पम्प हाउस एवं पिंक शौचालय से पालिका के पीछे गेट तक दायीं ओर स्थित कालोनी के सामने इण्टरलाकिंग का कार्य। | 403832.00 | 85500.00 | 415+75+ 250+45 =785 | 1 माह |
| 30 | Supply & Fixing of Solar Power Road marker (Solar Stud) of Bituminus road form Palhari taxi stand to Kakrahiya garbage plant & chaya chauraha to Nageshwar Nath temple via Eidgah road (Partial Part of the Road) Barabanki | 788665.00 | 79000.00 | 795+143+ 250+45 =1233 | 1 माह |
| 31 | प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर परिसर में पहुंच मार्ग पर इण्टरलाकिंग का कार्य । | 474957.00 | 47500.00 | 485+87+ 250+45 =867 | 1 माह |
| 32 | वार्ड लखपेड़ाबाग व नेहरू नगर में सी०सी० मरम्मत एवं इण्टरलाकिंग सडक नाली मरम्मत एवं आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का कार्य । | 243595.00 | 51500.00 | 255+46+ 250+45 =596 | 1 माह |
| 33 | वार्ड विकास भवन के अन्तर्गत अमरनाथ तिवारी व राजेश यादव के मकान से अनिल कुमार के मकान के सामने नाले व आर०सी०सी० स्लैब कास्टिंग का कार्य। | 135207.00 | 13700.00 | 145+26+ 250+45 =466 | 1 माह |

**- : शर्तें :-**

10. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा ।
11. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली-भांति परिचित हो लें।
12. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्रअतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
13. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
14. उ0प्र0 भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का 1 प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
15. शासनादेश सं0-14/2024/692/23-7-2024 लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 09 अगस्त 2024 के निहित प्राविधानो के अन्तर्गत न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
16. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली-2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
17. अनिवार्य शर्त-कायार्देश में कार्य पूर्ण किये जाने की अवधि में विलम्ब होने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से बिल से कटौती कर ली जायेगी। यदि समयावाधि का दो गुना समय व्यतीत हो जाता है और कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा सकेगी।
18. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज /21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण/विकास कार्यो के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज**
**बाराबंकी**

**(शीला सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज**
**बाराबंकी**

संक्षेप

## कटका क्लब ने लगाये जलपात्र व घौंसले

**सुल्तानपुर (वीओएल)।** भीषण गर्मी के बीच जहां इंसान ही नहीं, पक्षी भी पानी और आश्रय के लिए जूझ रहे हैं, वहीं कटका क्लब सामाजिक संस्था ने सराहनीय पहल करते हुए उनके लिए राहत का इंतजाम किया है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जलपात्र और घोंसले लगाकर पक्षियों को जीवनदान देने का प्रयास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्वविनम्रह्न किया। उन्होंने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण पक्षियों को पानी और सुरक्षित स्थान की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी संख्या भी प्रभावित हो रही है। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने कहा कि ऐसे समय में समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर पक्षियों के संरक्षण में योगदान देना चाहिए। संस्था के सदस्य दुर्गेश मिश्र ने बताया कि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी और छांव की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इस पहल के जरिए लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने घरों और आसपास जलपात्र रखें। इस दौरान शालनी यादव, रागनी यादव, बृजेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की।

## मृतकों के परिजनों को दी गयी चार-चार लाख की राहत राशि

**रायबरेली।** जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र में बीती 23 अप्रैल को गंगा नदी में डूबने की एक अत्यंत दुखद घटना घटित हुई, जिसमें ग्राम रानीखेड़ा निवासी हरिओम (22), हरिशंकर (16) एवं सत्येन्द्र (26) की मृत्यु हो गई। घटना का संज्ञान लेते हुए डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जिला अस्पताल पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृतकों के परिजनों को शासन द्वारा अनुमन्य राहत राशि/मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी महोदया के निदेशों के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। इसके उपरांत मृतकों के परिजनों के खातों में शासन द्वारा अनुमन्य चार-चार लाख की राहत धनराशि हस्तांतरित कर दी गई है।

## डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**रायबरेली।** थाना समाधान दिवस पर डीएम सरनीत कौर ब्रोका व एसपी रवि कुमार ने थाना बछरावां पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायतें व सड़क व सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। डीएम व एसपी ने संबंधित राजस्व व पुलिस अफसरों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अदिति सिंह ने ग्राम सभा भांव की जनता से किया संवाद

## समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपने क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भाँव के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

विधायक अदिति सिंह ने ग्राम सभा भाँव के कटिहार, मतीली का पुरवा, पूरे फजा, हरिजन बस्ती और पूरे चेतलाल में आयोजित बैठकों में भाग लिया। इसी क्रम में उन्होंने भाँव में पूर्व प्रधान राम शंकर मौर्य के निवास पर आयोजित चैपाल में भी शामिल होकर क्षेत्र की सम्मानित जनता से चर्चा की।

बैठकों के दौरान अदिति सिंह ने क्षेत्रवासियों की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को ध्यान से सुना। उन्होंने संबंधित मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन दिया। साथ ही, उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी साझा की, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर अदिति सिंह ने कहा, ह्वक्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जन-सेवा ही सदैव मेरी प्राथमिकता रही है।ह्न उन्होंने यह भी जोर दिया कि जनता की हर समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे निरंतर क्षेत्र के विकास कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने विधायक के इस सक्रिय जनसंपर्क की सराहना की और आशा व्यक्त की कि उनकी समस्याएं जल्द ही दूर होंगी। यह कार्यक्रम सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास और जन-सेवा की दिशा में अदिति सिंह के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

## मलेरिया दिवस पर एम्स रायबरेली ने चलाया जागरूकता अभियान

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** राही ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मनेहरू गांव में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य विभाग, एम्स द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने कहा कि ह्ववर्ष 2000 के बाद से वैश्विक स्तर पर लगभग 2.3 बिलियन मलेरिया मामलों और 14 मिलियन मौतों को टाला जा चुका है, जो यह दर्शाता है कि सही रणनीति और जनभागीदारी से मलेरिया उन्मूलन संभव है ह्व विभागाध्यक्ष डॉ. भोला नाथ ने बताया कि ह्वमलेरिया-प्रभावित देशों की संख्या 108 से घटकर लगभग 80 रह गई है और 47 देश मलेरिया-मुक्त हो चुके हैं। स्वच्छता, जल जमाव की रोकथाम एवं स्रोत नियंत्रण इस दिशा में सबसे प्रभावी उपाय हैं ह्व डॉ. सौरभ पॉल ने कहा कि ह्वसमय पर जांच, उपचार एवं मच्छरदानी के उपयोग से मलेरिया नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत एमबीबीएस छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया तथा विभाग के चिकित्सकों डॉ. सौरभ पॉल के मार्गदर्शन में डॉ. स्वलेहा, डॉ. मानस, डॉ. नंदिनी, डॉ. सुजन एवं डॉ. शशांक द्वारा स्वास्थ्य शिविर में जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। शिविर के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं टाइफाइड की जांच भी की गई। साथ ही हाउसकीपिंग टीम द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर जल जमाव रोकने एवं मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने का कार्य किया गया तथा ग्रामीणों को टेमेफॉस के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। गांव के लोगों को मच्छरों से बचाव के उपाय जैसे पानी जमा न होने देना, साफ-सफाई बनाए रखना एवं मच्छरदानी का उपयोग करना सिखाया गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर निःशुल्क जांच कराई तथा आवश्यक दवाइयां भी प्राप्त कीं। इस दौरान मलेरिया के साथ-साथ डेंगू एवं लिम्फेटिक फाइलेरियासिस जैसे वेक्टर जनित रोगों के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भोला नाथ एवं डॉ. सौरभ पॉल के मार्गदर्शन में किया गया। एमबीबीएस छात्रों, जूनियर रेजिडेंट्स एवं हाउसकीपिंग कर्मियों के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना था।

## नामित सभासदों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिलायी शपथ



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता और अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला के नेतृत्व में सरकार द्वारा नामित सभासद गिरिजा शंकर बाजपेई, दीपा सिंह चैहान और राजेश कुमार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने तीनों नामित सभासदों को राष्ट्र के प्रति सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने नामित सभासदों को जिम्मेदारी का पद सौंपा है। निश्चित रूप से उनके सहयोग से नगर पंचायत का और अधिक बहुआयामी विकास होगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा लालगंज को आदर्श नगर पंचायत घोषित कर दिया गया है और नगर पंचायत को आकांक्षी नगर योजना के तहत भी शासन ने लिया है। अब पंडित दीनदयाल योजनाओं के तहत लालगंज नगर का सौंदर्यीकरण और अन्य सभी तरह के विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में नगर पंचायत चुनाव के पहले लालगंज नगर पंचायत का विस्तार निश्चित है और लालगंज नगर पंचायत की जनसंख्या भी 70 हजार के आसपास हो जाएगी। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के फार्मूले पर चल रही है। इसके अलावा भाजपा नेता रविंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर अविनाश कुमार सिंह, वरिष्ठ लिपिक वीरेंद्र यादव,शिव शंकर मिश्रा, मनोज दीक्षित, सभासद रमेश गुप्ता,बबलू तिवारी, यतिन सिंह चैहान, दीपक मिश्रा, राघवेंद्र सूर्यवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में आठ वर्षीय बच्चे को पीटा

**महराजगंज, रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में एक आठ वर्षीय बच्चे को पीटने और जाति सूचक शब्दों से गालियां देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई न करने और समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। यह घटना 22 अप्रैल की है प्रार्थी ने बताया कि घटना दोपहर के समय चुन्नीलाल खेड़ा गांव में हुई। प्रार्थी देवी प्रसाद के पुत्र हनुमान 8 वर्ष अपने खेत में नाले से पानी लगा रहा था। तभी गांव के ही गोपाल यादव ने जबरन उसी नाले का पानी अपने खेत में मोड़ लिया। जब हनुमान ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी गोपाल यादव ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद उसने बच्चे को बुरी तरह पीटा, जिससे उसके पैर की जांघ में गंभीर चोट आई। घायल बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। किंतु शिवगढ़ पुलिस ने मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। घटना के बाद से पीड़ित परिवार डरा व सहमा हुआ है। प्रार्थी की पत्नी सरोज ने 23 अप्रैल को शिवगढ़ थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया था। हालांकि, परिवार का आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई और हल्का दरोगा व सिपाही ने जबरन समझौता करने का दबाव बनाया तथा उन्हें थाना प्रभारी से मिलने भी नहीं दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है और जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन व्यवस्था चाक-चैबंद, गर्मी से बेहाल रहे अभ्यर्थी



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के तीन परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा का पहला दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के श्री चंद्र इंटर कॉलेज, रामरती इंटर कॉलेज तथा नटौली इंटर कॉलेज में दोनों पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात सिंह व क्षेत्राधिकारी राम कृष्ण चतुर्वेदी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते परीक्षा के दौरान कहीं से किसी प्रकार की शिकायत सामने नहीं आई। भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों की प्रश्नपत्र को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया रही। अंबेडकरनगर के सुधीर कुमार ने बताया कि रामरती इंटर कॉलेज की दूसरी पाली का प्रश्नपत्र कठिन था, जबकि अंबेडकरनगर के अमर चंद्र, अंबेडकरनगर के अमर प्रताप तथा बाराबंकी की रचना ने प्रश्नपत्र को आसान बताया। पहले दिन परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# एनएसपीएस त्रिपुला में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन, बच्चों ने सीखा जीवन कौशल



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैम्प) का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवनोपयोगी कौशल भी सीखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ किया, उन्होंने कहा ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के समग्र विकास का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों के जरिए विद्यार्थी आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और जिम्मेदारी निभाने जैसे महत्वपूर्ण गुणों को सहज रूप से सीखते हैं। समर कैम्प के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक अनेक रचनात्मक एवं साहसिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया। चाक के माध्यम से मिट्टी के बर्तन और खिलौने बनाने जैसी कलात्मक गतिविधियों ने उनकी रचनात्मकता को निखारा, वहीं वाटर रोलर, जोरबिंग, ट्रैम्पोलिन, पूल क्रॉसिंग, माउंटेन बाइकिंग, बाउंसी किड्स, सूमो रेसलिंग, पूल डांस, पूल पार्टी, बिग बाउंसी, टेंडम डुअल साइकिल, बर्मा ब्रिज, कमांडो क्रॉसिंग और जिप लाइन जैसी रोमांचक गतिविधियों ने बच्चों में साहस, संतुलन और टीम वर्क की भावना विकसित की। दिनभर चली इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने आकर्षक कठपुतली शो का आनंद लिया, जिसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय राज सिंह, अश्वनी कान्त, साक्षी द्विवेदी, श्वेतांजलि, दिव्यांशी मिश्रा, हरिओम गुप्ता, मंजरी अवस्थी, अरुण दुबे, सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर पल तुम्हारी याद आती रहे राघव : पं. स्वतंत्र मिश्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के नारायणपुर मोहल्ला स्थित दुगार्पुर निकट लक्ष्मणपुर कॉलोनी में भागवत कथा के दूसरे दिन श्रोताओं की भीड़ उमड़ी स कथा व्यास आचार्य स्वतंत्र मिश्र अयोध्या धाम के द्वारा कथा के दूसरे दिन युधिष्ठिर के राज्याभिषेक का वर्णन किया गया परीक्षित के सर्पदंश की घटना का वर्णन सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हुए अर्जुन दुर्योधन प्रकरण सहित कई कथाओं को सुनाया, विचारों की भिन्नता से परिणाम में कितना अंतर होता है इसका मूलमंत्र कथा व्यास द्वारा दिया गया, मुख्य यजमान सुमित्रा मिश्रा सहित सैकड़ों श्रोताओं ने भागवत कथा का श्रवण किया आयोजन व्यवस्था में देवीशरण मिश्र, मुनेंद्र मिश्र, रुद्र मिश्र, आदर्श मिश्र, गर्वित मिश्रा, शचेद्र मिश्र, राम बहादुर मिश्रा, निशानाथ मिश्रा, सौरभ मिश्र रहे। महिलाओं में नीलम मिश्र ममता मिश्रा विनीता मिश्रा सुनीता मिश्रा सत्यवती मिश्र सीमा तिवारी सुरेखा ने सहयोग प्रदान किया।

## जन आक्रोश अभियान के तहत भाजपा की प्रेस वार्ता महिला सम्मेलन और महिला पदयात्रा आयोजित

**गौरीगंज, (अमेठी)।** भाजपा के गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय में जन आक्रोश अभियानके अंतर्गत शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान जन आक्रोश महिला सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और महिला पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार महिलाओं को केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अग्रणी शक्ति मानती है। इसी सोच के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उज्ज्वला योजना, मातृत्व लाभ, स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा और महिला आरक्षण जैसे निर्णय महिलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयकों को लोकसभा में पारित न होने देना उनकी महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। विपक्ष की नकारात्मक सोच महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मार्ग में बाधा बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और अधिकारों को मजबूत करने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महिला शक्ति को आगे बढ़ाना ही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान बिगड़ी अभ्यर्थी की तबीयत, एसपी ने पहुंचाया अस्पताल

**गौरीगंज, (अमेठी)।** जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे अपने वाहन से तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय रहते इलाज मिलने से अभ्यर्थी की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी सरवणन टी. जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे थे। इसी क्रम में वह मुंशीगंज थाना क्षेत्र स्थित रणवीर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सुलतानपुर जनपद से परीक्षा देने आया एक अभ्यर्थी अचानक अस्वस्थ होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल इसकी जानकारी एसपी को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने बिना देर किए अभ्यर्थी को अपने सरकारी वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक का तत्काल उपचार शुरू किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने पुलिस अधीक्षक के इस मानवीय व्यवहार की सराहना की। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, छाया और प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में अभ्यर्थियों को तुरंत सहायता मिल सके। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई है, जिससे भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## समाधान दिवस में भूमि विवाद हावी 8 में चार शिकायतें तुरंत सुलझीं

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शनिवार को थाना शुकुल बाजार परिसर में समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी विवेक वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनने के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही। समाधान दिवस के दौरान कुल 8 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों की संख्या अधिक रही। कुल शिकायतों में से 6 राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जिनमें सीमांकन, रास्ता विवाद और जमीन के बंटवारे जैसे मामले शामिल रहे। वहीं दो शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित दर्ज की गईं। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से किया जाए। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और राजस्व कर्मियों को मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समाधान दिवस प्रभावी मंच है और इसमें प्राप्त शिकायतों का पारदर्शी ढंग से समाधान कराया जाएगा।

## 17 वाहनों पर अवैध ओवरलोडिंग के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निदेर्शानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरों की खनन टास्क फोर्स की टीम जिसमें खनन अधिकारी सुरेश लाकरा द्वारा 24 अप्रैल को बछरावां से लालगंज मार्ग व सलोन-रायबरेली पर अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 7 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए रु0 2,66,290 का जुमार्ना जमा कराया गया है। वहीं निदेशालय, लखनऊ की टीम व जनपदीय टीम द्वारा बछरावां-लालगंज मार्ग पर 10 उप खनिजों से लदे वाहन अवैध परिवहन/ओवरलोड करते पाये जाने पर रु0 5,23,840 धनराशि आरोपित किया गया।

## वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित बुजुर्गों को मिला उपचार और सम्मान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फैकल्टी ऑफ फामेर्सी) एवं यूनीक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस सराहनीय पहल में अनुभवी डॉक्टरों के साथ फामेर्सी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फामेर्सी निदेशक प्रो. (डॉ.) महेश प्रसाद, डॉ. अनूप मिश्रा एवं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जहां कभी परिवार की रौनक होती थी, आज वहां सन्नाटा पसरा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने बुजुर्गों को समय दें, क्योंकि भविष्य में हर व्यक्ति को इसी दौर से गुजरना है। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। बुजुर्गों को स्वास्थ्य परामर्श के साथ खाद्य सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनके चेहरों पर संतोष और खुशी झलक उठी। संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का आह्वान किया।

# पशु स्वास्थ्य ही जन स्वास्थ्य का आधार है

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** 1962 मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (एमवीयू) की टीम द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सदर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सकों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पशु स्वास्थ्य के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और इस दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर डॉ. विष्णु यादव, हरीश शुक्ला, प्रदीप, पवन सिंह, अजय सिंह, पी.सी. सुमन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि पशु स्वास्थ्य ही जन स्वास्थ्य का आधार है। पशु चिकित्सक खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं डॉ. विष्णु ने कहा कि पशु चिकित्सकों का योगदान पशुपालकों की आजीविका और समाज की सुरक्षा से भी जुड़ा है। कार्यक्रम में पशुपालकों को जागरूक करने और सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया।

## ग्रामीण लोकतंत्र पर मंथन

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण लोकतंत्र, पंचायती व्यवस्था और जनभागीदारी के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मंजू ठाकुर ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना में ग्रामीण जीवन की अहम भूमिका है। उन्होंने 73वें संवैधानिक संशोधन का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक मजबूती मिली।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा पर कड़ी नजर, एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिले में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। शनिवार को परीक्षा के प्रथम दिन पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने थाना क्षेत्र अमेठी स्थित रानी सुषमा देवी डिग्री कॉलेज, पीएम श्री बालिका राजकीय इंटर कॉलेज तथा थाना क्षेत्र मुंशीगंज के रणवीर इंटर कॉलेज रामनगर पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था की गहन जांच की। उन्होंने केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया।

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ. प्र.**
नवीन मण्डी स्थल, जंगी रोड, मीरजापुर
(Email ID : ddc.mi-up@gov.in, ddcmap@gmail.com)

पत्रांकः नि.मी./ई-टेण्डर / 2026-40 — दिनांक : 25.04.2026

**: निविदा सूचना :**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 12.05. 2026 तक मण्डी परिषद में पंजीकृत तथा परिषद मुख्यालय के पत्रांक 641 दिनांक 11.08.2022 में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पंजीकृत, वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 28.04.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक : 11.05.2026 की अपरान्ह 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। आमंत्रित निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 12.05.2026 को प्रातः 11 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी, विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम एवं विवरण उ.प्र. सरकार की वेबसाइट http://etender.up. nic.in पर देखी, पढ़ी एवं डाउनलोड की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-:

| क. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (जी.एस. टी. सहित) (रुपये में) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य की श्रेणी | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| मण्डी समिति-गोपीगंज | | | | | | | |
| 1 | नवीन मण्डी स्थल गोपीगंज में 10 नग 'ब' श्रेणी एवं 10 नग 'स' श्रेणी दुकानों का निर्माण कार्य । 2026 _RKUMP_1142034_1 | 27800.00 | 153.64 | 9.70 | 09 माह | 'ब' | अ, एवं ब |

1. निविदादाता निविदा शुल्क उप निदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, मीरजापुर के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा (सिविल कोट), मीरजापुर के खाता संख्याः 30394539551, आई०एफ०सी० कोड संख्या SBIN0008003 जो उप निदेशक (निर्माण), मण्डी परिषद, मीरजापुर के आर०टी०जी०एस० कराना होगा। निविदा शुल्क धनराशि नॉन रिफनडेबल है।
2. निविदा की धरोहर धनराशि उपरोक्तानुसार खाता संख्याः 30394539696 में आर०टी०जी०एस० कराना होगा। जिसका बैंक से सत्यापित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि का यू०टी०आर० नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा एवं अपलोड भी करना होगा। इसके अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
3. परिषद पत्रांकः मु.अभि.-2 /(1168/भाग-4 / 2005 )/ 2022-1190 दिनांक 17.11.2012 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में द श्रेणी को छोड़कर 'अ' 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरे प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity लोक निर्माण विभाग Standard Bidding Document (S.B.D.) में Qaulification of Bidders ds Section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है। जिसकी विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्तों में अंकित है। Bid Capacity की गणना प्रपत्र Bidding Document के साथ SBD T1 / T2 / Section - 3 प्रपत्र स्वहस्ताक्षरित अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म भी प्रतिभाग कर सकती है।
5. अन्य नियम व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती है।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, मीरजापुर

संक्षेप

## बसपा में संजय कुमार चौधरी की वापसी

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहिन मायावती के निर्देशानुसार जनपद में पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

यह बैठक 26 अप्रैल 2026 रविवार को सुबह 11 बजे जिला बसपा कार्यालय पर संपन्न होगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल जोन इंचार्ज रामबाबू चिरगइयां उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी केहर गौतम एवं तन्सूराम अहिरवार भी शामिल होंगे।

जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला कमेटी, दोनों विधानसभा कमेटियों (महरौनी व ललितपुर) के पदाधिकारी, बीबीएफ कमेटी के सदस्य, पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी तथा सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

# होमगार्ड परीक्षा पर पैनी नजर, डीएम-एसपी ने संभाली कमान



जिला संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा जनपद में शनिवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुरू हो गई। 25, 26 व 27 अप्रैल तक चलने वाली इस परीक्षा के पहले दिन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया को परखा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए।जिन केंद्रों का निरीक्षण किया गया, उनमें राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, देवरिया सहित अन्य केंद्र शामिल रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं, जहां परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जा रही है।जिला प्रशासन के अनुसार प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य परीक्षा सहायक के साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आरक्षित मजिस्ट्रेट भी नामित किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।प्रशासन की सतत निगरानी में तीन दिवसीय इस परीक्षा के पहले दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अगले दो दिनों में भी इसी तरह कड़ी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के सभी परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांति पूर्ण एवं सुचारू रुप से सम्पन्न कराई जा रही है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर तथा पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान किसान इण्टरमीडिएट कालेज, साखोपार व उदित नारायण इण्टरमीडिएट कालेज, पडरौना परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया गया। जहाँ परीक्षा केन्द्र प्रभारी, सुरक्षा प्रभारी एवं कॉलेज प्रशासन से चर्चा की गई।

जिले के अन्य परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर बहुस्तरीय सुरक्षा तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, मेटल डिटेक्टर, फ्रिस्किंग पॉइंट आदि की समीक्षा की गई। किसी भी प्रकार की अनधिकृत प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने हेतु निर्देश दिए गए।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह



जिला संवाददाता

फतेहपुर।यूपी बोर्ड मेधावियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित, जेल पर्यवेक्षक ने दी प्रेरक सलाह।लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज पनी एवं बिपिन राज कान्वेंट स्कूल में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का शनिवार को हर्षोल्लास के बीच सम्मान किया गया। इस अवसर पर शत-प्रतिशत परिणाम हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।मुख्य अतिथि ने किया सम्मानितकार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने मेधावियों को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। हाईस्कूल वइंटरमीडिएट की प्रियंका सोनी, गुलनाज, इशिका सोनी, वैभवी मिश्रा, जोया, अल्फिया, बुसरा अजीज, इनिमा सहित अन्य छात्र-छात्राओं को विद्यालय संरक्षिका अनुराधा गुप्ता व उपासना शरण ने सम्मानित किया। जेल पर्यवेक्षक ने कहा कि सच्ची लगन से ही प्रतिभा निखरती है, जिससे विद्यालय का नाम रोशन होता है।उत्साहपूर्ण माहौल में कार्यक्रम संपन्नसमारोह में यूपी बोर्ड परीक्षा के संतोषजनक परिणामों पर सभी ने प्रसन्नता जताई। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कमलचंद वर्मा, राम किशोर गुप्ता, नमामि गंगे संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल, आशीष मिश्रा, लीना श्रीवास्तव, जुबेरिया, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दूस, अवधेश श्रीवास्तव, अंशुमान, विनीता, खुशनुमा, मोहनीस, प्रतिभा, रवि कुमार आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।मेधावियों के लिए प्रेरणा स्त्रोतयह समारोह छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ, जहां अभिभावकों व शिक्षकों ने मेहनत व लगन पर बल दिया।

# समाधान दिवस में 122 शिकायतें मिलीं, 23 निपटीं



देवरिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत की गयी जनसुनवाई। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर द्वारा थाना खुखुन्दू में जनसमस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 122 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 23 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गयीं।

## कार्डधारकों को मई माह का निःशुल्क राशन 8 मई तक मिलेगा

देवरिया। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह मई, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण कराया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (गेहूं 10 किग्रा एवं चावल 25 किग्रा) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट (प्रति व्यक्ति) 5 किलोग्राम खाद्यान्न (गेहूं 1 किग्रा एवं चावल 4 किग्रा) निःशुल्क दिया जाएगा। जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने निकटतम उचित दर दुकान से उपरोक्त निर्धारित मात्रा के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर लें। यह वितरण 24 अप्रैल 2026 से 08 मई 2026 के मध्य किया जाएगा।

## बभनी कालेज के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

देवरिया। निकटवर्ती ए आर डी इंटर कालेज बभनी के छात्र छात्राओं द्वारा बोर्ड परीक्षा में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया गया है। सफलता के क्रम में अंजली गुप्ता 93% सदरे आलम 92% अदिति मिश्रा 91.6% अनुज पांडे 91% सहित कुल 35 छात्र छात्राओं ने 85% से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया।सभी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले मेधावियों को विद्यालय के प्रधानचार्य महेंद्र प्रसाद गोंड द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबन्धक जय दुर्गेश सिंह ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार के पास ईट लदी ट्रैक्टर टाली के चपेट में आने से अजय कुशवाहा पुत्र स्व गुलाब कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर जहां गाँव शोक में डूब गया गया वही परिवार में कोहराम मच गया .है।बताया गया है कि ग्राम पडरी तिवारी थाना सलेमपुर कोतवाली निवासी अजय कुशवाहा (25) अपने ससुर का उपचार कराने वाराणसी गया था। दवा के साथ ससुर को उनके घर ग्राम नोनापार छोडकर अपने घर पडरी तिवारी जा रहा था कि रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।अगल बगल के लोगों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना पर वहां आये परिजन रोने बिलखने लगे।मौत के बाद पुरे गाँव में मातम छा गया।मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर ट्राली चालक वहां से भाग निकला।पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया।

## लोहियावाद के सजग समर्थक थे बृजभूषण तिवारीः चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। डुमरियागंज के पूर्व सांसद, समाजवादी विचारक, लेखक, संसद विद एवं समाजवादी नेता स्मृतिशेष बृजभूषण तिवारी लोहियावाद के सजग समर्थक थे जिस नाते उन्हें सीमांत लोहिया कहा गया, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित बृजभूषण तिवारी स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बृजभूषण तिवारी ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में पढ़ते समय डा लोहिया को साक्षात सुनने, देखने और संपर्क में आने के बाद खुद को समाजवाद को समर्पित कर दिया।सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के गठनोपरांत स्मृतिशेष नेताजी मुलायम सिंह यादव द्वारा बृजभूषण तिवारी को देवरिया का संगठन प्रभारी बनाए जाने के बाद उनके साथ किए गए संगठनात्मक काम को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि में कहा कि बृजभूषण तिवारी दल, नीति, नेता और संगठन को समर्पित एक ऐसे महान व्यक्तित्व हैं जो नई समाजवादी पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित डा दिनेश चन्द यादव, सतेंद्र यादव, मार्कण्डेय नाथ तिवारी, सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, गोविंद यादव, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, लोरिक याद, संतोष मद्धेशिया आदि ने समाजवादी पुरोधा बृजभूषण तिवारी को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# 21 मई तक स्वगणना, 22 मई से घर-घर सर्वे; लापरवाही पर होगी एफआईआर

जिला संवाददाता

देवरिया। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में 7 से 21 मई तक स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान संचालित किया जाएगा। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक घर-घर सर्वेक्षण (मकान सूचीकरण) का कार्य शुरू होगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं और व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है।डीएम ने बताया कि स्वगणना के तहत नागरिक ऑनलाइन पोर्टल या क्यूआर कोड के माध्यम से स्वयं अपने एवं अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर संपर्क, जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण, विद्यालयों व महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम तथा विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराया जाएगा।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें। आमजन को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर व पंपलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया है। शिक्षकों, व्यापारियों, स्वयंसेवी संगठनों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।डीएम ने बताया कि स्वगणना चरण के बाद 22 मई से शुरू होने वाले घर-घर सर्वेक्षण में गणनाकर्मी प्रत्येक मकान पर जाकर उसका विवरण दर्ज करेंगे। इस दौरान पूरे अभियान की सतत निगरानी व समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।प्रशिक्षण में लापरवाही पर सख्ती, दर्ज होगो प्राथमिकी।जनगणना प्रशिक्षण को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने या ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले प्रगणक एवं सुपरवाइजर के विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए ऋक्षफ़ दर्ज कराई जाएगी।इस धारा के तहत दोषी को तीन वर्ष तक की सजा, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है।प्रशासन के अनुसार, सबसे पहले अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी लापरवाही या कार्य से इनकार की स्थिति में संबंधित के खिलाफ ऋक्षफ़ दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने स्पष्ट किया कि तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना की सुविधा 7 से 21 मई 2026 तक उपलब्ध है। सभी नागरिक दफ कोड स्कैन कर या वेबसाइट पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें।

## डीएम का कलेक्ट्रेट कार्यालयों का निरीक्षण

फतेहपुर। जिलाधिकारी ने अभिलेखागारों का सघन निरीक्षण किया, रिकॉर्ड व्यवस्था को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए।फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अभिलेखागार, भूलेख एवं बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों व पत्रावलियों का बारीकी से जायजा लिया तथा कार्यप्रणाली में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण में अभिलेखागार के मुआयना रजिस्टर, दस्तावेज मूल बैनामा वापसी रजिस्टर, सहायक अभिलेखपाल की मालपत्रावली एवं दाखिल-खारिज दफ्तरी आदि का अवलोकन किया गया। भूलेख कार्यालय में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना कीपत्रावलियां, कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड तथा बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय में लंबित वादों के निस्तारण एवं चकबंदी ग्रामों की पत्रावलियों को परखा।जिलाधिकारी ने पाया कि रैकों पर फ्लैक्सी लगाकर पत्रावलियों का विवरण अंकित नहीं किया गया है तथा नक्शों का डिजिटलीकरण अभी तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने तत्काल इन कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।डॉ. निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट लहजे में कहा कि सभी रैकों पर बाहर फ्लैक्सी चस्पा कर पत्रावलियों का स्पष्टविवरण अंकित किया जाए।

नक्शों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का तहसील एवं जनपद स्तर पर सत्यापन कराकर तत्परता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थी शीघ्र लाभान्वित हो सकें। चकबंदी वादों का भी निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटारा किया जाए। फाइलों एवं पत्रावलियों का वैज्ञानिक रख-माध्यम से पत्राचार का आदान-प्रदान अनिवार्य रूप से किया जाए।उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिलेखागारों में पारदर्शिता एवं व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए।

## जन समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहे कन्हैया पांडेय



कुशीनगर। फाजिलनगर ब्लाक के ग्राम गौरा खोर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता कन्हैया पांडेय पुत्र स्व गोपीचंद पांडेय (56 वर्ष) के ब्रह्मभोज के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति कुशीनगर के जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा ने कहा कि श्री पांडेय जन समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहे। वह जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय और कुशीनगर में मैत्रेय विरोधी आंदोलन में सक्रिय रहे। उनके निधन से समाज ने एक सच्चा मित्र खो दिया। श्री पांडेय काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज के दौरान वाराणसी के एक अस्पताल में 14 अप्रैल 2026 को निधन हो गया। स्व. पाण्डेय के पुत्र इंजीनियर हेमंत कुमार पांडेय ने कहा कि वह पिता के बताएं मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करेंगे। इस अवसर पर भाई सुभाष पांडेय, राजेंद्र पांडेय, योगेंद्र पांडेय, हरेंद्र पांडेय, श्रीकृष्ण पांडेय, समाजसेवी रमेश सिंह, राजन कुमार गोंड, मुकुल तिवारी, राकेश पांडेय, सत्यव्रत पांडेय, विजय मिश्रा, प्रधान हरिकेश यादव सहित सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठी आयोजित

3



जिला संवाददाता

देवरिया। जनपद में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर विविध कार्यक्रम हुए। जैसे गोष्ठी, रैली, शिविर, परिचर्चा इत्यादि गतिविधियों के जरिए जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। इस क्रम में औरीचौरा स्थित नवोदय विद्यालय में बच्चों के बीच सीएमओ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ ने जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए बच्चों को शपथ दिलाया।

सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि मलेरिया से बचने के लिए अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ साथ मच्छरों से बचाव करें। मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था, जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य पूरे साल चलता रहता है। इसके साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर वहां प्रभावी रोकथाक व नियंत्रण के लिए उचित कार्यवाई का रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। सहभागिता से ही मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया आदि संचारी रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ह्लमलेरिया मुक्त जिला हो हमाराह्व, ह्लमच्छरदानी अपनाओ, मलेरिया भगाओह्व जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

इस दौरान डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार, डिप्टी सीएम डॉ. अश्वनी पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी नवीन कुमार, मलेरिया इस्पेक्टर विवेक सिंह, स्मिता सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# महिला आरक्षणः महिला- विरोधी ताकतों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ेगी भाजपाः डॉ. रमापति राम त्रिपाठी




कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी शनिवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विगत 16 और 17 अप्रैल को संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है और अपने महिला-विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नीति-निर्माण में महिलाओं को भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। जिन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर में बाधा डाली है, उन्हें आने वाले चुनावों में महिलाओं के कड़े आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष के झूठ को बेनकाब करते हुए स्पष्ट किया कि परिसीमन से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा; बल्कि दक्षिण भारत का आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहेगा और बढ़ेगा। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल कोटा के भीतर धर्म-आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग उठाकर प्रक्रिया को टालने की कोशिश कर रहे हैं, जो तुष्टिकरण और ध्यान भटकाने का एक तकनीकी बहाना मात्र है।16 और 17 अप्रैल को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पर हुई चर्चा देश के लोकतांत्रिक भविष्य और महिलाओं की भागीदारी से जुड़ा एक ऐतिहासिक अवसर था। लेकिन इन दो दिनों में केवल एक विधेयक ही सदन में नहीं गिरा, बल्कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके देश की आधी आबादी की नजरों में हमेशा के लिए गिर गए। कहा कि ये दल लोकतंत्र के रक्षक होने का दिखावा करते हैं, लेकिन वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ और तुष्टिकरण के कारण महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह राजनीति का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित में निर्णय लेने का समय है।विपक्ष के इस महिला-विरोधी रवैये के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने हेतु इन महिला-विरोधी ताकतों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रभा पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष व महिला जन आक्रोश अभियान की जिला संयोजक डॉ सीमा गुप्ता, जिला मंत्री विश्वरंजन कुमार आनन्द, जिला मीडिया प्रभारी अमित राय उपस्थित रहे।

## 3 64 मामलों की सुनवाई कई का निस्तारण

फतेहपुर। में चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवसआयोजित, 64 जनशिकायतों पर त्वरित कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों ने जनता की शिकायतें सुनीं तथा राजस्व व पुलिस टीमों के सहयोग से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया।प्राप्त शिकायतों का विवरणकार्यक्रम में कुल 64 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 45 राजस्व से संबंधित तथा 19 पुलिस से जुड़े थे। इनमें से राजस्व टीम के साथ 9 तथा पुलिस से संबंधित 3 प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर भी शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए, ताकि जनता को जल्द न्याय मिल सके।नागरिकों की सहूलियत पर जोरथाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की छोटी-बड़ीसमस्याओं का प्राथमिक स्तर पर ही समाधान करना है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने सभी थानों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो तथा संबंधित विभागों से समन्वय बनाए रखा जाए।इससे प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच गली-मोहल्ला स्तर तक मजबूत हो रही है।इस आयोजन से जनता में काफी उत्साह दिखा तथा भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रहने की उम्मीद है।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन 27 को

बहराइच। उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव का 27 अप्रैल 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. उपाध्यक्ष 27 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचेंगी। श्रीमती यादव पूर्वान्ह 11:00 बजे सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान, तुलसीपुर, श्रावस्ती भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगी। तदोपरान्त अपरान्ह 01:00 बजे संयुक्त चिकित्साल्य बहराइच स्थित महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी तथा नवजात शिशुओं, बालिकाओं जन्मोत्सव एवं किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।

संक्षेप

## संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के मोहल्ला हफीजपुर निवासी 70 वर्षीय भवानीलाल की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है, हालांकि परिजन किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के पक्ष में नहीं हैं। परिवार के सदस्य प्रभाकर ने पुलिस कार्रवाई से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम कराने से भी मना कर दिया फिलहाल बिना पोस्टमार्टम के ही अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

## झांसा देकर हजारों की ठगी

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज की निवासिनी मायावती पत्नी रामपाल उम्र करीब 50 वर्ष से ठगो ने 5 रुपए के पुराने नोट के बदले 18 लाख का झांसा देकर 15749 रुपए ठग लिए है।पीड़िता मायादेवी के शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 24 अप्रैल को समय दोपहर करीब एक बजे मेरे फोन पर एक 5 रुपए के पुराने नोट की वीडियो (रिल)के द्वारा 18 लाख का लालच देकर मुझसे 15749 रुपए ठग लिए यह पैसा मैने जे बी गंज स्थिति इकबैंक मित्र प्रभात मिश्रा के ग्राहक सेवा केंद्र से मोबाइल नंबर 6375119403, 6367329517,6350643069 पर तीन बार में डलवाए हैं पहले 750 दूसरी बार 7500 और तीसरी बार 7499 रुपए जिनकी मेरे पास रसीद मौजूद है,यह पैसा मैने अपनी पायल गिरवी रखकर लाई थी इसके बाद ठगो ने और पैसे की मांग की तब मुझे अपने ठगे जाने का अहसास हुआ। में एक असहाय महिला हूं मेरे आगे पीछे कोई नहीं है में जैसे तैसे अपना भरण पोषण करती हूं।पसगवां पुलिस पीड़िता की तहरीर पर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## अखिलेश यादव का पुतला फूंकने से नाराज सपा नेता ने दी तहरीर

लखीमपुर खीरी। महिला जन आक्रोश अभियान के तहत शनिवार को भाजपा की महिला पदाधिकारीयों ने कलेक्ट्रेट गेट पर राहुल गांधी व अखिलेश यादव का पुतला फूक दिया। पुतला फुकने से नाराज समाजवादी पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष प्रख्याति खरे ने भाजपा महिला पदाधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कोतवाली लखीमपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## दीक्षांत परेड से पहले महिला आरक्षियों के सम्मान में अधिकारियों ने परोसा भोजन

सीतापुर। पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड से पूर्व रिक्रूट महिला आरक्षियों के सम्मान में पारंपरिक बड़ा खाना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। देर रात आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी महिला आरक्षियों का उत्साह बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने उनके साथ बैठकर भोजन किया और संवाद स्थापित किया। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी दुर्गेश सिंह, आलोक सिंह समेत सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने करीब नौ माह के कठिन, अनुशासित और समर्पित प्रशिक्षण की सराहना करते हुए महिला आरक्षियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान अधिकारियों ने महिला आरक्षियों को भविष्य में अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि अधिकारियों ने स्वयं महिला आरक्षियों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जिससे आयोजन में आत्मीयता और सौहार्द का माहौल नजर आया। अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए पुलिस सेवा के मूल्यों और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। सामूहिक भोजन से टीम भावना और आपसी समन्वय को भी मजबूती मिली। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये महिला आरक्षी जल्द ही पासिंग आउट परेड में शामिल होकर उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनेंगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी।

# शत-प्रतिशत रिजल्ट से चमका रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज








गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज, शाहाबुद्दीनपुर (अजान) का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा और मेधावी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

हाईस्कूल में अभिषेक पाण्डेय व शिप्रा वर्मा ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। हिंदी माध्यम में नारायण 88.83 प्रतिशत, निखिल पटेल 86.83 प्रतिशत, आकाश सिंह 86.50 प्रतिशत, सर्वेश कुमार 85.83 प्रतिशत, आरुष पटेल 85.00 प्रतिशत, अंशुल कुमार 84.33 प्रतिशत, आकांक्षा पटेल 84.17 प्रतिशत, रुचित कुमार 83.67 प्रतिशत, अनुष्का मिश्रा 83.17 प्रतिशत, प्रियांशी 82.50 प्रतिशत, अंजली राज 82.33 प्रतिशत, वाशू पाण्डेय 82.00 प्रतिशत तथा मेघा यादव व आदित्य कुमार 81.50-81.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी माध्यम में अभिषेक पाण्डेय 90.33 प्रतिशत, अभिषेक पाण्डेय (द्वितीय) 87.17 प्रतिशत, अविरल मिश्रा 84.83 प्रतिशत, सृष्टि वर्मा 84.17 प्रतिशत, आयुष यादव 81.33 प्रतिशत, आदर्श गुप्ता 81.00 प्रतिशत तथा त्रेयशी कश्यप व मांशी राठौर 80.17-80.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफल रहे। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अनुज कुमार ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सजल शर्मा 85.80 प्रतिशत, मो. हसीन 81.60 प्रतिशत, श्रेय वर्मा व नसरा 80-80 प्रतिशत, ईशा यादव 76.60 प्रतिशत, मो. सदाब 75.80 प्रतिशत, सतेंद्र कुमार शुक्ला 75.00 प्रतिशत, कायनात 74.60 प्रतिशत, उपासना देवी 74.40 प्रतिशत व रुखसार 74.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप सूची में शामिल रहे। प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नियमित मार्गदर्शन के कारण हर वर्ष बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं।

## जिला टॉप अर्जित के घर एसडीएम ने पहुंचकर दी बधाई



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अर्जित गुप्ता ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। इस उपलब्धि पर प्रशासन व विद्यालय प्रबंधन ने छात्र को बधाई दी। एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी, प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा व प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया अर्जित गुप्ता के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्र का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी ने कहा कि अर्जित गुप्ता की यह सफलता कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेधावी छात्र पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए, तभी सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विद्यालय के शैक्षिक स्तर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

## निजी किताबों की लूट और फीस वसूली पर एबीवीपी का हमला



सीतापुर। शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्थाओं और छात्रों के शोषण के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को सख्त तेवर अपनाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने निजी प्रकाशकों की मनमानी, महंगी किताबों की जबरन बिक्री और स्कूलों द्वारा अवैध फीस वसूली जैसे मुद्दों पर प्रशासन को घेरा। नगर मंत्री अनुराग मिश्रा ने आरोप लगाया कि शासन के निर्देशों के बावजूद कई विद्यालय एनसीईआरटी पैटर्न को नजरअंदाज कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन किताबों की कीमत सरकारी दर से तीन-चार गुना ज्यादा है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। एबीवीपी ने मांग की कि सभी विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू की जाएं। परिषद ने यह भी उठाया कि शहर के स्टेशनरी दुकानदार कम कमीशन के कारण सरकारी किताबें रखने से बच रहे हैं, जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने हर दुकान पर सरकारी पाठ्यक्रम की किताबें उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में ह्यपुन: प्रवेशह्न के नाम पर वसूली और बढ़े हुए शिक्षा शुल्क को शिक्षा का खुला व्यवसायीकरण बताया गया। एबीवीपी ने इसे तत्काल बंद कराने की मांग की, ताकि हर वर्ग के छात्रों को समान अवसर मिल सकें। इसके साथ ही परिषद ने ग्रामीण क्षेत्रों में कक्षा 8 के बाद तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास केंद्र खोलने, तथा स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुचारु रूप से संचालित करने की मांग भी रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, जिला संगठन मंत्री हर्षित सिंह, अभिषेक ओझा, विभाग संयोजक अमन शांडिल्य, जिला संयोजक दिव्यांशी गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

## डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं जन समस्याएं ,त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना खैराबाद में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना।

इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें भूमि विवाद, आपसी रंजिश, अवैध कब्जा और महिला संबंधी प्रकरण प्रमुख रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने विशेष रूप से कहा कि आपसी विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

संवेदनशील मामलों में आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। महिला अपराधों, भूमि विवादों और अवैध कब्जों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण करने को कहा गया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। इसके अलावा अधिकारियों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में सभी शिकायतों का पूरा विवरण दर्ज करने और अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला टॉपर अर्जित व आयकर विभाग में चयनित पारस कोहली सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हाईस्कूल में जिला टॉप करने वाले अर्जित गुप्ता एवं आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट बने पारस कोहली को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान दोनों प्रतिभाओं की उपलब्धियों को नगर के लिए गौरवपूर्ण बताया गया।

पालिकाध्यक्ष सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अर्जित गुप्ता के घर पहुंचे और उन्हें 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के सदस्यों को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। इसके अलावा पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली के पुत्र पारस कोहली के आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद पर चयन होने पर उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बताया गया कि पारस कोहली आगामी आठ सप्ताह की ट्रेनिंग के लिए देहरादून जाएंगे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अर्जित गुप्ता की सफलता नगर के युवाओं के लिए प्रेरणा है, वहीं पारस कोहली की उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा विनोद स्वर्णकार, सुर्जन लाल वर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, सेवानिवृत्त शिक्षक श्याममूर्ति शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविंद्र कटियार, युवा संचालक संजीव दीक्षित, आचार्य लवकुश अवस्थी और नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नवोदय विद्यालय ने जीता अस्मिता खेलो इंडिया महिला हैंडबॉल लीग का खिताब

सीतापुर। मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम में अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला हैंडबॉल लीग का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नवोदय विद्यालय और हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नवोदय विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-3 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।



आयोजन सचिव राज शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महिला थाना अध्यक्ष मधू यादव ने विजेता टीम को टी-शर्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में खेलों की अहम भूमिका है और ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सचिव राज शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में लौंग श्री यादव, संतोषी गुप्ता, अनुप्रिया, नीलम, रवि, धीरेन्द्र और संतोष सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## यादों और भावनाओं के बीच एनकेकेसी कॉलेज में हुआ विदाई समारोह



बिसवां/सीतापुर। नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा में बीएससी एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित विदाई समारोह धूमधाम और भावनात्मक माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। गीत, संगीत और नृत्य ने माहौल को जीवंत बना दिया, वहीं छात्रों के अनुभव साझा करने से वातावरण कई बार भावुक भी हो उठा। गेम्स और संवाद के जरिए जूनियर्स और सीनियर्स के बीच खास जुड़ाव देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. सुधाकर वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विदाई अंत नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। उन्होंने छात्रों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डायरेक्टर सन्तोष वर्मा, ओएसडी डॉ. राहुल वर्मा, चीफ प्रॉक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवांशु राठौर सहित कई शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह के अंत में छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार जताया और एक-दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भावनाओं से भरा यह विदाई समारोह महाविद्यालय परिवार के लिए एक यादगार पल बन गया।

## एनएच-30 पर चार वाहन भिड़े, होमगार्ड परीक्षा देने जा रहे दो अभ्यर्थी समेत 4 घायल

सीतापुर। जिले में शनिवार सुबह एनएच-30 पर बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें चार वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो अभ्यर्थियों समेत चार लोग घायल हो गए।

घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार सिधौली कस्बे के पास हरियाणा रोडवेज की एक बस हाईवे से गुजर रही थी। इसी दौरान आगे चल रहे दो बाइक सवार अभ्यर्थियों को बचाने के प्रयास में बस चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ब्रेक लगते ही बस बाइक से टकरा गई, जिससे दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। हादसा यहीं नहीं थमा। बस के पीछे आ रहा ट्रक समय से ब्रेक नहीं लगा सका और बस में जा भिड़ा। इसके बाद पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने पहले ट्रक को टक्कर मार दी, जबकि एक मैजिक वाहन भी आकर टकरा गया। इस तरह चार वाहन आपस में भिड़ गए। घायलों की पहचान बख्शी का तालाब निवासी करण सिंह पुत्र राम किशोर, हैप्पी सिंह पुत्र अजीत कुमार, ट्रक चालक वसीम पटेल और मैजिक चालक प्रांशु सिंह निवासी बरगदिया के रूप में हुई है। सभी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार्यकाल खत्म होने से पहले प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक कुम्भी गोला परिसर स्थित ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 26 मई को पूरा हो रहा है। इतने कम समय में नए चुनाव कराना संभव नहीं है, ऐसे में जब तक नई चुनाव प्रक्रिया पूरी न हो जाए, तब तक वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया जाए, जिससे गांवों के विकास कार्य प्रभावित न हों। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि इस मांग को लेकर जल्द ही अधिकारियों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा, ताकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कुम्भी ब्लॉक अध्यक्ष दीपक सिंह, बिजुआ ब्लॉक अध्यक्ष ओमकार सिंह, पलिया ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## विपक्ष नहीं चाहता की महिलाएं सशक्त बने: मंत्री




लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर की जिला सहकारी बैंक सभागार में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रेस वार्ता करते हुवे आरोप लगाया कि विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाओं को सशक्त बनाया जाए और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़े। उन्होंने कहा कि संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास न होने देना विपक्ष की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि विकसित भारत के लिए नारी सशक्तिकरण बेहद जरूरी है। लेकिन कांग्रेस और सपा जैसे दलों ने इस बिल का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ काम किया। मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह बिल ऐतिहासिक था, लेकिन विपक्ष के रवैये से उनका असली चेहरा उजागर हो गया। उन्होंने दावा किया कि देशभर में महिलाएं इस मुद्दे पर आक्रोश जता रही हैं। श्रीनगर विधान सभा क्षेत्र की विधायक मंजू त्यागी, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, लखीमपुर कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, लखीमपुर ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंह, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी,जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण अग्रवाल, संतोष कुमारी समेत कई भाजपा नेतओ ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री संगीता पुरी ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव ने की, सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग किया युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम पांडे,जिला मंत्री शरद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अशोक अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।

## डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्कूल का दौरा कर बच्चों के बीच बैठकर जानी पढ़ाई की असली तस्वीर



जिला संवाददाता

**कक्षा में खुद बने शिक्षक, बच्चों से संवाद कर परखा अधिगम स्तर, दिए निर्देश**

लखीमपुर खीरी। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह शनिवार को विकास क्षेत्र लखीमपुर के प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंच गए। डीएम के अचानक पहुंचने से विद्यालय में हलचल जरूर दिखी, लेकिन उन्होंने पूरे निरीक्षण को गंभीरता और गहराई से अंजाम दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम कक्षा-5 में चल रही स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। स्मार्ट टीवी पर पढ़ाई जा रही विषय वस्तु पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर दिया।

इसके बाद डीएम ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके शैक्षिक स्तर की जांच की। इस दौरान वे स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए और बच्चों को समझाते हुए भी देखे गए।

होनहार छात्र अनमोल ने गणित विषय में महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने उसकी सराहना करते हुए शिक्षक-अभिभावक बैठक में सम्मानित करने के निर्देश दिए। अन्य विद्यार्थियों का अधिगम स्तर भी संतोषजनक पाया गया।

डीएम ने अन्य कक्षाओं में पहुंचकर भी पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था और बच्चों की सहभागिता का बारीकी से निरीक्षण किया और छात्रों से घुल-मिलकर संवाद किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मिड डे मील की भी जांच की और स्वयं भोजन की गुणवत्ता परखी, जो मानकों के अनुरूप पाई गई।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पहले दिन सख्त पहरे में हुई होमगार्ड परीक्षा

लखीमपुर खीरी। उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2026 के पहले दिन जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13056 में से 9970 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3086 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।



डीएम अंजनी कुमार सिंह ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज और आर्य कन्या डिग्री कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निदेशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 6528 के सापेक्ष पहली पाली में 4893 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1635 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 5077 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1451 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 26 और 27 अप्रैल को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

# आयुक्त और डीएम-एसपी ने लिया होमगार्ड भर्ती परीक्षा का जायजा



जिला संवाददाता

**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार ने जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपद के केंद्रों का निरीक्षण किया।

नगर पालिका बालिका विद्यालय परीक्षा केंद्र पर कुल 480 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 384 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान केंद्र पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति को जनरेटर, पंखों की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। खानकाह इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर कुल 384 अभ्यर्थियों में से 307 अभ्यर्थी उपस्थित पाए गए। इसके बाद आदर्श बजरंग विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर कुल 480 अभ्यर्थियों में से 375 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस केन्द्र पर 23 सीसीटीवी कैमरे स्थापित पाए गए। साथ ही ठंडे पेयजल हेतु आरओ, जनरेटर एवं पर्याप्त विद्युत एवं पंखों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था पूर्णतः सक्रिय रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी तरह जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नगर पालिका बालिका उत्तर माध्यमिक विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज खुरहंड स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम से जाकर परीक्षा को संपन्न कराए जाने का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेट से परीक्षाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में पेयजल व्यवस्था जनरेटर एवं अन्य सुविधाओं तथा परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक हाजिरी आज की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य, संबंधित अधिकारी, क्षेत्राधिकार पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर चल रही सघन चेकिंग, अभ्यर्थियों की जांच व्यवस्था और तैनात पुलिस बल की मुस्तैदी का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी टीमों को सक्रिय रखा गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की भी समुचित तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन व व्यवस्थित चेकिंग सुनिश्चित कराई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। जनपद पुलिस ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था का दावा करते हुए कहा है कि पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## होमगार्ड परीक्षा केन्द्रों का डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने किया निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज होमगार्ड परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर तथा आरजीपी इंटर कॉलेज बिजनौर स्थित परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गईं। परीक्षा कक्षों में एग्जामिनर्स के पहचान पत्र तथा केंद्र परिसर में कार्यरत अन्य कार्मिकों के पहचान पत्र भी उनके पास पाए गए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम के सभी कैमरे संचालित एवं सतत निगरानी में पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।


## सर्राफा व्यापारी की हत्या को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन



**बांदा।** बबेरू कोतवाली कस्बे के मोहल्ला दूल थोक पूनी बाबू चक्की के पास शुक्रवार रात सोने का काम करने वाले 43 वर्षीय व्यापारी को सीने मे कस्बानिवासियों ने गोली मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर व्यापारियों व परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बिना परिवार व व्यापारियों को सूचित किए शव ले गई। इस पर व्यापारी उत्तेजित हो गए।

बबेरू कस्बे के दूल थोक निवासी 45 वर्षीय तेज प्रकाश सोनी उर्फ पप्पू पुत्र हरीप्रसाद सोने-चांदी का कारीगर है। शुक्रवार रात उसे पूनी बापू चक्की के पास सरार्फा बाजार के पास मोहल्ले के लोगों ने सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। डाक्टर ने देखते ही मृतघोषित कर दिया। परिजनों के बगैर सूचना के शव मुख्यालय भेजने पर परिजनों व व्यापारियों ने प्रदर्शन शुरू कर अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। पत्नी स्नेहा ने बताया कि हमलावर सुबह दो बार घर आया और अभी शाम फोन कर बुलाया था। वहीं घटना को अंजाम दे दिया। मृतक के दो पुत्र हैं। सरार्फा बाजार के पास घटना हो जाने पर सैकड़ों सरार्फा व्यापारी अस्पताल पहुंचे नारेबाजी की। घटना स्थल पर भारी फोर्स तैनात रहा। शनिवार को व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग की है।

## खेतों में लगी आग, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड



**बांदा।** पैलानी तहसील के कानाखेड़ा और झंझरी पुरवा के बीच खेतों में शनिवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और अब यह गांव की आबादी की ओर तेजी से बढने लगी। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों के मुताबिक आग लगे करीब एक घंटा बीत चुका है, लेकिन सूचना देने के बावजूद अब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंची हैं। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। आग की लपटें लगातार फैलती जा रही हैं और खेतों में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। हालात बिगड़ते देख गांव के लोग खुद ही बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुटे हुए हैं। महिलाएं और बच्चे भी घरों से पानी लाकर आग पर काबू पाने में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल विभाग नहीं पहुंचा तो आग गांव में प्रवेश कर सकती है, जिससे बड़ी जनहानि और संपत्ति का नुकसान हो सकता था। फिलहाल पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है और लोग प्रशासन से तत्काल मदद की मांग कर रहे हैं।

## कुल्हाड़ी से घातक वार महिला समेत दो घायल

**ललितपुर।** जिले के थाना तालबेहट क्षेत्र में खेत पर काम करने के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खेत पर मौजूद व्यक्ति और उसे बचाने आईं उनकी मां पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 10 बजे की है। ग्राम सरखडी (मजरा चपचर) के निवासी श्यामलाल कुशवाहा अपने खेत पर मौजूद थे। शिकायत के अनुसार, झांकरवारी के विवाद को लेकर गांव के ही फूलचन्द्र कुशवाहा, वंशी कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा और दीपक कुशवाहा वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीडित श्यामलाल का आरोप है कि जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान श्यामलाल को बचाने आईं उनकी माता मुन्नी कुशवाहा को भी आरोपियों ने जमकर पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। साथ ही, आरोपी हीरालाल कुशवाहा ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से श्यामलाल पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीडित ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि मारपीट के बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट की, तो वे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## टीबी मरीजों को बांटी गयी पोषण सामग्री

**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टीबी मरीजों को पोषण सामग्री (पोषण पोटली) का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह कार्यक्रम मरीजों को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि वह शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकें। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने जानकारी दी कि टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। आम नागरिक, अधिकारी और समाजसेवी संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकते हैं और सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने स्पष्ट किया कि टीबी एक पूर्ण रूप से इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए आवश्यक है कि मरीज नियमित रूप से अपनी दवा का सेवन करें और उचित पोषण प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जनाक्रोश कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर बोला हमला




**बांदा।** लोकसभा में विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के खिलाफ आयोजित किये जाने वाले जनाक्रोश कार्यक्रम के तहत भाजपा की महिलाओं ने आज जनाक्रोश प्रेसवार्ता, महिला सम्मेलन व पदयात्रा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टांहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयक को कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है। विपक्ष ने इस मुद्दे को टालना उनकी राजनीतिक स्वार्थपूर्ण सोच है और महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। कहा कि परिसीमान एक संवैधानिक प्रक्रिया है लेकिन विपक्ष द्वारा इस विषय पर भ्रम फैलाकर महिलाओं के अधिकारों में बाधायें डाल रहा है। कहा कि यह केवल एक विधेयक ही नहीं बल्कि देश की करोडो माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का विरोध है। लेकिन भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि की अगुवाई में महिलाओं ने जनाक्रोश यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मालती बासू, जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता, विनोद जैन, जाग्रति वर्मा, अर्चना शुक्ला, मुन्नी गुप्ता, मंजू देवी, रूपा चैहान, रीता गुप्ता, अनीता शुक्ला, रंजना श्रीवास्तव, रूपा सिंह चैहान, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चैरसिया, अमित सेठ भोलू, संतोष राजपूत, लखन कुशवाहा, दिलीप तिवारी, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पालिका बोर्ड की बैठक में करोड़ो का बजट पास, नगीना में फिर बहेगी विकास की गंगा

जिला संवाददाता




**नगीना, बिजनौर।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 2026-27 की अनुमानित आय का बजट पेश करते हुए 47 करोड़ 13 लाख की आय एवं 45 करोड़ 10 लाख रुपए का व्याय कल 2 करोड़ 3 लाख का फायदे का बजट पेश किया गया। बैठक में अधिकांश सभासदों ने सड़क निर्माण न होने, पथ प्रकाश, फ्रीजर, शवयात्रा वाहन समेत अनेक समस्याओं को लेकर सभासदों ने अपना गुस्सा जाहिर किया।

पालिका अध्यक्ष ताहिरा बेगम की अध्यक्षता एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी आशुतोष जायसवाल के संचालन में आयोजित पालिका बोर्ड की बैठक मे प्रधान लिपिक इफ्तेखार जैदी ने नगर में हुए विकास कार्यों सड़क निर्माण नाली, नालो, पुलियो का निर्माण व अन्य विकास कार्ये पटल पर रखे तो सभासद राजकुमार उर्फ जोनी, कपिल पवार, रोहित बिश्नोई, मौ0 असलम समेत अधिकांश सभासदों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की जिन सड़कों के निर्माण कराने को वार्ड सभासद लिखकर देते है उन सड़कों का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जबकि वार्ड सभासद उन सड़कों का निर्माण कराने या उन विकास कार्यों को कहते है जिनकी वार्ड वासियों को जरूर होती है। सभासदों ने नगर के खराब पढ़ें फ्रीजर को ठीक कराने का मुद्दा भी उठाया। सभासदों ने अंबेडकर पार्क में अंबेडकर लाइब्रेरी, शव यात्रा वाहन, पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखने की मांग को भी जोरशोर से उठाया। वार्ड सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के सड़कों का निर्माण वह अन्य विकास प्रस्ताव लिखित रूप में दिए। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम, अधिशासी अधिकारी आशुतोष जैसवाल ने सभी सभासदों को आश्वास देते हुए कहा कि अब सभासदों द्वारा तैयार कार्ये योजनाओ पर ही विकास कार्य कराए जाएंगे। नामित सभासदों नीरज बिश्नोई, विनोद अग्रवाल, डॉ भूपेश चैहान, सोहन सैनी, मनोज टंडन आदि ने भेदभाव रहित नगर विकास पर जोर दिया। उन्होंने नगर के विकास के लिए बोर्ड के साथ रहने मिनी स्टेडियम का निर्माण कराए जाने पर जोर दिया। बैठक में 2026-27 के अनुमानित बजट को पास कर दिया गया। बैठक में चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, मोहम्मद अहमद, रईस, गोपाल शर्मा, शबनम परवीन, सायरा, बृजमोहन उर्फ बल्ली, मोहम्मद नूर, सिद्दीक मुल्तानी, नाहिद परवीन, राधा रानी, उस्मान जैदी, मौ0 शारिक, रोहित बिश्नोई, मौ0 जुनैद कुरैशी, अंजुम परवीन, शगुफ्ता परवीन, बहार फातिमा समेत सभी सभासद गण मौजूद रहे। इस मौके पर नगर पालिका का समस्त स्टाफ प्रमुख रूप से मौजूद रहा।

## डीएम व एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा जनपद में आयोजित हो रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया?। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगाह करते हुए कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# अस्मिता खेलो इंडिया के जनपद से 24 टीमों की होगी सहभागिता




**बांदा।** अस्मिता खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत जनपद में महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 26 अप्रैल रविवार को हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें पूरे जनपद से करीब 24 टीमें प्रतिभाग करेंगी शहर के हार्पर क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह है। तीनों खेलों में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से टीमें आ रही हैं, जिनमें सबसे अधिक टीमों की सहभागिता हैंडबॉल प्रतियोगिता में रहेगी। आयोजन की सफलता हेतु टीमों की अंतिम सूची, खेलवार ड्यूटी, भोजन व्यवस्था, समय-सारणी, मैदान व्यवस्था, खिलाड़ियों की सुविधा एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से कार्य किया जा रहा है। बांदा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेंद्र शर्मा ने कहा कि अस्मिता खेलो इंडिया अभियान महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद से करीब 24 टीमों की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि बांदा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। विशेष रूप से हैंडबॉल में अधिक टीमों की भागीदारी यह दशार्ती है कि जनपद में इस खेल के प्रति रुचि और उत्साह लगातार बढ़ रहा है। आयोजक सचिव अंकित कुशवाहा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जनपद की बेटियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी जैसे टीम गेम्स खिलाड़ियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। अस्मिता खेलो इंडिया के माध्यम से महिला खिलाड़ियों को ऐसा मंच मिल रहा है जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं। आयोजन समिति सभी खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों, खेल प्रशिक्षकों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों एवं मीडिया बंधुओं से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। प्रेस वार्ता एवं आयोजन समिति की ओर से रामेंद्र शर्मा अध्यक्ष, इंद्रवीर सिंह सचिव, अंकित कुशवाहा आयोजक सचिव, सुनील सक्सेना मीडिया प्रभारी, चन्द्रमौलि भारद्वाज सदस्य आयोजन समिति, रोहित जैन सदस्य आयोजन समिति, मो० अनवर अली हार्पर क्लब बैडमिंटन, पवन निषाद शतरंज कोच, शेख सादी जमा, संजय गुप्ता, शाहिद बली, प्रकाश पांडेय, बाबा फरीद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

● रविवार को हैंडबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस में सुनी फरियाद, निस्तारण के दिए निर्देश




**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की उपस्थिति में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना गिरवां में किया गया। थाना समाधान दिवस में गिरवां के एक फरियादी ने उसके घर के रास्ते में विपक्षी द्वारा दरवाजा खोलने की शिकायत की गई। इस पर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम बड़ोखर के एक फरियादी की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा किए जाने की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही करते हुए राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर कब्जा दिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर पैमाइश के प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने भूमि विवाद के मामलों में मौके पर राजस्व एवं पुलिस की टीम को भेज कर प्रकरणों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान दिवस में लंबित प्रकरणों का भी समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को घर-घर जाकर करने के लिए भी लेखपालों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित थानाध्यक्ष गिरवां, पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी, नायब तहसीलदार व लेखपाल उपस्थित रहे।

## एण्टी करप्शन टीम ने महिला वन रक्षक को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने महरौनी क्षेत्र में तैनात एक महिला वन रक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद की है। इस कार्रवाई से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, एंटी करप्शन संगठन झांसी के निरीक्षक व ट्रैप टीम प्रभारी शादाब खान की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता दयपाल सिंह निवासी ग्राम मिदरवाहा थाना महरौनी ने आरोप लगाया था कि वन विभाग की महिला वन रक्षक प्रिया कुमारी द्वारा लकड़ी से भरे ट्रक को निकलवाने के नाम पर सात हजार रुपये की मांग की जा रही थी, जो बाद में पांच हजार रुपये में तय हुई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। 24 अप्रैल को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट देकर तय स्थान पर भेजा गया। जैसे ही महिला वन रक्षक के कहने पर उसका सहयोगी (वॉचर) जाहर ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान बरामद नोटों को केमिकल टेस्ट में सही पाया गया। टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ललितपुर लाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 व 12 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे भी संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

● वॉचर सहित दो हिरासत में

## नगीना सीएचसी में तैनात डॉ. मीनाक्षी रस्तोगी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, निलम्बित

जिला संवाददाता



**नगीना, बिजनौर।** सीएचसी नगीना अपने भ्रष्टाचार को लेकर इन दिनों खूब चचाओं में हैं। आयरन के इंजेक्शन लगाने के लिए महिला चिकित्सक द्वारा मरीजों से दो-दो सौ रुपए लेने का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला मरीज बता रही है कि रुपए लेकर ही इंजेक्शन लगाए गए हैं। आरोपी महिला चिकित्सक मीनाक्षी रस्तोगी के पर्स से मरीज से लिए गए रुपए भी बरामद हुए है। मांमला संज्ञान में आने के बाद सीएमओ ने आरोपी डॉ मीनाक्षी रस्तोगी को निलंबित कर जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना इन दोनों भ्रष्टाचार को लेकर जिले भर में खूब चचाओं में है हालांकि यह सीएचसी किसी न किसी मामले के लिए हर समय विवादों में रहती ही है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार सीएचसी के कमरा नंबर दो में तैनात संविदा महिला आयुष चिकित्सक मीनाक्षी रस्तोगी शुक्रवार को आयरन के लगा रही इंजेक्शन के नाम पर गर्भवति महिला मरीजो से दो सौ रुपए लेती पकड़ी गई है।

इतना ही नहीं आरोपी चिकित्सक मीनाक्षी के पर्स से मिले रूपयों के नंबर भी मरीज महिलाओं के बताए गए नंबरों से मैच हुए हैं और ऑन कैमरा रिकॉर्डिंग में चिकित्सा प्रभारी विशाल दिवाकर के सामने मरीजों से लिए गए रुपए मीनाक्षी रस्तोगी के पर्स से बरामद होने का खुलासा हुआ है। हालांकि पर्स में निकले रुपए पर चिकित्सा प्रभारी विशाल दिवाकर नाराज तो होते दिखे लेकिन नगर में इस बात की चर्चा जोरों पर हो रही है कि चिकित्सा प्रभारी की सहमति के बिना इतनी हिम्मत उनका अधिनियस्त कर्मचारी नहीं कर सकता है।

सीएचसी प्रभारी विशाल दिवाकर ने महिला चिकित्सक मीनाक्षी रस्तोगी के निलंबित होने की पुष्टि की है। मरीजो से रुपए लेने की वीडियो वायरल हुई तो विभाग की फजीहत होता देख सीएमओ डॉ कौशलेंद्र सिंह ने आरोपी महिला चिकित्सक मीनाक्षी रस्तोगी को निलंबित करते हुए अपने ऑफिस से सम्बंध कर दिया है साथ ही साथ तीन सदस्य कमेटी गठित कर दी गई है जो सात दिन में जांच रिपोर्ट देगी।

## उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**ललितपुर।** उद्यान विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब कृषको को फॉर्मर रजिस्ट्री करानी होगी। जानकारी देते हुये जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 से निदेशालय उद्यान विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन योजनान्तर्गत प्रस्ताव संबंधित प्रोजेक्ट या मशीनीकरण हेतु आवेदन करने के लिए सुरक्षा पोर्टल संचालित किया गया है। जिसमें योजनान्तर्गत किसी भी कार्यक्रम हेतु ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु कृषकों की फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के किसी भी कृषक को योजनाओं का लाभ नहीं दिया जायेगा। इस संबंध में शासनादेश भी जारी किया जा चुका है।

उन्होंने उद्यान विभाग से जुड़े इच्छुक कृषक बंधु योजनान्तर्गत संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फॉर्मर रजिस्ट्री कराकर विभागीय योजनाओं का लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी ललितपुर में सम्पर्क कर सकते है।

## संक्षेप

### स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का दूसरा चरण

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये की फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) योजना के दूसरे चरण को लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन दिशानिर्देशों में फंड जारी करने और निगरानी की व्यवस्था शामिल है, जिनका मकसद भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में पूंजी प्रवाह की दक्षता में सुधार करना है। इस योजना को सेबी के साथ पंजीकृत श्रेणी- । और श्रेणी-2 के वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से लागू किया जाएगा, जो डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में निवेश करेंगे। मंत्रालय ने कहा इससे अनुशासित पूंजी आवंटन, निजी निवेश को बढ़ावा मिलने और विभिन्न क्षेत्रों, चरणों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में वित्तपोषण तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक प्रारंभिक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

### सीएम साय से मिला जापानी प्रतिनिधिमंडल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को जापान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के अवसरों पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई इस बैठक में साय ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राज्य में निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने अपने जापान प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्योगोन्मुखी और निवेश प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जापान की उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

### एक्सीडेंट में लोकप्रिय बिहू नृत्यांगना की मौत

गुवाहाटी। असम के तामुलपुर जिले में एक मिनी बस और एक ट्रक की भिड़त में एक लोकप्रिय बिहू नृत्यांगना की मौत हो गई और उनके दल के 11 सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। निशामोनी हलोई शुक्रवार रात को नोआखाटा इलाके में हुए पास के ही एक इलाके में बिहू प्रदर्शन के लिए मंडली के साथ यात्रा कर रही थीं तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि निशामोनी (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समूह के 11 अन्य सदस्य घायल हो गए। वाहन में महिला नृत्यांगनाओं, पुरुष ढोल वादकों और अन्य कलाकारों सहित लगभग 30 लोग सवार थे। मंडली में राज्य के विभिन्न हिस्सों के सदस्य शामिल थे। पुलिस ने बताया गंभीर रूप से घायल लोगों को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है, जबकि बाकी लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### केसीआर की बेटी कविता ने बनायी नयी पार्टी

हैदराबाद। तेलंगाना जागृति संगठन की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने शनिवार को तेलंगाना राष्ट्र सेना (टीआरएस) नामक नए राजनीतिक दल की शुरुआत की। कविता ने हैदराबाद के बाहरी इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी पार्टी के नाम और एजेंडा की घोषणा करते हुए सत्तारूढ़ कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीआरएस पर तीखा हमला किया तथा अपने पिता को एक बदला हुआ व्यक्ति बताया जिनमें कोई संवेदना नहीं है। उनके पिता के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का मूल नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था। हालांकि, राष्ट्रव्यापी स्तर पर पार्टी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजना के मद्देनजर 2022 में इसका नाम बदलकर बीआरएस कर दिया गया।

# देश को विकसित बनायें युवा

## उराष्ट्रपति ने नवाचार से भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने का किया आह्वान

एजेंसी



जयपुर। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि युवा राष्ट्र निर्माता हैं और उन्हें अपने ज्ञान का इस्तेमाल विकसित भारत के निर्माण में करना चाहिए।

राधाकृष्णन यहां राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और नवाचार के माध्यम से देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने छात्राओं द्वारा अधिक स्वर्ण पदक प्राप्त करने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बालिकाएं देश का भविष्य हैं। वे इस भावना को बनाए रखे। लोकभवन के आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने नारी शक्ति को देश की नींव बताते हुए कहा कि उनके विकास के लिए अधिकाधिक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और विश्वविद्यालय में अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में करने का आह्वान किया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊबागडे ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस ध्येय वाक्य का मूल धर्म ही पूरे विश्व का आधार है। उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जीना है तो ईमानदारी, नैतिकता के साथ चरित्र और राष्ट्रप्रेम हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं की नशीले पदार्थों की ओर बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से नशीले पदार्थों को भारत भेजा जाता है। इस नशे से भारत के युवा तेजी से बुजुर्ग होते जा रहे हैं और पाकिस्तान यही चाहता है।

# न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बनाये रखना हमारा दायित्व : सीजेआई सूर्यकांत

एजेंसी



जयपुर। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका और उससे जुड़ी संस्थाओं में जनता का गहरा विश्वास है और इस विश्वास को बनाए रखना सभी का दायित्व है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज (राजस्थान चैप्टर) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पूर्व न्यायाधीशों की तुलना बावड़ी से करते हुए उन्हें ज्ञान का भंडार बताया, जो कठिन परिस्थितियों में व्यवस्था का मार्गदर्शन कर सकते हैं। सीजेआई ने कहा जिस प्रकार राजस्थान में बावड़ियां बरसात के मौसम में पानी संचित कर सूखे समय में उपयोगी होती हैं, उसी प्रकार सेवानिवृत्त न्यायाधीश हमारे लिए एक बहुमूल्य संसाधन हैं। लोक अदालतों, मध्यस्थता और सलाहकार भूमिकाओं में उनका अनुभव अत्यंत उपयोगी है। सीजेआई ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सहित सभी न्यायिक संस्थाओं को अधिक सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संबोधन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोग न्यायाधीशों के शब्दों को अत्यंत सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं, जो न्यायपालिका पर जनता के गहरे विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस विश्वास को बनाए रखना न्यायपालिका की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक शेर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा जिसको तूफानों से उलझने की हो आदत, ऐसी कश्ती को समंदर भी दुआ देता है।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे जनता का विश्वास न केवल बना रहे बल्कि और मजबूत हो। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है और यह कानून तथा संविधान की रक्षक है। शर्मा ने कहा कि न्यायपालिका ने ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है।

# बंगाल चुनाव से जुड़ा है हर भारतीय का हित : हिमंत

एजेंसी

कोलकाता। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हर भारतीय का हित जुड़ा हुआ है क्योंकि बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तन ला रहे हैं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी फैल रहे हैं। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी असम की 126 सीट में से 100 से अधिक सीट जीतेगी और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव में जिन 152 सीट पर मतदान हुआ है, उनमें से 110 सीट जीतेगी। उन्होंने कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा का 200 से अधिक सीट जीतना आश्चर्यजनक नहीं होगा। पहले चरण में लगभग 93 प्रतिशत मतदान से पता चलता है कि अब भय का माहौल नहीं है, जिसने पहले लोगों को भाजपा का खुलकर समर्थन करने से रोका था। शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि यह पूरे देश, विशेष रूप से इसके पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए सभ्यतागत महत्व का एक मुकाबला है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं को बाहरी करार दिए जाने संबंधी बयान का जवाब देते हुए कहा इस चुनाव में हर भारतीय का हित जुड़ा है।

# पेटीएम पर आरबीआई की कोई असर नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्वाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। कंपनी ने स्पष्ट किया जैसा कि एक मार्च, 2024 को पहले ही बताया जा चुका है, कंपनी का पीपीबीएल के साथ कोई जोखिम या महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता नहीं है। कंपनी द्वारा दी जाने वाली कोई भी सेवा पीपीबीएल के साथ साझेदारी में नहीं है। इसके अलावा, पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से संचालित होता है। पेटीएम ने यह भी कहा कि कंपनी पर इसका कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है, क्योंकि वह 31 मार्च, 2024 को ही पीपीबीएल में अपने निवेश को बट्टे खाते में डाल चुकी है।

कंपनी ने आगे स्पष्ट किया कि उसकी कोई भी सेवा पीपीबीएल से जुड़ी नहीं है और उसकी सहायक कंपनियों सहित सभी पेशकश सामान्य रूप से काम कर रही हैं। पेटीएम ने कहा पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। इनमें पेटीएम ऐप, पेटीएम यूपीआई, पेटीएम गोल्ड और सहायक व सहयोगी कंपनियों की अन्य सेवाएं जैसे पेटीएम क्यूआर, पेटीएम साउंडबॉक्स, पेटीएम कार्ड मशीन, पेटीएम पेमेंट गेटवे और पेटीएम मनी आदि शामिल हैं।

# एच-1बी वीजा पर तीन साल की रोक संबंधी विधेयक पेश

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के एक समूह ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एच- ।बी वीजा कार्यक्रम को तीन साल के लिए स्थगित करने संबंधी विधेयक पेश किया है। रिपब्लिकन सांसदों का तर्क है कि इस कार्यक्रम का दुरुपयोग करके अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे हैं।

एरिजोना से सांसद एली क्रेन ने एंड एच- ।बी वीजा एब्यूज एक्ट ऑफ 2026 पेश किया, जिसे सात अन्य रिपब्लिकन सांसदों ने भी समर्थन दिया है। विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में सुधारों का प्रस्ताव है, जिसमें वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 करना, न्यूनतम वेतन 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित करना और एच- ।बी वीजा धारकों को आश्रितों को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं देना शामिल है। कांग्रेस सदस्य ब्रायन बैबिन, ब्रैंडन गिल, वेस्ली हंट, कीथ सेल्फ (सभी टेक्सास से), एंडी ओगल्स (टेनेसी से), पॉल गोसर (एरिजोना से) और टॉम मैक्लिंटॉक (कैलिफोर्निया से) ने विधेयक के मूल सह-प्रायोजक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर एच- ।बी वीजा कार्यक्रम का उपयोग करती हैं।

# आप के बागी सांसदों पर कार्रवाई की चेतावनी

एजेंसी



नयी दिल्ली/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कहा कि वह पार्टी छोड़ने वाले अपने सांसदों को राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। वहीं, पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने पलटवार करते हुए आप पर भ्रष्टाचार और विचारधारा से भटकने का आरोप लगाया। इन सात सांसदों ने कहा कि उन्होंने डर की वजह से नहीं, बल्कि पार्टी के नेतृत्व से बढ़ती निराशा, दूरी और नाराजगी के कारण पार्टी छोड़ी है।

आप के सूत्रों के अनुसार, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्यसभा सदस्यों के मुद्दे पर पार्टी विधायकों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए शनिवार को समय मांगा है। आप के सात में से छह राज्यसभा सदस्य पंजाब से हैं। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन करते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग करेगी। उन्होंने कहा दलबदल विरोधी कानून के अनुसार राज्यसभा और लोकसभा में किसी तरह का अलग गुट मान्य नहीं होता, चाहे उसमें दो-तिहाई सदस्य ही क्यों न हों। उन्होंने यह भी कहा कि इन सात सांसदों का भाजपा में जाना पूरी तरहै असंवैधानिक और गैरकानूनी है। आप से अलग होने वाले समूह का नेतृत्व कर रहे राघव चड्ढा ने कहा कि सांसद डर की वजह से नहीं, बल्कि पार्टी नेतृत्व से बढ़तौ निराशा, दूरी और नाराजगौ के कारण जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत से पार्टी बनाने वालौ हर सच्चा देशभक्तै या तो पहले ही जा चुका है या जाने की तैयारी में है। चड्ढा ने कहा कि अब ईमानदार और मेहनती लोगों के लिए आप में काम करने के लिए कोई जगह नहीं बची है और पार्टी गलत दिशा में जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सांसद इसलिए पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि पार्टी भ्रष्ट व समझौता करने वाले लोगों के हाथ में चली गई है। वहीं, मान ने पार्टी छोड़ने वालों पर तंज कसते हुए एक पोस्ट की।

उन्होंने लिखा कि अदरक, लहसुन, जीरा, मेथी, लाल मिर्च, काली मिर्च और धनिया मिलकर स्वादिष्ट खाना बनाते हैं, लेकिन अलग-अलग होने पर कोई भी चीज अकेले पूरा व्यंजन नहीं बना सकती। शुक्रवार को आप को झटका देते हुए राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी ने पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने मूल सिद्धांतों और मूल्यों से भटक गई है।

# जारी रहेगा मादक पदार्थ पर प्रहार : सिन्हा

एजेंसी



जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को मादक पदार्थों के बढ़ते खतरे को लेकर कड़ी चेतावनी दी और इसे सीमा पार के नार्को-टेरर नेटवर्क से जोड़ा, जिसका उद्देश्य समाज को अस्थिर करना और युवाओं को निशाना बनाना है। सांबा में 100 दिवसीय नशा मुक्त अभियान में भाग लेते हुए उन्होंने कहा, "मादक पदार्थों के इस गंभीर संकट को पड़ोसी देश द्वारा आतंकवाद को वित्त पोषित करने और सामाजिक विघटन पैदा करने के लिए सुनियोजित रूप से बढ़ावा दिया गया।

उन्होंने इस संकट को आतंकवाद और सामाजिक विघटन को बढ़ावा देने का जानबूझकर किया गया प्रयास बताते हुए कानूनों को सख्ती से लागू करने और इस खतरे को खत्म करने के लिए एक सतत जन-प्रेरित अभियान चलाने का आग्रह किया। सांबा में भारी जनसमूह एकत्रित हुआ, क्योंकि समाज के सभी क्षेत्रों से जुड़े लोग नशा मुक्त अभियान का समर्थन करने के लिए एक साथ आए और समाज से नशे की बुराई को खत्म करने का संकल्प लिया। उपराज्यपाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, मैंने बार बार यही कहा है कि यह 100 दिवसीय अभियान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और यह इस बात का प्रमाण होगा कि जब लोग एकजुट होकर आगे आते हैं, तो वे इतिहास बदल सकते हैं।

सिन्हा ने 11 अप्रैल को नशा मुक्त अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में जम्मू के मध्य में स्थित एमए स्टेडियम से परेड ग्राउंड तक पदयात्रा का नेतृत्व किया। पिछले पखवाड़े में उन्होंने इस अभियान के तहत विभिन्न जिलों में रैलियों का नेतृत्व किया। पिछले दो हफ्तों में जम्मू कश्मीर में चलाए गए एक बड़े अभियान में अधिकारियों ने कई सरगनाओं सहित मादक पदार्थों के कई तस्करों को गिरफ्तार किया और कुख्यात तस्करों से जुड़ी आधा दर्जन से अधिक आवासीय संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया।

## पेज एक का शेष

### सरकार ने नीति

अभय करंदीकर और एम श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य बनने पर बधाई देता हूं। मैं सभी के सफल और प्रभावी कार्यकाल की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग भारत की नीतिगत संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन सुगमता को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। लाहिड़ी चार दशक से अधिक के अनुभव वाले वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। वह वर्तमान में पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हैं और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार तथा 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं। वह राज्य में जारी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी नहीं हैं। केवी राजू प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी हैं। अभय करंदीकर वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के निदेशक रह चुके हैं। गोबर्धन दास भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के निदेशक हैं। इससे पहले वह नयी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में मॉलिक्यूलर मेडिसिन के विशेष केंद्र में प्रोफेसर और अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। एम श्रीनिवास देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक हैं और शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा अनुसंधान क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखते हैं।

### देश के 17

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और उत्तराखंड शामिल हैं। इस दौरान तेज आंधी का कहर देखने को मिल सकता है। लोगों को बेहद सतर्क रहने की सलाह दी गई है। दिल्ली में कल यानी 26 अप्रैल को दिन में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है लेकिन शाम में बादल छाने की संभावना है। दोपहर के समय लू वाली हवा की रफ्तार 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। दिल्ली में 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। बिहार के सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर दरभंगा, पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, कटिहार, अररिया, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गया में बारिश की चेतावनी है। वहीं इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। आकाशीय बिजली से नुकसान की आशंका है। पटना में कल अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### टीएमसी के

फिर से भारत की पहचान का प्रतीक बनाना है और भाजपा की डबल इंजन सरकार लाना है। मतदान दिवस के नजारे बता रहे थे कि जब 4 मई को परिणाम आएंगे तो केसरिया झंडा बंगाल में हर ओर लहराता दिखाई देगा। सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्ष पहले चैतन्य महाप्रभु ने हरे कृष्णा, हरे रामा, की मधुर धुन के माध्यम से दुनिया को आकर्षित कर भारत के सनातन ध्वज को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का जो कार्य किया था, आज वही कार्य इस्कॉन के संन्यासी कर रहे हैं। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत, गौरव, त्याग, बलिदान, साहस और स्वाभिमान की माटी है। यह भारत के अध्यात्म, देशभक्ति, कला व साहित्य की धरा है। भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को दिशा देने में इस भूमि ने महत्वपूर्ण नेतृत्व किया। यह वही बंगाल है, जिसे कभी देश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता था। आज वही बंगाल टीएमसी के राज में पहचान के लिए मोहताज है। यहां उद्योग-धंधे बंद हो रहे हैं, किसानों को उपज का उचित दाम, नौजवानों को रोजगार और सरकारी कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिल पा रहा। कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक और गुंडागर्दी चरम पर है। टेरर, माफियाराज व करप्शन की प्रतीक बनी टीएमसी सरकार में भाजपा कार्यकर्ता संजय भौमिक की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई और तृणमूल के गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। पीएम मोदी विकास के लिए जो पैसे भेजते हैं, टीएमसी के गुंडे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। अब कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि आपके हक पर घुसपैठियों से डकैती डलवाने वाली टीएमसी सरकार से मुक्ति का समय आ गया है, क्योंकि जो काम भारत और बंगाल के हित में है, टीएमसी उसका विरोध करती है। संसद में प्रधानमंत्री जी सीएए (सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट) का प्रस्ताव लेकर आए तो टीएमसी ने विरोध किया। यह एक्ट गारंटी देता है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से किसी हिंदू, बौद्ध, जैन व सिख को प्रताड़ित कर भारत भेजा गया है और वह पांच साल से अधिक समय से यहां रह रहा है तो उसे भारत की नागरिकता मिलेगी। इसी एक्ट के कारण बंगाल के अंदर काफी संख्या में नागरिकता दी गई, लेकिन ममता दीदी को यह बुरा लगता है। उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा होगा तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी।

### राजनीति का

पर भारत छोड़ो आंदोलन में बहुगुणा जी की सक्रिय सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी डाला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा जी का अपना विजन था। उसे आज भी प्रभावी रूप से धरातल पर उतरते हम सभी महसूस कर सकते हैं। बहुगुणा जी ने केंद्र सरकार में भी अनेक मंत्रालयों में सेवाएं दीं। लंबे राजनीतिक व सार्वजनिक जीवन में देश के प्रति उनकी सेवा उल्लेखनीय रही हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान मौजूद रहे।

### अमेरिकी

इस्लामाबाद पहुंचे थे। यहां उनका स्वागत पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने किया। पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की बातचीत हुई थी। 21 घंटे तक यह वार्ता चलने के बावजूद नाकाम हो गई थी। दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल और न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

### 16 करोड़ की

चिह्नित संदिग्ध म्यूल खातों के विश्लेषण और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के "समन्वय" पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दर्ज किया गया। जांच के दौरान बवाना शाखा में कंपनी से जुड़े एक बैंक खाते पर उस समय संदेह हुआ जब पता चला कि यह कई राज्यों में साइबर धोखाधड़ी की 336 शिकायतों से जुड़ा हुआ है।

### समस्याओं का

को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ लिया जाए तथा तय समयसीमा में समाधान उपलब्ध कराया जाए। जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सुशासन का वास्तविक स्वरूप तभी दिखाई देता है, जब नागरिकों को समय पर न्याय, राहत और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। सरकार यदि जनता के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील रहती है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिक सेवाओं को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम सरकार और समाज के बीच सीधे संवाद का सशक्त माध्यम है। इससे लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है, वहीं सरकार को जमीनी स्तर की समस्याओं को समझने और नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और संतुष्टि ही किसी भी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। इस अवसर पर उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन एंड रेडियो एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर राज्य की नई फिल्म नीति के लिए उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नई नीति लागू होने के बाद उत्तराखंड फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। इससे स्थानीय कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं तथा स्वरोजगार से जुड़े लोगों को नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक वादियां, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक सुविधाएं राज्य को फिल्म शूटिंग के लिए विशेष बनाती हैं। सरकार फिल्म उद्योग को प्रोत्साहन देकर पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जन जागरण अभियान समिति के तत्वावधान में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने राज्य सरकार की 15 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक पोस्टर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। छात्राओं ने योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को मिल रहे लाभों को रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करती हैं।

### साइबर सुरक्षा

ही सत्यापन प्रक्रिया को बार-बार न दोहराना पड़े। वित्त मंत्री ने अत्यधिक विस्तृत नियम पुस्तिकाओं के बजाय सिद्धांत-आधारित नियम बनाने के लिए सार्वजनिक परामर्श आधारित नजरिये की वकालत की। उन्होंने कहा कि अपंजीकृत फिनइन्फ्लुएंसर्स (वित्तीय मामलों में आम लोगों को प्रभावित करने वाले व्यक्ति) के खिलाफ सेबी की हालिया कार्रवाई को बिना लाइसेंस वाली वित्तीय सलाह पर नकेल कसने की नियामक की गंभीरता के रूप में देखा जाना चाहिए। तकनीक में प्रगति के साथ सोशल मीडिया पर फर्जी निवेश वीडियो और ऐप की बाढ़ आ गई है, जिनमें से कई डीपफेक एआई का उपयोग कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि निवेशक सुरक्षा को एक रक्षात्मक कार्य से विकासात्मक कार्य में बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम बांड को धन जुटाने के लिए एक अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए गंभीर प्रयास करने पर भी जोर दिया।

### मऊ में

शनिवार को किराए के एसयूवी से गोरखपुर घर लौट रहे थे। वाहन को बिहार गया जनपद के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मटीहानि निवासी चालक 28 वर्षीय पुरुषोत्तम कुमार पुत्र रामप्यारे यादव चला रहा था, जबकि दूसरा चालक 20 वर्षीय नितीश पुत्र नन्दलाल पीछे बैठा था। परिवार के साथ उनका पालतू कुत्ता भी मौजूद था। शनिवार रात करीब 2:30 बजे जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास पहुंचा, चालक को झपकी आ गई।




# राजस्थान ने हैदराबाद को दिया 229 रन का लक्ष्य

## आईपीएल- वैभव ने 37 बॉल पर 103 रन बनाये, जुरेल की फिफ्टी

एजेंसी



जयपुर । राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 36वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 229 रन का टारगेट दिया। शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में हैदराबाद ने पहले फील्डिंग चुनी, लेकिन राजस्थान के बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही दबदबा बना लिया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 228 रन बनाए। इस पारी के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने 37 गेंदों पर 103 रन की तेज पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 36 गेंदों में शतक पूरा किया। 12 छक्के और 5 चौके जड़े। वहीं ध्रुव जुरेल ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए। आखिरी ओवरों में फरेरा ने 16 बॉल पर 33 रन की पारी खेली।

हैदराबाद की तरफ से ईशान मलिंगा ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। पैट कमिंस, नीतीश रेड्डी, साकिब हुसैन और प्रफुल्ल हिंगे को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर में 10 रन आए और एक विकेट गिरा, जिससे राजस्थान की पारी 228/6 पर खत्म हुई। 19.1 ओवर में शिमरोन हेटमायर ने शानदार चौका लगाकर शुरूआत की, लेकिन 19.3 ओवर में बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में वह डीप मिडविकेट पर कैच आउट हो गए। इसके बाद जोफ्रा आर्चर ने दो रन लेकर स्कोर आगे बढ़ाया, जबकि एक लेग बाय भी मिला। आखिरी गेंद पर रवींद्र जडेजा बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद सही टाइम नहीं कर सके। हालांकि कैच की अपील के बाद थर्ड अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया। इस तरह राजस्थान ने 20 ओवर में 228 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। 18.4 ओवर में राजस्थान को एक और झटका लगा। ईशान मलिंगा की लो फुलटॉस पर डोनोवन फरेरा बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद सही टाइम नहीं कर सके। गेंद सीधे लॉन्ग-ऑन पर खड़े हेनरिक क्लासन के हाथों में चली गई, जिन्होंने आसान कैच लपक लिया। फरेरा 16 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर में राजस्थान ने 18 रन बटोर लिए और स्कोर 213/4 तक पहुंच गया। साकिब हुसैन के इस ओवर में डोनोवन फरेरा ने स्लॉट में मिली गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेजा।

इसके बाद 17.3 ओवर में उन्होंने चौका जड़ा और 17.4 ओवर में एक और छक्का लगाकर गेंदबाज पर दबाव बढ़ा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर शिमरोन हेटमायर ने सिंगल लेकर स्ट्राइक रोटेट की। 16.1 ओवर में पैट कमिंस ने शानदार यॉर्कर डालते हुए रियान पराग को बोल्ड कर दिया। इनस्विंग होती तेज गेंद पर पराग चूक गए और गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई। पराग 9 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। 16वें ओवर में 7 रन आए और गेंदबाज ने अच्छी वापसी की।

हिंगे के इस ओवर में शुरूआत में रियान पराग बड़े शॉट नहीं लगा सके और दबाव में नजर आए। 15.4 ओवर में डोनोवन फरेरा ने जरूर आक्रामक शॉट खेलते हुए डीप मिडविकेट के ऊपर जोरदार छक्का जड़ दिया। 14वें ओवर में 22 रन आए और एक विकेट भी गिरा। साकिब हुसैन के इस ओवर में पहले वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन आखिर में उनका विकेट गिर गया। 13.2 ओवर में सूर्यवंशी ने स्लोअर गेंद पर छक्का जड़ा, फिर अगली गेंद पर चौका लगाकर दबाव बढ़ाया। 13.4 ओवर में उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर एक और छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। हालांकि 13.5 ओवर में उन्होंने स्कूप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद पैड पर लगी और छइह आउट हो गए। 12.4 ओवर में राजस्थान को दूसरा झटका लगा। नीतीश रेड्डी की गेंद पर ध्रुव जुरेल बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट हो गए। रेड्डी की गेंद पर जुरेल ने शॉट खेला, लेकिन गेंद सही तरह टाइम नहीं हुई और अनिकेत वर्मा ने कैच लपक लिया। जुरेल 35 गेंदों में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने स्लॉट में मिली गेंद को सिक्स दिया।

इससे पहले 11.4 ओवर में जुरेल ने रिवर्स शॉट खेलते हुए शानदार चौका जड़ा। इसी के साथ जुरेल और सूर्यवंशी के बीच शतकीय साझेदारी भी की। 10.4 ओवर में ध्रुव जुरेल ने 101 मीटर लंबा छक्का जड़ दिया। ईशान मलिंगा की लेंथ गेंद पर जुरेल ने क्रीज में शफल करते हुए शानदार कनेक्शन बनाया और गेंद डीप स्क्वेयर लेग स्टैंड के पार पहुंच गई। 9वें ओवर में टीम ने 9 रन जोड़े और स्कोर 104/1 तक पहुंच गया। साकिब हुसैन के इस ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने आखिरी गेंद पर शानदार छक्का जड़कर ओवर का अंत किया। 8.6 ओवर में सूर्यवंशी ने सीधा शॉट खेलते हुए गेंद को साइटस्क्रीन के पास से बाउंड्री के पार भेज दिया। इससे पहले साकिब ने अच्छी यॉर्कर डालकर रन रोकने की कोशिश की, लेकिन बल्लेबाजों ने सिंगल्स लेकर स्ट्राइक घुमाई। 9 ओवर के बाद स्कोर 104/1 है। सूर्यवंशी 25 गेंदों में 70 रन बनाकर शानदार लय में हैं, जबकि जुरेल 23 रन पर उनका साथ दे रहे हैं। 8वें ओवर में पैट कमिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 3 रन दिए और रन गति पर थोड़ा ब्रेक लगाया। 7.2 ओवर में उन्होंने ध्रुव जुरेल को तेज लेंथ गेंद पर पूरी तरह छकाया, गेंद बल्ले के बाहरी किनारे को चकमा देकर निकल गई। ओवर की आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी भी बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में चूक गए।

# राहुल का शतक बेकार पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर दिल्ली कैपिटल्स को हराया





नयी दिल्ली। लोकेश राहुल की नाबाद 152 रन की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बड़े स्कोर वाले टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कैपिटल्स ने दो विकेट पर 264 रन बनाए, लेकिन टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंदों में नाबाद 71 रन की पारी से 18.5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर आईपीएल में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का नया रिकॉर्ड कायम कर अपना अजेय अभियान जारी रखा।

मौजूदा सत्र में यह टीम की सात मैचों में छठी जीत है। कैपिटल्स की सात मैचों में यह चौथी हार है। प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। प्लेयर ऑफ द मैच प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में तीन चौके और सात छक्के जड़े। राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और नौ छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के नाम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस जोड़ी ने गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में दूसरे विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की थी। राहुल का यह स्कोर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे बड़ा, जबकि ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 226 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। राहुल को 12 रन के स्कोर पर अर्शदीप की गेंद पर शशांक सिंह ने कैच छोड़कर जीवनदान दिया और इस बल्लेबाज ने उसका पूरा फायदा उठाते हुए मैदान के हर कोने में बाउंड्री लगाई। पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप सिंह और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक विकेट लिए, लेकिन टीम के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए। बार्टलेट ने चार ओवर में 69 रन दिए, जबकि विजयकुमार वैशाख ने तीन ओवर में 48 रन दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर छक्का जड़कर तेवर दिखाए, वहीं प्रभसिमरन ने ओवर का अंत छक्के से किया।

इस जोड़ी ने मुकेश कुमार के दूसरे ओवर से 21 और अक्षर पटेल के तीसरे ओवर से 20 रन बटोरे। तीसरे ओवर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के सिर और कंधे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। प्रभसिमरन ने चौथे ओवर में तीन छक्के लगाए, जबकि आर्य ने भी इस ओवर में एक छक्का लगाकर कुल 27 रन बटोरे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने मुकेश कुमार के खिलाफ चौके के साथ 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ओवर में छह चौके जड़े और पंजाब का स्कोर पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 116 रन तक पहुंचा दिया। यह मौजूदा सत्र में पंजाब किंग्स का सर्वश्रेष्ठ और आईपीएल इतिहास का दूसरा सर्वश्रेष्ठ पावरप्ले स्कोर है। अक्षर ने सातवें ओवर में आर्य को आउट कर कैपिटल्स को पहली सफलता दिलाई, जबकि कुलदीप यादव ने प्रभसिमरन को पगबाधा कर पांच गेंदों के भीतर दूसरी सफलता दिलाई। अक्षर की गेंद पर कूपर कोनोली का कैच पकड़ने के बाद मुकेश का पैर बाउंड्री से टकरा गया, जिससे यह छह रन में बदल गया, लेकिन कुलदीप ने अगले ओवर में उन्हें बोल्ड कर जीवनदान का फायदा नहीं उठाने दिया। अय्यर ने कुलदीप के खिलाफ स्कायर लेग के ऊपर से छक्का जड़ा।

## संक्षेप

### गोल्फ : भुल्लर शीर्ष पांच में बरकरार

सिंगापुर। भारत के गगनजीत भुल्लर ने तीसरे दौर में मुश्किल परिस्थितियों में एक ओवर 72 का स्कोर बनाया, लेकिन इसके बावजूद वह शनिवार को यहां सिंगापुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में बने रहे। इस 20 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया के जियोंगवू हाम शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने तीसरे दिन 68 का स्कोर बनाने के बाद तीनों दिन बढ़त बनाए रखी है। भुल्लर का कुल स्कोर अब दो अंडर 207 है और वह थाईलैंड के जैज़ जनेवट्टानानोंड (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ी पुखराज सिंह गिल (71-70-72) के स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं।

### रोमांचक मुकाबले में गवाद से हारे अभय

नयी दिल्ली। भारत के अभय सिंह ज्यूरिख में चल रही पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता ग्रासहॉपर कप स्क्वाश के पुरुष क्वार्टर फाइनल में मिस्र के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी करीम गवाद से हार गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले गेम में 0-6 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उसे टाई-ब्रेक तक पहुंचाया। उन्होंने दूसरे गेम में भी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी को कड़ी चुनौती दी। लेकिन मिस्र के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने आखिर में 12-10 11-9 से मुकाबला जीत लिया। अभय ने इससे पहले टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबू एलेनेन पर जीत दर्ज कर पहली बार किसी पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

### दीक्षा संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर खिसकीं

केप टाउन। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर दूसरे दौर के आखिर में अंत में दो अहम शॉट गंवाने से इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने एक अंडर 72 का कार्ड खेला जिससे 36 होल के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर है। दीक्षा पहले दिन 68 के कार्ड से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर थीं। इसके बाद वह पांच स्थान नीचे खिसक गईं।

# वंशिका व चिराग ने 10 मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण जीता

एजेंसी



काहिरा। वंशिका चौधरी और चिराग शर्मा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा जीत ली जिससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गई। अभी एक दिन के मुकाबले और बाकी हैं, लेकिन भारत पांच स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। वंशिका और चिराग की जोड़ी ने 484.3 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट

**भारत तालिका में शीर्ष पर कायम**

के तौर पर प्रतिनिधित्व कर रहे अलीकसांद्रा पियात्रोवा और मिकिता दौबाश (467.6) को पीछे छोड़ दिया। मोहिनी सिंह और हिमांशु राणा की दूसरी भारतीय जोड़ी ने 407.4 का स्कोर किया और चार टीमों के फाइनल में कांस्य पदक जीता। वंशिका और चिराग ने शनिवार सुबह 582 का स्कोर किया था और 14 टीमों के क्वालीफायर में शीर्ष पर रहे थे, जबकि मोहिनी और हिमांशु 568 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। वंशिका के लिए यह टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत मुकाबले का खिताब जीता था। चिराग के लिए भी यह दूसरा पदक था, जिन्होंने इससे पहले जूनियर पुरुषों की एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता था। इसी दिन ट्रैप पुरुषों और महिलाओं के मुकाबले भी खत्म हुए जिसमें जुहैर खान फाइनल में सातवें जबकि भव्य त्रिपाठी फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं।

### कोठारी मुश्किल मुकाबले में जीते आडवाणी ने शानदार शुरुआत

कारलो (आयरलैंड)। मौजूदा चैंपियन सौरव कोठारी को आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में ह्वांग चुलहो को हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस भारतीय दिग्गज ने दक्षिण कोरिया के चुलहो को 305-238 से हराया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन कोठारी ने 111 अंकों का एक अहम ब्रेक लगाकर कोरियाई खिलाड़ी को मात दी। 41 वर्षीय कोठारी अगले मैच में फ्रांस के अखिलेश मोहन से भिड़ेंगे। पहले दिन ज्यादातर अन्य भारतीय खिलाड़ियों को किसी भी तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पंकज आडवाणी की माइकल कूक पर 1003-54 की एकतरफा जीत दिन का मुख्य आकर्षण रही। बेंगलुरु के 40 वर्षीय आडवाणी ने लगातार कई बड़े ब्रेक लगाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह पस्त कर दिया। अपना पहला विश्व खिताब जीतने की तलाश में जुटे ध्रुव सितवाला ने ग्रुप सी के एक मैच में ऑस्ट्रिया के कार्ल-वाल्टर स्टेनर पर 645-115 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अनुभवी खिलाड़ी आलोक कुमार ने आयरलैंड के ओंगस मैकएनाली पर 502-202 की एकतरफा जीत दर्ज की।

# भारत की खेल महत्वाकांक्षाएं कागज पर नहीं : मांडविया

एजेंसी



श्रीनगर। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि देश को एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने का 10 साल का रोडमैप उसे जमीन पर काम करके ही पूरा किया जाना चाहिए। मांडविया ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामले और खेल मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता की। पंद्रह से ज्यादा राज्यों के खेल मंत्रियों के साथ-साथ आदिल सुमारिवाला, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग जैसी जानी-मानी खेल हस्तियों ने भी इस चिंतन शिविर में हिस्सा लिया और संबंधित पक्षों के साथ अपने विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा, एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने का हमारा 10 साल का रोडमैप सिर्फ कागजों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हर खेल के मैदान, हर जिले और हर युवा के सपने में साकार होना चाहिए।

मांडविया ने राज्यों से नीतियों को अपनाने से आगे बढ़कर उन्हें सक्रिय रूप से लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि असली प्रगति जिलों, ट्रेनिंग प्रणालियों और जमीनी स्तर के खेल तंत्र में दिखने वाले परिणामों के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा, खेलो भारत मिशन महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं की ऊर्जा और राष्ट्र की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### एचपीसीए ने धर्मशाला में तैयारियों का जायजा लिया

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ ने शनिवार को धर्मशाला में इंडियन प्रीमियर लीग मैचों से पहले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एक बैठक बुलाई जिसका मुख्य फोकस लॉजिस्टिक्स संबंधित योजना और अलग-अलग एजेंसियों के बीच तालमेल पर था।

### कोहली की मानसिकता दूसरों से अलग करती है : दहिया

बेंगलुरु। गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच विजय दहिया ने विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान की लगन और हमेशा अपने खेल में सुधार करने की ललक उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज कोहली ने 44 गेंद पर 81 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने गुजरात को पांच विकेट से हराया। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दहिया ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैच के बाद वह कह रहे थे कि वह इसे शतक में बदल सकते थे। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा जब आप स्थिति को अपने नियंत्रण में कर लेते हैं तो फिर आप गेंदबाजों को अपनी इच्छानुसार गेंदबाजी करने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

# हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर जुटे लखनऊ सुपर जायंट्स के सितारे

खेल संवाददाता



लखनऊ। मेट्रो और आईपीएल टीम 'लखनऊ सुपर जायंट्स' (एलएसजी) की साझीदारी के चार साल पूरे होने पर शनिवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक खास कार्यक्रम (मीट एंड ग्रीट) आयोजित किया गया। इस मौके पर एलएसजी के रणनीतिक सलाहकार और पूर्व कीवी कप्तान केन विलियम्सन,

**क्रिकेटरों से उपहार पाकर खिल उठे सेल्फी प्रतियोगिता के विजताओं के चेहरे**

बल्लेबाज मुकुल चौधरी, ऑल-राउंडर अर्जुन तेंदुलकर और बाएं हाथ के स्पिनर एम. सिद्धार्थ मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने एलएसजी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेट्रो में चलने वाले यात्रियों के लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से 'सेल्फी कॉन्टेस्ट' आयोजित की गई थी जिसके विजेताओं को आज अपने पसंदीदा खिलाड़ियों से मिलने का सुनहरा मौका मिला। विजेताओं ने खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाई और उन्हें एलएसजी टीम द्वारा आधिकारिक टी-शर्ट भी भेंट की गई।

इस अवसर पर अभिनव सिन्हा क्रिकेट एकेडमी के 15 उभरते क्रिकेटरों के लिए एक विशेष प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया। युवा खिलाड़ियों ने केन विलियम्सन और मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर और एम. सिद्धार्थ से खेल की तकनीक, मानसिक मजबूती और अनुशासन को लेकर कई सवाल पूछे। खिलाड़ियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए इन नन्हे क्रिकेटरों को भविष्य के लिए 'सफलता के मंत्र' दिए, जिससे युवाओं का उत्साह दोगुना हो गया। मेट्रो भ्रमण के दौरान खिलाड़ियों ने स्टेशनों की दीवारों पर बनी स्थानीय संस्कृति को दशार्ती कलाकृतियों की जमकर तारीफ की। टीम ने लखनऊ मेट्रो की स्वच्छता को भी सराहा।

यह लखनऊ मेट्रो और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच साझीदारी का लगातार चौथा वर्ष है। यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ मेट्रो इस बार भी मैचों के दौरान रात 12:30 बजे तक सेवाएं दे रहा है। इसके अलावा इकाना स्टेडियम तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बस के जरिए 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

# केकेआर- एलएसजी के बीच मुकाबला आज

एजेंसी

लखनऊ । कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ज्षभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगी। आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे।

यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली। रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है।

केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। ज्षभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है। लखनऊकी मुश्किल पिच पर 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद पंत क्रीज पर उतरे लेकिन उन्होंने गैर जिम्मेदाराना अंदाज में अपना विकेट इनाम में दिया। एलएसजी का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन इस साल भी जारी रहा।

पिछले सत्र में उसे यहां खेले गए आठ मैचों में से छह में हार मिली, जिसमें लगातार पांच हार शामिल हैं। इस साल उसने यहां तीन मैच गंवाए हैं। एलएसजी ने इस मैदान पर खेले गए कुल 24 मैचों में से केवल नौ में जीत हासिल की है। उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है और शीर्ष क्रम के बार-बार लड़खड़ाने से मध्य क्रम की कमजोरियां उजागर हो गई हैं।






# सत्ता में आये तो सीएए लागू करेंगे : शाह

## बंगाल चुनाव के पहले चरण में 110 सीट जीत रही भाजपा

एजेंसी



कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही अपनी जीत सुनिश्चित कर ली है, और पार्टी 23 अप्रैल को हुए मतदान में 110 सीटें जीतेगी। शाह ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को, विशेष रूप से मतुआ समुदाय के लिए, शीघ्रता से लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा, पहले चरण का मतदान हो चुका है। पहले ही चरण में भाजपा 110 सीटें जीतेगी और (ममता) दीदी सत्ता से बेदखल हो जाएंगी। भाजपा वहां सरकार बनाएगी। बंगाल की 294-विधानसभा सीटों में से 152 सीटों पर 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ और 92 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। शाह ने सीएए के विरोध को लेकर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा और उनकी सरकार पर मतुआ समुदाय के सदस्यों को नागरिकता के अधिकार से वंचित करने और उन्हें भयभीत रखने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, दीदी सीएए कानून को लागू नहीं होने दे रही हैं। आप कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) की सरकार बनाइए, और पांच मई के बाद भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि मतुआ समुदाय के हर भाई-बहन को नागरिकता मिले। बांग्लादेश से संबंध रखने वाले राजनीतिक रूप से प्रभावशाली शरणार्थी समुदाय का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि मतुआ लोगों को भाजपा सरकार के तहत अब अनिश्चितता में नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा, मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं है। शाह ने आरजी कर अस्पताल मामला, संदेशखलि और कोलकाता के एक विधि कॉलेज में कथित अपराधों जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासनकाल में सबसे ज्यादा नुकसान महिलाओं को ही उठाना पड़ा है। चाहे आरजी कर मामला हो, संदेशखलि या दक्षिण कोलकाता विधि कॉलेज का मामला हो, हर घटना ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में ममता दीदी की सरकार की पूर्ण विफलता को उजागर किया है। केंद्रीय मंत्री ने बनर्जी के उन कथित बयानों पर आपत्ति जताई जिनमें उन्होंने महिलाओं को शाम सात बजे के बाद घर से बाहर न निकलने की सलाह दी थी। शाह ने कहा कि ऐसे बयान सरकार की विफलता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए, लेकिन पांच मई के बाद, जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो अगर कोई लड़की रात एक बजे भी बाहर निकलने का फैसला करती है, तो कोई उसे आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं करेगा।

# अफगानिस्तान का युद्ध में अमेरिका का साथ देने वाले एवं अब कतर में फंसे अफगानों से घर लौटने का आह्वान



काबुल। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जिन अफगानों ने अमेरिका के युद्ध प्रयासों में उसकी मदद की और अब अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में कतर में फंसे गये हैं, वे सुरक्षित रूप से अफगानिस्तान लौट सकते हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बाल्खी ने शनिवार को यह बयान दिया। इस बयान से पहले खबर आयी थी कि अमेरिका का ट्रंप प्रशासन उन 1,100 अफगानों को कांगो भेजने पर विचार कर रहा है जिन्होंने अफगानिस्तान में युद्ध के दौरान अमेरिका की सहायता की थी। ट्रंप प्रशासन अमेरिकी सैन्य कर्मियों के रिश्तेदारों को भी कांगो भेजने पर गौर कर रहा है।

अफगान पुनर्वास प्रयासों में सहयोग करने वाले संगठन अफगान एवैक ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने उसे अमेरिका और कांगो के बीच उन अफगान शरणार्थियों को लेने के बारे में हुई चर्चाओं के बारे में जानकारी दी, जो पिछले एक साल से दोहा में अमेरिकी अड्डे कैंप अस-सैलिया में अनिश्चित स्थिति में हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह शरणार्थियों को किसी तीसरे देश में स्वैच्छिक रूप से बसाने के विकल्पों को चुनने पर विचार रहा है, लेकिन उसने यह पुष्टि नहीं की कि किन देशों पर चर्चा की जा रही है। अफगान एवैक ने बताया कि शरणार्थियों को दिए गए विकल्पों में से एक अफगानिस्तान वापस लौटना है लेकिन वहां उन्हें तालिबान के हाथों प्रतिशोध तथा यहां तक कि मौत का भी डर है। उन पर (शरणार्थियों पर) दो दशक के युद्ध के दौरान अमेरिका का साथ देने का आरोप है। तालिबान 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद सत्ता हथियाने के बाद से देश चला रहे हैं। बाल्खी ने अपने बयान में लिखा, अफगानिस्तान का विदेश मंत्रालय दोहराता है कि अफगानिस्तान सभी अफगानों की साझा मातृभूमि है।

## संक्षेप

### अमेरिका ने चीन की तेल रिफाइनरी और 40 नौवहन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाये

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नीत प्रशासन ने चीन की एक प्रमुख तेल रिफाइनरी और ईरानी तेल के परिवहन में शामिल लगभग 40 नौवहन कंपनियों और टैंकरों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं। अमेरिका ने इस महीने फारस की खाड़ी के होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकेबंदी प्रभावी की है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। ये प्रतिबंध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी चिनफिंग के चीन में होने वाली मुलाकात से ठीक कुछ सप्ताह पहले लगाए गए हैं। शुक्रवार को लगाए गए प्रतिबंधों में हेंगली पेट्रोकेमिकल की डालियान बंदरगाह शहर में स्थित कंपनी भी शामिल है, जिसकी प्रतिदिन लगभग 400,000 बैरल कच्चे तेल को संसाधित करने की क्षमता है। अमेरिका वित्त मंत्रालय का कहना है कि हेंगली को 2023 से ईरान से कच्चे तेल की खेप मिल रही है और इससे ईरानी सेना को करोड़ों डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने शुक्रवार को कहा कि उनकी एजेंसी ईरान द्वारा अपने तेल को वैश्विक बाजारों में पहुंचाने के लिए उपयोग किए जाने वाले जहाजों, बिचौलियों और खरीदारों के नेटवर्क को नियंत्रित करना जारी रखेगी।

# मान ने भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्यों के संबंध में राष्ट्रपति मुर्मु से मिलने के लिए समय मांगा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए पंजाब के राज्यसभा सदस्यों के मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी विधायकों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने के लिए शनिवार को समय मांगा है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान भगवंत मान पंजाब से चुने गए उन राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने के मुद्दे पर अपनी पार्टी का पक्ष रखेंगे, जिन्होंने आप से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। यह घटनाक्रम पंजाब से छह सांसदों समेत सात राज्यसभा सदस्यों द्वारा भाजपा में शामिल होने का ऐलान किए जाने के एक दिन बाद सामने आया। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने शुक्रवार को एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पांच अन्य सांसदों के साथ पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। इनमें अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, स्वाति मालीवाल और विक्रमजीत साहनी शामिल हैं।

# ममता गरीबों की नहीं, अमीरों की कर रहीं मदद

एजेंसी



श्रीरामपुर (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी स्वयं को देशभक्त कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं। दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई

**❍ मोदी पूरे देश में यही कर रहे: राहुल**

लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं। गांधी ने दावा किया कि देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है। उन्होंने कहा, एक तरफ कांग्रेस की एकता और भाईचारे की विचारधारा है, तथा दूसरी ओर भाजपा और आरएसएस की नफरत एवं हिंसा है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवा कर) को गलत तरीके से लागू करके देश के छोटे उद्योगों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। गांधी ने दावा किया, पश्चिम बंगाल कभी देश का औद्योगिक केंद्र हुआ करता था, लेकिन पहले वाम मोर्चे और फिर तृणमूल कांग्रेस ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।

# प्रख्यात दार्शनिक और नारायण गुरुकुल के प्रमुख का निधन

तिरुवनंतपुरम। प्रख्यात दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु और नारायण गुरुकुल के प्रमुख मुनि नारायण प्रसाद का शनिवार तड़के निधन हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

वरकला स्थित दार्शनिक और शैक्षणिक संस्था नारायण गुरुकुल से जुड़े सूत्रों के अनुसार, प्रसाद ने यहां वेंजारामूडु के एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 87 साल के थे। नारायण गुरुकुल समाज सुधारक संत नारायण गुरु की शिक्षाओं से प्रेरित है। प्रसाद इंजीनियरिंग में स्नातक थे। उन्हें 2024 में पद्म श्री और साहित्य एवं दर्शन में उनके योगदान के लिए केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नारायण गुरुकुल से जुड़ने से पहले राज्य सरकार के एक विभाग में सेवाएं दीं।

नारायण गुरुकुल की स्थापना 1923 में श्री नारायण गुरु के शिष्य नटराज गुरु ने की थी। गुरुकुल के तत्कालीन प्रमुख और प्रसिद्ध दार्शनिक नित्य चैतन्य यति के निधन के बाद प्रसाद इसके प्रमुख बने थे।

# केजरीवाल के साथ कोई काम नहीं कर सकता : स्वाति

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी से बगावत कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुईं स्वाति मालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनकी पूर्व पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है और इसके नेता अरविंद केजरीवाल अब पहले जैसे नहीं हैं।

दिल्ली में सत्ता गंवाने के महज एक साल बाद आप को शुक्रवार को उस समय सबसे बड़ा झटका लगा, जब राघव चड्ढा और मालीवाल समेत सात राज्यसभा सदस्यों ने एक साथ पार्टी छोड़ दी। बागियों में पार्टी संगठन के अहम चेहरे संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी भी शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद मालीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक और मजबूत नेतृत्व की

**❍ आप अब पहले जैसी पार्टी नहीं रही**

तारीफ की। मालीवाल ने पीटीआई वीडियो से कहा, मैंने घर छोड़ा, सात साल झुग्गियों में रही, नौकरी छोड़ी और हर आंदोलन में साथ दिया। लेकिन जब केजरीवाल के घर उनके सहयोगी ने मुझ पर हमला किया और मैंने प्राथमिकी दर्ज कराने की कोशिश की, तो मुझे ही दबाया गया। उन्होंने दावा किया कि जब वह शिकायत आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही थीं तो उन्हें धमकाया और दबाया गया।

मालीवाल ने कहा, दो साल तक मुझ पर मामला वापस लेने का दबाव डाला गया, लेकिन मैं नहीं झुकी। इसी वजह से पार्टी ने संसद में मुझे एक मिनट भी बोलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह बदल चुकी है और अब झूठ, भ्रष्टाचार तथा गुंडागर्दी के लिए पहचानी जाती है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, असली विश्वासघात पार्टी छोड़ना नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों को छोड़ना है। लोग डर से नहीं, केजरीवाल की वजह से पार्टी छोड़ रहे हैं।

# बांग्लादेश में हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट

ढाका। बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को संसद परिसर समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों पर संभावित आतंकवादी हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारी ने अलर्ट को अत्यावश्यक और गोपनीय बताया। बांग्ला दैनिक प्रथम आलो की खबर के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पत्र में संसद परिसर, इबादत स्थलों, मनोरंजन स्थलों और सैन्य एवं पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर संभावित समन्वित हमलों की चेतावनी दी गई है।

# भारत ने नेपाल के साथ ऊर्जा सहयोग पर की बात

एजेंसी


काठमांडू। नेपाल में भारत के राजदूत और यहां की नयी बालेंद्र शाह सरकार के ऊर्जा मंत्री ने आपसी हितों के मुद्दों और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, हिमालयी देश में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री बिराज भक्त श्रेष्ठ ने शुक्रवार को यहां मुलाकात की। श्रेष्ठ ने मार्च में हुए आम चुनाव में बालेंद्र शाह बालेन के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को मिली जीत के बाद ऊर्जा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था।

मंत्री श्रेष्ठ और राजदूत श्रीवास्तव ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें ऊर्जा और जल संसाधनों में सहयोग पर विशेष रूप से बातचीत की गई। सूत्रों ने बताया, बातचीत के दौरान नेपाल और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी और सतत विकास और क्षेत्रीय संपर्क को आगे बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों पक्षों ने भारत-नेपाल के लोगों की साझा समृद्धि और पारस्परिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को प्रगाढ़ करने और अधिक तालमेल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वह निरंतर संवाद व सहयोग के माध्यम से इस साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं।

मार्च में होने वाले आम चुनावों से कुछ सप्ताह पहले, नेपाल ने भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और संयुक्त रूप से तीन सीमा पार पारेषण लाइन का उद्घाटन किया। श्रेष्ठ ने शुक्रवार को ही नेपाल में चीन के राजदूत झांग माओमिंग से भी मुलाकात की और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई विषयों पर चर्चा की।

## इंटरटेनमेंट...

# सलमान की फिल्म 'ईद' 2027 में होगी रिलीज




मुंबई। सलमान खान ने शुक्रवार को अपनी आने वाली फिल्म 'एसवीसी63' के मुहूर्त की कुछ झलकियां शेयर कीं। साथ ही बताया कि फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी। इस फिल्म का डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। सलमान ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह और नयनतारा दिख रहे हैं। वीडियो में एक क्लैपबोर्ड दिखाया गया है, जिस पर मुहूर्त लिखा है। सलमान ने कैप्शन में लिखा कि थोड़ा दूर की सोच रखनी चाहिए, इसलिए ईद 2027 की घोषणा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी फिल्म की जानकारी भी सही समय पर दी जाएगी और फैंस से धैर्य रखने को कहा। इस फिल्म से सलमान पहली बार डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसवीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। नयनतारा भी ब्लैक आउटफिट और ब्लैक सनग्लासेस में एलिगेंट लुक में दिखीं। सलमान ने वामशी पेडिपल्ली से गले मिले और दिल राजू से भी मुलाकात की। फिल्म के डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली बड़े स्केल पर फिल्में बनाने के साथ-साथ उनमें मजबूत इमोशनल कहानी पिरोने के लिए जाने जाते हैं। वामशी इससे पहले प्रभास (मुन्ना), जूनियर एनटीआर (बृंदावनम), महेश बाबू (महर्षि), राम चरण (येवडु) और विजय (वारिसु) जैसे सितारों के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, फिल्म को श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। वामशी पेडिपल्ली और दिल राजू की जोड़ी अब 5 फिल्मों मुन्ना, वृंदावनम, येवादु, महार्षि और वारिसु में साथ काम कर चुकी है और इनका ट्रैक रिकॉर्ड बॉक्स ऑफिस पर मजबूत रहा है।

**❍ एक्टर ने 'एसवीसी63' के मुहूर्त की झलक शेयर की, वीडियो में नयनतारा भी दिखीं**

# तमन्ना भाटिया पर कमेंट करने पर अन्नू कपूर की सफाई



मुंबई। एक्टर अन्नू कपूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के गाने 'आज की रात' पर किए गए अपने दूधिया बदन वाले कमेंट पर सफाई दी है। भारी ट्रोलिंग के बाद अब एक्टर का कहना है कि उनके कमेंट को गलत तरीके से लिया गया और उनका इरादा सिर्फ तारीफ करना था। सिद्धार्थ कनन को दिए एक इंटरव्यू में अन्नू कपूर ने कहा, लोगों ने मुझे गालियां दीं, खूसट बूढ़ा और सठिया गया जैसी बातें कहीं। मेरा कहना सिर्फ इतना है कि अगर मैं 'दूधिया बदन' कहता हूं तो बवाल मच जाता है, लेकिन अगर यही बात इंग्लिश में 'मिल्की बॉडी' कही जाए तो किसी को कोई परेशानी नहीं होती। उन्होंने आगे कहा कि तमन्ना उनकी बेटी की उम्र की

**❍ मैं 71 साल का, वह मेरी बच्ची जैसी है बॉडी पर दिया था आपत्तिजनक बयान**

हैं और उनके मन में उनके लिए कोई गलत भावना नहीं है। अन्नू कपूर ने तमन्ना के लुक्स की तारीफ करते हुए 'दूधिया बदन' शब्द का इस्तेमाल किया था। 'बुरा लगा तो पैर छूने के लिए तैयार हूं' अपनी सफाई के दौरान अन्नू ने यह भी कहा कि अगर तमन्ना भाटिया खुद उनसे इस बारे में पूछेंगी।

# मुंबई में फेंटी ब्यूटी के इवेंट में शामिल हुईं रिहाना

**मुंबई।** मुंबई के फीनिक्स पैलेडियम में शुक्रवार को इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना अपने कॉस्मेटिक ब्रांड फेंटी ब्यूटी के भारत में आधिकारिक लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट को 'फेंटी ब्यूटी की हवेली' नाम दिया गया था। कार्यक्रम में रिलायंस रिटेल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मौजूद थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, अदिति भाटिया और कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इवेंट में शामिल हुए। वहीं, इवेंट के दौरान रिहाना ने हिंदी में बात करने की कोशिश भी की। रिहाना स्टोर के अंदर से बाहर आती हैं और पैपराजी से पूछती हैं, जब उन्हें स्टोर के अंदर से किसी ने शुक्रिया शब्द बताया, तो वह फिर से मुस्कुराते हुए बाहर आईं और जोर से शुक्रिया कहा।

# रणवीर सिंह को कांतारा विवाद में कोर्ट से राहत




मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह 'कांतारा मिमिक्री विवाद' में कर्नाटक हाईकोर्ट से राहत की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। कोर्ट ने केस निपटाने के संकेत दिए हैं, लेकिन एक शर्त रखी है। हाईकोर्ट ने अभिनेता को 4 हफ्ते में चामुंडी हिल मंदिर जाकर माफी मांगने को कहा है। रणवीर सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिए याचिका दाखिल की थी।

मामला तब सामने आया था, जब उन्होंने गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के दौरान 'कांतारा' के एक सीन की मिमिक्री की थी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने 'चवुंडा दैवा' पर टिप्पणी की, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। एक वकील की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद रणवीर ने कोर्ट का रुख किया और माफी मांगी। सुनवाई में उनके वकील ने कहा कि रणवीर खेद जता चुके हैं और मंदिर जाकर सम्मान प्रकट करने को तैयार हैं। हालांकि, याचिकाकर्ता ने दलील दी कि अभिनेता की माफी स्पष्ट और ठोस नहीं है। उन्होंने कहा कि 'ड्यू कोर्स' जैसे शब्द अस्पष्ट हैं, इसलिए तय समयसीमा होनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि आदेश में लिखा जाएगा कि रणवीर को चार हफ्तों में मंदिर जाना होगा। सुनवाई में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा कि अभिनेता

**❍ चार हफ्तों में मंदिर जाकर माफी की शर्त हाईकोर्ट ने केस निपटाने के संकेत दिए**

के व्यवहार पर टिप्पणी की जाएगी, ताकि भविष्य में सेलिब्रिटी ऐसी घटनाओं को हल्के में न लें। कोर्ट ने संकेत दिया कि केस निपटाते समय चेतावनी दर्ज की जा सकती है। विवाद की शुरूआत तब हुई जब रणवीर सिंह ने 'कांतारा' में ऋषभ शेट्टी के किरदार की नकल करते हुए उसे 'घोस्ट' कहा था। इस पर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई, जिसके बाद मामला कानूनी रूप ले गया। अब सभी की नजरें कोर्ट के अंतिम फैसले पर हैं, जो आने वाले दिनों में विवाद को खत्म कर सकता है।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA - AI | IMBA - AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com